* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

26 अक्टूबर, 2023
आश्विन, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 07


प्रधानमंत्री मोदी को मिला रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करने का न्योता, 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में होगा अनुष्ठान














## एक दिन शेष : महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023

# टीमों का स्वागत, मैदान है तैयार, अधिकारी मुस्तैद

- विकास आयुक्त ने तैयारियों की समीक्षा की, आयोजन स्थल का लिया जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्राफी-2023 का आगाज 27 अक्टूबर से हो रहा है। झारखंड इस चैपियंशिप की मेजबानी कर रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेनेवाली विभिन्न देशों की टीमों का रांची आना शुरू हो गया है। प्रतियोगिता के लिए मोरहाबादी स्थित मरंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम तैयार है। सरकारी अधिकारी आयोजन की सफलता के लिए मुस्तैद हैं।

**विकास आयुक्त ने तैयरियों की समीक्षा की :** विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में हॉकी स्टेडियम स्थित कांफ्रेंस हॉल में बुधवार को तैयारियों की समीक्षा की गयी। विकास आयुक्त ने खिलाड़ियों के आगमन, उनके ठहरने की व्यवस्था, सुरक्षा, पार्किंग, ट्रैफिक, वेंडिंग जोन आदि को लेकर पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करते हुए उन्होंने आवश्यक और उचित दिशा-निर्देश दिये। बैठक के बाद अरुण सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। कोई कमी ना रहे, इसे लेकर समीक्षा करते हुए बचे हुए कार्य को ससमय पूरा करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि मोरहाबादी मैदान में वेंडिंग जोन भी बनाया जा रहा है, जहां वेंडर्स को नगर निगम द्वारा ट्रेनिंग भी जा रही है। उन्होंने कहा कि स्टेडियम में प्रवेश निःशुल्क है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आप मैच देखने आयें और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ायें।

**भारत का पहला मैच 27 को :** महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2023 का आयोजन 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक हो रहा है। इसमें भारत, जापान, कोरिया, मलेशिया, चीन और थाइलैंड की टीमें शामिल हो रही हैं। पहला मैच जापान और मलेशिया के बीच 27 अक्टूबर को शाम चार बजे से होगा। वहीं, भारत का पहला मैच इसी दिन थाइलैंड के साथ रात 8.30 बजे से होगा। टीमों का रांची आगमन शुरू हो चुका है। अलग-अलग समय में टीमें अभ्यास भी कर रही हैं।





वीमेंस एशिया हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी के आयोजन से झारखंड में खेल को और मजबूत होने का मौका मिलेगा। झारखंड के इतिहास में इस तरह का आयोजन पहली बार होने जा रहा है। इसे लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्साह है। झारखंड की धरती पर नामी-गिरामी खिलाड़ी पहुंचे हुए हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि जहां दूसरे खेलों को देखने के लिए हजारों लोग टिकट खरीदते हैं, वहीं इस चैंपियनशिप में प्रवेश बिल्कुल फ्री है। **- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री**

## हेमंत सरकार में खेल को मिल रही ताकत

रांची (आजाद सिपाही)। खनिजों से अधिक मूल्यवान खिलाड़ियों को माननेवाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयास से खेल और खिलाड़ियों का इस्तेकबाल उनका सुनहरा आज कर रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए कई प्रयास विगत साढ़े तीन वर्ष में हुए हैं, जिसका प्रतिफल है कि आज खेल के क्षेत्र से जुड़ा झारखंड का हर वर्ग अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए एशिया महाद्वीप में पहली बार महिला एशियन हॉकी चैंपियन ट्रॉफी की मेजबानी झारखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हो रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले सिमडेगा में नेशनल जूनियर हॉकी प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था, जहां पूरे भारत से आये खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

राज्य के हुनरमंद स्कूली बच्चों की प्रतिभा को तराशने के लिए स्कूल स्तर पर खेलो झारखंड का आयोजन किया गया। जमीनी स्तर पर खेल को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इसकी शुरुआत की, जिसके तहत राज्य के सभी स्कूलों के बच्चों ने भाग लेकर अपने हुनर को दिखाया। वहीं दूसरी ओर सहाय स्कीम की शुरुआत की गयी है, जिसका मकसद खेल के माध्यम से नक्सल क्षेत्र में रह रहे युवाओं के बीच सकारात्मकता का संचार कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़े रखने का प्रयास करना है। इस पहल के जरिये पहले वर्ष में कुल 75 हजार खिलाड़ियों ने भाग लेकर सरकार के प्रयास को सार्थक किया। राज्य के खिलाड़ियों की शारीरिक दक्षता को चुस्त-दुरुस्त बनाये रखने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर उनको दी जानेवाली भोजन की राशि में दोगुना से अधिक वृद्धि की गयी। पूर्व में प्रति खिलाड़ी 175 रुपये भोजन की राशि के तौर पर दी जाती थी, जिसे बढ़ा कर 350 रुपये तक कर दिया गया। साथ ही खिलाड़ियों के बेहतर आवासन हेतु खेल केंद्रों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, ताकि खिलाड़ियों को रहने में किसी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन में किसी तरह की बाधा न उत्पन्न हो। इसलिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धा में भाग लेनेवाले खिलाड़ियों को उच्च कोटि के खेल किट भी सरकार उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर ही राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय एवं ओलंपिक खेलों में राज्य का प्रतिनिधित्व करनेवाले एवं प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त करनेवाले खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों को दी जाने वाली सम्मान राशि में वृद्धि की गयी। राज्य के होनहार खिलाड़ियों के लिए सरकार ने नकद पुरस्कार नियमावली में संशोधन किया है। पहले जहां एक खिलाड़ी को सात हजार रुपये मिलते थे, अब उस खिलाड़ी को 50 हजार रुपये देने का प्रावधान खेल नीति-2022 के तहत किया गया। ओलंपिक में अगर खिलाड़ी स्वर्ण पदक जीतता है, तो पहले उन्हें दो करोड़ रुपये देने का प्रावधान था, पर वर्तमान सरकार ने खेल नीति के तहत उसे बढ़ा कर पांच करोड रुपये कर दिया है। हाल ही में मुख्यमंत्री द्वारा 19 खेलों के लिए 222 खिलाड़ियों एवं 52 प्रशिक्षकों के बीच करीब पांच करोड़ रुपये की सम्मान राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गयी। झारखंड का गौरव बढ़ानेवाले पूर्व खिलाड़ियों के लिए भी सरकार वर्तमान सरकार संवेदनशील रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूर्व खिलाड़ियों को 10 हजार रुपये प्रति माह बतौर पेंशन देने का प्रावधान किया किया गया है। इसके अतिरिक्त अगर किसी पेंशनभोगी पूर्व खिलाड़ी की मौत हो जाती है, तो उनके परिजनों को पांच हजार रुपये देने का प्रावधान किया गया है।

## हजारीबाग बार एसोसिएशन का चुनाव

# मारपीट के बाद रोकी गयी मतगणना

- काउंसिल ने मांगे मारपीट में शामिल वकीलों के नाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए मतदान के बाद मतगणना के दौरान वकीलों के बीच मारपीट हो गयी। इसके बाद काउंटिंग रोक दी गयी है। अब शनिवार को दुबारा काउंटिंग शुरू की जायेगी। फिलहाल इलेक्शन ऑब्जर्वर बालेश्वर सिंह की मौजूदगी में सभी मतपेटियों को सील कर सुरक्षित रख दिया गया है। वहीं, इलेक्शन ऑब्जर्वर ने पूरे मामले की जानकारी झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष को दी है। उनके मुताबिक जैसे ही अध्यक्ष के चुनाव के नतीजे का एलान किया गया, अधिवक्ताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। उसके बाद आपस में ही मारपीट कर ली, जिससे अन्य पदों के लिए हुए मतदान की गिनती नहीं हो पायी।

### मारपीट में कई वकीलों को चोट लगी

दरअसल, हजारीबाग बार एसोसिएशन के चुनाव के बाद वकीलों में जम कर मारपीट हुई है। वोटों की गिनती के दौरान जैसे ही बार काउंसिल के सदस्य और अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अधिवक्ता राजकुमार उर्फ राजू को 12 मतों से विजयी घोषित किया गया, कई अधिवक्ता उत्तेजित हो गये और आपस में मारपीट शुरू कर दी। मारपीट की घटना में कई वकीलों को चोट लगी है। 12 वोटों से मामूली अंतर से जीत दर्ज करनेवाले अधिवक्ता राजकुमार उर्फ राजू के निकटतम प्रतिद्वंद्वी जवाहर प्रसाद थे। घटना के बाद दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है, जिसकी जांच पुलिस कर रही है।

### कड़ी कार्रवाई कर सकता है काउंसिल

इस बीच झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य मनोज कुमार ने काउंसिल को पत्र लिखा है। उन्होंने स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष से इस घटना पर संज्ञान लेकर पूरी घटना की जांच और मारपीट में शामिल वकीलों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि चुनाव के दौरान जिला बार एसोसिएशन के वकीलों का आचरण बिगड़ता जा रहा है। इससे वकालत के पेशे को नुकसान हो रहा है। वकीलों के बीच मारपीट की घटना के बाद झारखंड स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा ने इलेक्शन ऑब्जर्वर से पूरी घटना की विस्तृत रिपोर्ट और सीसीटीवी में रिकॉर्ड वीडियो मांगी है। काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्णा ने मारपीट की घटना में शामिल वकीलों के नाम भी मांगे हैं। ऑब्जर्वर की रिपोर्ट आने के बाद मारपीट में शामिल वकीलों के खिलाफ काउंसिल कड़ी कार्रवाई कर सकता है।

## भाजपा प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी दी

# संकल्प यात्रा समापन कार्यक्रम में जेपी नड्डा होंगे मुख्य अतिथि

- 28 अक्टूबर को हरमू मैदान में होगा कार्यक्रम
- रांची, हटिया, कांके, मांडर, खिजरी और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र की होगी संयुक्त जनसभा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रांची के हरमू मैदान में आगामी 28 अक्टूबर को आयोजित संकल्प यात्रा समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। यह जानकारी प्रदेश महामंत्री और मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने दी। श्री वर्मा ने बताया कि नवरात्र और दुर्गा पूजा के कारण संकल्प यात्रा का अवकाश था। अब यात्रा का नौवां और अंतिम चरण 26 अक्टूबर से प्रारंभ होगा, जो 28 अक्टूबर को रांची में छह विधानसभा क्षेत्र की संयुक्त सभा के साथ संपन्न होगा। श्री वर्मा ने बताया कि 26 अक्टूबर को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बाघमारा विधानसभा क्षेत्र की जनसभा और 27अक्टूबर को इचागढ़ और सिल्ली विधानसभा क्षेत्र की जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर को दोपहर दो बजे रांची स्थित हरमू मैदान में यात्रा का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा बतौर मुख्य अतिथि सभा को संबोधित करेंगे। श्री वर्मा ने कहा कि समापन कार्यक्रम में छह विधानसभा क्षेत्र की संयुक्त सभा होगी। इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि झारखंड के कार्यकर्ताओं का सौभाग्य है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दोनों कार्यक्रमों में शामिल होकर मार्गदर्शन करेंगे। पार्टी के कार्यकर्ताओं में राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उत्साह और उमंग है।






## न्यूज रील्स

### पातालकोट एक्सप्रेस में लगी आग, दो झुलसे

आगरा। उत्तरप्रदेश के आगरा जिले के थाना मलपुरा के भाड़ई रेलवे स्टेशन के पास पंजाब के फिरोजपुर से मध्यप्रदेश के सिवनी जाने वाली पातालकोट एक्सप्रेस (14624) के दो डिब्बों में आग लग गयी। बुधवार दोपहर को हुई इस घटना के पीछे के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। इस आग की चपेट में दो यात्री आये हैं।

### कानपुर में 14 बच्चों को संक्रमित ब्लड चढ़ाया

कानपुर। थैलेसीमिया के 14 बच्चों को संक्रमित ब्लड चढ़ा दिया गया। इसके बाद बच्चे एचआइवी और हेपेटाइटिस बी-सी से पीड़ित हो गये। इसका खुलासा तब हुआ, जब चार दिन पहले कानपुर के हैलट अस्पताल में थैलेसीमिया से पीड़ित 180 बच्चों की स्क्रीनिंग की गयी। 12 बच्चे हेपेटाइटिस और दो बच्चे एचआइवी पॉजिटिव मिले। हैलेट अस्पताल के बाल रोग विभाग के अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार आर्या ने इस बारे में शासन को पत्र लिखा। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जांच के आदेश दिये हैं।

## दिवाली से पहले केंद्र सरकार का किसानों को तोहफा

# कैबिनेट ने दी खाद सब्सिडी को मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिवाली से पहले सरकार ने किसानों को तोहफा देने का एलान किया है। बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए खाद सब्सिडी को मंजूरी दे दी गयी। सरकार ने न्यूट्रिएंट बेस्ड फर्टिलाइजर सब्सिडी को मंजूरी दी है। इस बार के रबी सीजन के लिए यह मंजूरी दी गयी है। इससे सरकार के ऊपर 22000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आयेगा। मंत्रिमंडल ने फॉस्फेटयुक्त और पोटाशयुक्त (पीएंडके) उर्वरकों पर रबी मौसम, 2023-24 (01.10.2023 से 31.03.2024 तक) के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों को मंजूरी दे दी है। आगामी रबी सीजन 2023-24 में एनबीएस पर 22,303 करोड़ रुपये के खर्च की उम्मीद है।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने 1 अक्टूबर 2023 से 31 मार्च 2024 तक रबी सीजन के लिए सब्सिडी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नाइट्रोजन के लिए यह 47.2 रुपये प्रति किलोग्राम, फास्फोरस 20.82 रुपये प्रति किलोग्राम, पोटाश सब्सिडी 2.38 रुपये प्रति किलोग्राम होगी और सल्फर सब्सिडी 1.89 रुपये प्रति किलोग्राम होगी। उन्होंने कहा कि सब्सिडी जारी रहेगी, क्योंकि सरकार नहीं चाहती कि जब अंतरराष्ट्रीय कीमतें बढ़ें, तो इसका असर देश के हमारे किसानों पर पड़े। डीएपी पर सब्सिडी 4500 रुपये प्रति टन जारी रहेगी।

# एनसीइआरटी की किताबों में 'इंडिया' को 'भारत' करने की सिफारिश

- हिंदू योद्धाओं की जीत की कहानियां शामिल करने का सुझाव दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीइआरटी) की किताबों में जल्द ही 'इंडिया' की जगह 'भारत' लिखा नजर आ सकता है। दरअसल, एनसीइआरटी अपने सिलेबस में नयी शिक्षा नीति के तहत बदलाव कर रहा है। इसके लिए 19 सदस्यों की एक कमेटी बनायी गयी थी। इस कमेटी ने ही देश का नाम 'इंडिया' के बजाय 'भारत' लिखने का सुझाव दिया है। साथ ही सिलेबस से प्राचीन इतिहास को हटा कर क्लासिकल हिस्ट्री को और हिंदू योद्धाओं की जीत की कहानियों को शामिल करने की सिफारिश की है।

जानकारी के अनुसार कमेटी के अध्यक्ष सीआइ आइजैक ने 25 अक्टूबर को बताया कि भारत का जिक्र विष्णु पुराण जैसे ग्रंथों में है, जो सात हजार साल पुराने हैं। 'इंडिया' नाम आमतौर पर इस्ट इंडिया कंपनी और 1757 के प्लासी के युद्ध के बाद इस्तेमाल होना शुरू हुआ। ऐसे में देश के लिए 'भारत' नाम का ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

**सिलेबस में क्लासिकल हिस्ट्री शामिल करने के पीछे तर्क :** आइजैक ने एनसीइआरटी के सिलेबस में क्लासिकल हिस्ट्री शामिल करने के पीछे तर्क दिया कि अंग्रेजों ने भारतीय इतिहास को प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक में बांट दिया। प्राचीन इतिहास बताता है कि देश अंधेरे में था, उसमें वैज्ञानिक जागरूकता नहीं थी। हमारा सुझाव है कि बच्चों को मध्यकाल और आधुनिक इतिहास के साथ-साथ क्लासिकल हिस्ट्री भी पढ़ायी जानी चाहिए।

**विपक्षी गठबंधन के नाम के बाद से विवाद:** गौरतलब है कि विपक्षी दलों द्वारा अपने गठबंधन का नाम 'आइएनडीआइए' रखने के बाद से इस मामले पर विवाद चल रहा है। इसकी शुरुआत तब हुई थी, जब राष्ट्रपति भवन की तरफ से जी-20 के मेहमानों के लिए डिनर के इनविटेशन कार्ड पर 'इंडिया' की जगह 'भारत' लिखा था।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
189200 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 57,700 रु./10 ग्राम
चांदी 75,000 रु./प्रति किलो



# चुनावी राज्यों के सियासी मुकाबले में खूब हो रहा एआइ का इस्तेमाल

## ■ रील्स और फोटो-वीडियो के जरिये चुनावी जंग लड़ रही हैं राजनीतिक पार्टियां

## ■ लोकप्रिय नेताओं के प्रतिरूप तैयार कर वोटरों को रिझाने की हो रही कोशिश

## ■ दलों ने सोशल मीडिया पर प्रचार के लिए बना लिया है अत्याधुनिक वार रूम

**आजाद सिपाही विशेष**

बदलते जमाने के साथ—साथ लोकतंत्र के सबसे बड़े त्योहार, यानी चुनाव में प्रचार के तौर—तरीके भी बदल रहे हैं। अब चुनाव प्रचारों में नेताओं के साथ—साथ तकनीक की भूमिका बढ़ गयी है। पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में भी तकनीक के इस्तेमाल का असर दिखने लगा है। इन राज्यों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, यानी एआइ से एनिमेटेड वीडियो और मीम्स तक का उपयोग होने लगा है। इसलिए राजनीतिक दल इन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव को सिर्फ जमीन पर लड़ते नहीं दिख रहे हैं। साइबर संसार की आभासी दुनिया के अलावा मोबाइल, टीवी और कंप्यूटर पर भी इनके बीच डिजिटल युद्ध जैसा माहौल दिखने लगा है। सभी राजनीतिक दल चुनाव प्रचार के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी (एआइ), एनिमेटेड वीडियो, मीम्स और क्षेत्रीय लोकगीतों के इस्तेमाल की तैयारी कर रहे हैं, जिनकी शुरुआत अगले सप्ताह हो सकती है। राजनीतिक दल मतदाताओं पर असर डालने के लिए चुनावों में रैलियों के साथ-साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी काफी काम कर रहे हैं। पार्टियों के साथ नेताओं के अधिकृत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हर दिन वीडियो, मीम्स, ऐनिमेटेड वीडियो अपलोड हो रहे हैं। इन्हें वायरल कर अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया टीम 24 घंटे काम कर रही हैं। और तो और एआइ की मदद से नेताओं और लोकप्रिय चेहरों की प्रतिकृति बना कर लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। पांच राज्यों में बन रहे इस डिजिटल सियासी युद्ध की जीवंत तस्वीर पेश कर रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

पांच राज्यों में अगले महीने होनेवाले विधानसभा चुनाव का असर अब इन राज्यों के अलावा पूरे देश पर दिखने लगा है। सीटों के तालमेल, गठबंधन, रूठने-मनाने और दलबदल की सियासी औपचारिकताओं का दौर खत्म होने के बाद प्रत्याशियों की सूची भी जारी हो गयी है। इस तरह मुकाबले की तस्वीर अब लगभग स्पष्ट हो गयी है। इसके बाद अब प्रचार युद्ध के दौर का आगाज हो चुका है। नेताओं का दौरा होने लगा है, प्रत्याशी संसाधन जुटाने में लग गये हैं और चुनाव प्रचार की रणनीति तैयार की जाने लगी है। इस बार चुनाव प्रचार में पारंपरिक तरीके के अलावा जिस अनोखे तरीके का सहारा लिया जानेवाला है, वह है आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक, यानी एआइ। राजनीतिक दल इसके लिए विशेष तैयारियों में जुटे हैं। ये सभी एआइ तकनीक का भी इस्तेमाल करेंगे। इसके लिए राजनीतिक दल मतदाताओं की सोशल मीडिया प्रोफाइल और पोस्ट देख कर उनकी प्राथमिकताओं का पता लगा रहे हैं। इसके अनुसार उम्मीदवार और दल अपने संदेश, प्रचार सामग्री तैयार कर उन्हें भेज सकेंगे।

### बदला हुआ दिख सकता है प्रचार का परिदृश्य

जानकारों का कहना है कि एआइ तकनीक आने से इस बार प्रचार बदला हुआ दिख सकता है। अब तक चुनावी अभियान के लिए बड़ी संख्या में लेखक और रणनीतिकार रखे जाते रहे हैं, जो चुनाव प्रचार के लिए इ-मेल या पोस्ट के अलग-अलग स्वरूप बना कर मतदाताओं को भेजते थे। इसमें समय और पैसा अधिक लगता था। एआइ से यह काम बहुत तेजी से और सस्ते में हो सकता है। जेनरेटिव एआइ से हर मतदाता के लिए व्यक्तिगत संदेश बना कर भेजा जा सकता है। इससे उम्मीदवार या नेता जनता के साथ बेहतर तरीके से संपर्क कर सकेगा। राजनीतिक दल एक-दूसरे के नेताओं के कार्टून जैसे चरित्र बना कर एक-दूसरे की नीतियों पर हमला करने के लिए एनिमेटेड वीडियो का सहारा ले रहे हैं। आये दिन इस तरह के वीडियो देखने को मिल रहे हैं।

जानकारों का कहना है कि एआइ तकनीक सस्ती जरूर है, लेकिन इसके दुरुपयोग की आशंका भी खूब है। इस तकनीक की मदद से किसी भी नेता या उम्मीदवार की आवाज और तस्वीर की क्लोनिंग कर जनता के बीच गलत जानकारियां भी प्रसारित की जा सकती हैं। इसको रोकने की चुनौती चुनाव आयोग के सामने बनी हुई है। इसके अलावा मतदाताओं के दिमाग पर एनिमेटेड वीडियो और शॉर्ट रील्स गहरा प्रभाव डाल रही हैं। इस तरह के वीडियो और रील्स पार्टियों की ओर से जारी किये जाने लगे हैं। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में इडी की छापेमारी तो भाजपा ने राजस्थान में बढ़ते अपराधों को लेकर वीडियो जारी किये हैं। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की सरकारों ने अपने कामकाज और योजनाओं को लेकर कई वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किये हैं।



### राजनीतिक दलों के वॉर रूम तैयार

चुनाव प्रचार के इस नये तरीके के प्रभावी इस्तेमाल के लिए राजनीतिक दलों ने खूब तैयारी की है। हर दल ने राज्यों में वॉर रूम स्थापित किये हैं, जिन्हें अत्याधुनिक संचार सुविधाओं से लैस किया गया है। इनके संचालन के लिए अलग-अलग प्रभारी और विशेषज्ञ तैनात किये गये हैं।

### मध्यप्रदेश में काम कर रहा है वॉर रूम

मध्यप्रदेश की सत्ताधारी पार्टी भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए वॉर रूम बनाये हैं। पार्टी ने अपने भोपाल स्थित प्रदेश कार्यालय के पास में ही एक निजी भवन में सातवीं मंजिल पर वॉर रूम तैयार किया है, जो बीते कई हफ्तों से यहां काम कर रहा है। मध्यप्रदेश भाजपा चुनाव के प्रभारी भूपेंद्र यादव और सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में इस वॉर रूम में टीम काम कर रही है। इसके साथ ही भाजपा ने अपने कार्यालय में भी एक वॉर रूम बनाया है। बंसल वन में बने भाजपा के वॉर रूम में एक सौ से ज्यादा लोगों के बैठने की व्यवस्था है। यहां पर 40 कंप्यूटर सिस्टम लगाये गये हैं, जहां से भाजपा आइटी सेल अपनी उपलब्धियां के साथ ही कांग्रेस के आरोपों का जवाब दे रही है। यहीं से कांग्रेस पर डिजिटल वार और लोगों के घर तक डिजिटल सभाओं के माध्यम से पहुंच बनायी जा रही है। इन कामों में एआइ का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। भाजपा की तरह ही कांग्रेस का भी अपना चुनावी वॉर रूम है। कांग्रेस ने अपने सांसद नकुलनाथ के भोपाल स्थित शासकीय बंगले पर वॉर रूम तैयार किया है। कांग्रेस की एक टीम यहां से चुनाव में काम कर रही है। इसके साथ ही एक वॉर रूम पीसीसी चीफ कमलनाथ के बंगले पर भी सक्रिय है। यहां पर हर विधानसभा सीट की मैपिंग की जा रही है। वॉर रूम की मॉनिटरिंग खुद कमलनाथ कर रहे हैं।

### छत्तीसगढ़ में कई विशेषज्ञ तैनात

छत्तीसगढ़ की सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस ने हाइटेक तकनीक से चुनाव लड़ने की तैयारी की है। इसके लिए राजधानी रायपुर के शंकर नगर में अत्याधुनिक वॉर रूम तैयार किया गया है। इस वॉर रूम में अलग-अलग विशेषज्ञ चुनावी गतिविधियों पर पैनी नजर रख रहे हैं। यहीं से प्रदेश भर में संगठन पर बूथ स्तर तक फोकस रखने के साथ रणनीति भी बनायी जा रही है। कांग्रेस ने इस वॉर रूम में चुनाव को 360 डिग्री चलाने के लिए अलग-अलग यूनिट तैयार की है। इस चुनाव में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके वोटरों और पार्टी नेताओं के बीच निजी संपर्क बनाया जा रहा है। इस तकनीक से नेताओं को एक ही समय में व्यक्तिगत रूप से लाखों वोटरों से जोड़ा जा रहा है। कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रबंधन टीम सरकार के संदेश को पहुंचाने के साथ ही विपक्ष की कमियों को हर नागरिक के मोबाइल फोन तक पहुंचाने की रणनीति पर काम कर रही है। जानकारी के मुताबिक अब तक प्रदेश में 30 हजार से अधिक वॉट्सएप ग्रुप, पांच हजार ब्रॉडकास्ट के अलावा बड़ी संख्या में आधिकारिक और समर्थित फेसबुक पेज, ट्विटर हैंडल, यूट्यूब चैनल इत्यादि संचालित हो रहे हैं।

### राजस्थान में कांग्रेस का हाइटेक वॉर रूम

राजस्थान का सत्ताधारी दल कांग्रेस इस बार हाइटेक तरीके से चुनाव लड़ने में जुटा है। सितंबर के अंत में कांग्रेस के सेंट्रल वॉर रूम के चेयरमैन और को-चेयरमैन की नियुक्ति की गयी थी। इसमें सीएम अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा और राजस्थान कांग्रेस नेता जसवंत गुर्जर को-चेयरमैन बनाये गये हैं। कैप्टन अरविंद कुमार भी को-चेयरमैन नियुक्त हुए हैं, जबकि पूर्व आइएएस शशिकांत सेंथिल को सेंट्रल वॉर रूम का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। सेंथिल को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में भी यही जिम्मेदारी दी गयी थी। हाल ही में अभियान समिति की बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों में प्रचार-प्रसार के लिए रूपरेखा पर विचार किया गया था। इस दौरान फैसला लिया गया कि प्रदेश में राजस्थान की कांग्रेस सरकार की ओर से किये जा रहे लोक कल्याण के कामों के आधार पर प्रचार अभियान चलाया जायेगा। इसके साथ ही इआरसीपी जैसे अहम को जनता के बीच उजागर किया जायेगा।

### तेलंगाना में छिड़ गया है साइबर युद्ध

दक्षिणी राज्य तेलंगाना की सत्ताधारी बीआरएस भी साइबर प्लेटफॉर्म पर चुनाव अभियान में जुटी है। बीआरएस सोशल मीडिया पर अपने चुनावी अभियान के लिए आकर्षक तस्वीरें और वीडियो बनाने के लिए एआइ का उपयोग कर रही है। इन एआइ द्वारा तैयार दृश्यों में मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के कार्यकाल में हुए कामों को दिखाया जा रहा है। इसके अलावा बीआरएस समर्थकों ने भी सीएम चंद्रशेखर राव की एआइ-जेनरेटेड वीडियो साझा किये हैं, जिनमें हाल में रिलीज हुई फिल्मों के गाने भी हैं। बीआरएस के अलावा भाजपा और कांग्रेस आइटी सेल सोशल मीडिया पर वार-पलटवार कर रहे हैं। अपने प्रतिद्वंद्वियों को जवाब देने के लिए दोनों दल क्रिएटिव तस्वीरें साझा कर रहे हैं।

### 2022 में सोशल मीडिया ने निभायी थी अहम भूमिका

पिछले साल उत्तरप्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर के विधानसभा चुनावों में भी पार्टियों ने सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म फेसबुक, वॉट्सएप, ट्विटर और इंस्टाग्राम का जम कर इस्तेमाल किया था। इसका प्रमुख कारण यह था कि कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को लेकर चुनाव आयोग ने परंपरागत रैलियों और रोड शो पर प्रतिबंध लगा दिया था। कई दलों ने हर सीट के लिए अलग-अलग वॉट्सएप ग्रुप बनाये, जहां चुनाव अभियान और उससे संबंधित प्रचार सामग्री शेयर की गयी। इस बार इससे एक कदम आगे जाने की संभावना दिख रही है। मतदाताओं के पास सीधे नेताओं की आवाज और वीडियो पहुंचायी जायेगी।

## राजनीतिक हलचल

# हर महिला को 10 हजार सालाना ₹500 में सिलेंडर : प्रियंका गांधी

राजस्थान में झुंझुनूं के अरडावता में कांग्रेस की चुनावी रैली में प्रियंका गांधी और अशोक गहलोत ने दो बड़े चुनावी वादे किये। उन्होंने वादा किया कि अगर दोबारा कांग्रेस सरकार सत्ता में आयी, तो राजस्थान में हर परिवार की महिला मुखिया को हर साल 10 हजार रुपये जायेंगे। इसे दो या तीन किस्तों में दिया जायेगा। 500 रुपये में सिलेंडर 1 करोड़ 5 लाख परिवारों को दिया जायेगा। अभी 500 रुपये में सिलेंडर 76 लाख परिवारों को मिल रहा है। प्रियंका गांधी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इनके पास कोई विजन नहीं है। रोजगार पैदा नहीं कर रहे। पब्लिक सेक्टर कंपनी से रोजगार बनते थे, उन्हें इस सरकार ने अपने बड़े उद्योगपति दोस्तों को बेच दिया। यदि सभी उद्योगपतियों को देते तो दिक्कत नहीं होती, इससे रोजगार बढ़ते, लेकिन इस सरकार ने चुनिंदा लोगों को दिये। खेती-किसानी भी अपने मित्रों को सौंपनेवाले थे।




### महिला आरक्षण सबसे पहले कांग्रेस ने दिया

मोदी सरकार की बातें खोखली हैं। वे महिला आरक्षण की बात करते हैं। सबसे पहले पंचायतों में महिला आरक्षण कांग्रेस ने दिया। ये कानून लाये, लेकिन आरक्षण कब मिलेगा, इसका कुछ पता नहीं है।

### मोदी जी का लिफाफा खाली, इसलिए बात चुभ रही

मैंने देवनारायण मंदिर में मोदी जी के लिफाफा की बात की, तो उन्हें इसका बहुत बुरा लगा। यह बात सच होगी, इसलिए उन्हें यह बात चुभ रही है। महिला आरक्षण देने का समय नहीं बताया, यानी लिफाफा खाली है। ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित नहीं किया, यानी मोदी जी का लिफाफा खाली है।

# पहले अखिलेश यादव, फिर नीतीश कुमार ने कांग्रेस को डैमेज करने की चली चाल

आइएनडीआइए गठबंधन में शामिल दलों के बदले अंदाज से यह लगने लगा है कि यह केवल लोकसभा चुनाव को ध्यान में रख कर और तात्कालिक राजनीतिक लाभ के लिए बनाया गया है। जिस तरह से राज्यों के चुनावों में गठबंधन के घटक दल कांग्रेस के विरुद्ध उम्मीदवार दे रहे हैं, इससे तो यही मैसेज मिल रहा है। वैसे भी इंडिया गठबंधन में कई दलों के सुर अलग अंदाज में लग रहे थे। तब मुखर होकर तृणमूल कांग्रेस और आप पार्टी ने विरोध किया, अब इस लड़ाई में समाजवादी पार्टी और जदयू भी शामिल हो चुकी है।

### ममता बनर्जी पहले ही अपना विरोध जाहिर कर चुकी हैं

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी पहले ही अपना विरोध जाहिर कर चुकी हैं। वाम दलों और कांग्रेस के साथ गठबंधन को लेकर ममता बनर्जी काफी नाराज थीं। मुंबई में भारतीय नेताओं की तीसरी बैठक के बाद नाराजगी का आलम यह रहा कि टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी नेताओं की संयुक्त प्रेस वार्ता में शामिल भी नहीं हुईं।

### येचुरी ने किया टीएमसी के साथ गठबंधन से इंकार

उधर, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेता सीताराम येचुरी पश्चिम बंगाल में टीएमसी के साथ किसी भी गठबंधन से पहले ही इनकार कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि वाम और कांग्रेस के साथ धर्मनिरपेक्ष दल राज्य में बीजेपी के साथ-साथ टीएमसी से भी मुकाबला करेंगे। आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब की सियासत में कांग्रेस के साथ-साथ चलने को तैयार नहीं दिख रही है। उन्होंने इंडिया गठबंधन से हट कर अलग-अलग चुनाव लड़ने के संकेत दिये हैं। अब पांच राज्यों में हो रहे चुनाव के संदर्भ में स्वयं केजरीवाल ने कहा कि राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी पूरी ताकत के साथ उतरेगी। अभी तक आम आदमी पार्टी ने एमपी में 69 उम्मीदवार उतार दिये हैं। राजस्थान में भी जल्द ही उम्मीदवारों की घोषणा कर सकते हैं।

### अखिलेश नहीं करेंगे समझौता

मध्यप्रदेश विधान सभा के चुनाव में कांग्रेस ने सीटों की हिस्सेदारी को दरकिनार कर समाजवादी पार्टी से किसी भी तरह का समझौता करने से साफ मना कर दिया है। नतीजतन, नाराज समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने साफ कहा- कांग्रेस एक धोखेबाज पार्टी है। अब वह भी एमपी में अपनी पूरी ताकत से चुनाव लड़ेंगे और कांग्रेस को सबक सिखायेंगे।

### नीतीश कुमार ने भी फेर लिया मुंह

अब लगे हाथ जनता दल यू ने भी एमपी विधान सभाचुनाव में अपने उम्मीदवार उतार डाले। जेडीयू ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। जेडीयू ने जिन पांच उम्मीदवारों की घोषणा की है, उनमें पिछोर विधानसभा सीट से चंद्रपाल यादव, राजनगर से रामकुंवर (रानी) रैकवार, विजय राघवगढ़ सीट से शिव नारायण सोनी, थांदला विधानसभा सीट से तोल सिंह भूरिया और पेटलावाद से रामेश्वर सिंघार को उम्मीदवार बनाया है।

### आइएनडीआइए के एक उम्मीदवार का टूटा सपना

इंडी के उम्मीदवारों के सामने आइएनडीआइए गठबंधन की तरफ से केवल एक साझा उम्मीदवार देने का तो सपना पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में ही टूट गया। यहां तक कि विपक्षी एकता के जनक नीतीश कुमार की पार्टी का धैर्य भी टूट गया और मध्यप्रदेश में जहां बीजेपी और कांग्रेस के बीच आमने-सामने की टक्कर है, वहां जेडीयू ने अपने उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतार कहीं ना कहीं भाजपा की लड़ाई को आसान बनाने की शुरूआत कर दी है।

**रावण दहन कार्यक्रम : सीएम हेमंत ने असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की जीत का संदेश दिया**

# भीड़ और उत्साह यह दर्शाता है कि दशहरा के प्रति हम सभी में कितनी आस्था है: हेमंत

**पंजाबी-हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी के मोरहाबादी मैदान और श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति अरगोड़ा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सीएम हुए शामिल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को विजयादशमी के अवसर पर पंजाबी-हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी द्वारा मोरहाबादी मैदान और श्री दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति अरगोड़ा की ओर से मंडा मैदान, अरगोड़ा में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में पहले लंका दहन तथा कुंभकर्ण एवं मेघनाथ के पुतले फूंके गये। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रावण का पुतला फूंक कर असत्य पर सत्य और अन्याय पर न्याय की जीत का संदेश दिया।

## असत्य पर सत्य की जीत सदैव हासिल होती रहे

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मोरहाबादी मैदान में पंजाबी-हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का साक्षी बनने के लिए इतनी बड़ी संख्या में लोगों का समूह उपस्थित है। मैं सभी को दशहरे की बधाई और शुभकामना देता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर वर्ष रावण दहन कार्यक्रम में हम लोग यहां मिलते रहे हैं, इसी उम्मीद और आशा के साथ कि सदियों से चली आ रही असत्य पर सत्य की विजय की परंपरा आगे भी सदियों तक बनी रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे देश में रावण दहन कार्यक्रम को लेकर उत्साह और उमंग देखा जा रहा है। मैं माता रानी से कामना करता हूं कि दशहरा का त्योहार सभी के जीवन में सुख, शांति और खुशियां लेकर आये। इस अवसर पर शानदार आतिशबाजी की गयी।

वहीं लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। मौके पर कलाकार मंडली द्वारा रामदरबार दर्शन की प्रस्तुति की गयी। मौके पर मुख्यमंत्री ने भगवान राम, लक्ष्मण एवं सीता माता का रूप धारण किये कलाकारों का तिलक-चंदन लगा कर अभिनंदन किया।

इस अवसर पर सांसद रांची संजय सेठ, विधायक सीपी सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, पंजाबी- हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल, महासचिव राजेश मेहरा, प्रवक्ता-सह-मीडिया प्रभारी अरुण चावला, अध्यक्ष दशहरा कमेटी 2023 रंदीप आनंद, सचिव कुणाल अजमानी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**माता रानी के आशीर्वाद से पूरे राज्य में दशहरे का त्योहार पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा :** वहीं, अरगोड़ा मंडा मैदान में आयोजित रावण एवं लंका दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि माता रानी के आशीर्वाद से पूरे राज्य में दशहरे का त्योहार पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। आज हम सभी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अरगोड़ा स्थित मंडा मैदान में रावण दहन कार्यक्रम को लेकर एकत्रित हुए हैं। आज इस कार्यक्रम के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां उपस्थित हुए हैं। यहां सभी का उमंग और उत्साह देखते ही बन रहा है। मैं इस अवसर पर राज्यवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में लंका दहन और कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतले फूंके गये।

इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रावण का पुतला फूंका। इस अवसर पर राज्यमंत्री (दर्जा प्राप्त) विनोद पांडेय, सांसद रांची संजय सेठ, विधायक हटिया नवीन जयसवाल, पूर्व मेयर आशा लकड़ा, पूर्व डिप्टी मेयर अजयनाथ शाहदेव के अलावा दुर्गा पूजा एवं रावण दहन समिति अरगोड़ा के अध्यक्ष पंकज साहू, जय प्रसाद साहू, कंचन कुमार साहू, संजय साहू, पंचू साहू, चंदन साहू, गुड्डू साहू, रवि साहू, प्रकाश साहू, शिव प्रसाद साहू, शशि कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

**एचइसी शालीमार बाजार में रावण दहन कार्यक्रम**

# असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत है : डॉ रामेश्वर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एचइसी शालीमार बाजार में असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयादशमी के मौके पर रावण दहन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। रावण दहन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पद्मश्री मुकुंद नायक, सीआइएसएफ के डीआइजी केके सिंह, विजयादशमी रावण दहन समारोह समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे, संरक्षक लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, समाजसेवी रोहित उरांव, समिति के अध्यक्ष संजीत यादव, महासचिव अभिषेक साहू एवं कोषाध्यक्ष रवि शंकर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। बिहार के गया जिले के कारीगर मो मुस्लिम द्वारा 60 फीट लंबा वाटर प्रूफ रावण एवं मेघनाद का पुतला बनाया गया था। मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने बुराई का प्रतीक माने जानेवाले रावण का, सुबोधकांत सहाय ने कुंभकर्ण का पुतला दहन किया एवं पद्मश्री मुकुंद नायक एवं आलोक कुमार दुबे ने लंका दहन किया। इस अवसर पर डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि रावण दहन असत्य पर सत्य की जीत है, बुराई पर अच्छाई की जीत है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा समाज में इतने रावण बढ़ गये हैं कि इतने राम कहां से लायेंगे। पद्मश्री मुकुंद नायक ने कहा कि समाज में फैली बुराइयों का अंत करने का संकल्प लेने का आज दिन है। रावण दहन समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे ने कहा कि एचइसी के स्थापना काल से 1967 में यहां काम करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा रावण दहन का कार्यक्रम शुरू किया गया था, जिसे बाद के दिन में नयी पीढ़ी एवं सामाजिक और युवा कार्यकर्ता मिल कर इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। अध्यक्ष संजीत यादव एवं महासचिव अभिषेक साहू ने अतिथियों का स्वागत बुके एवं चुनरी भेंट कर किया जबकि दुर्गेश यादव ने संचालन किया।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW




## स्थापना दिवस की तैयारी में जुटी हेमंत सरकार, सौगातों की होगी बारिश

# अबुआ आवास, अपोलो अस्पताल, अबुआ वीर दिशोम अभियान का होगा शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर हेमंत सरकार एक बार फिर सौगातों की बारिश करनेवाली है। इसी दिन सरकार झारखंड के गरीब तबके के लोगों के लिए अबुआ आवास योजना शुरू करेगी। रांची स्मार्ट सिटी में अपोलो ग्रुप के मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की नींव रखी जायेगी। आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तीसरे चरण का शुभारंभ किया जायेगा। 15 नवंबर को झारखंड सरकार और अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के बीच एमओयू भी हो सकता है। एक रुपये की दर से एक किलो दाल वितरण की भी योजना इसी दिन शुरू हो सकती है। बता दें कि अगले साल होनेवाले लोकसभा चुनाव से पहले राज्य सरकार कई जनकल्याणकारी योजनाओं का श्रीगणेश करके जनता में अपनी पैठ बनाने की भरपूर कोशिश करेगी।



मिशन 2024 के तहत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने सहयोगी मंत्रियों और नौकरशाहों को विकास योजनाओं का निर्देश पहले ही दे चुके हैं। सरकार पूरे राज्य में स्थापना दिवस से विकास की गंगा बहाने का संकल्प ले चुकी है।

### अबुआ आवास योजना

इस योजना के तहत झारखंड सरकार राज्य के आठ लाख गरीब जरूरतमंदों को मुफ्त में पक्का आवास उपलब्ध करायेगी। 16320 करोड़ रुपये की लागत से तीन चरणों में आवास निर्माण किया जायेगा। पहले चरण में वित्तीय वर्ष 2023-24 में दो लाख, 2024-25 में तीन लाख 50 हजार और 2025-26 में दो लाख 50 हजार मकान बनाये जायेंगे। मकान तीन कमरों का होगा, जिसका कुल क्षेत्रफल 31 वर्गमीटर होगा। इस योजना की शुरुआत झारखंड स्थापना दिवस से होने की संभावना है।

### अपोलो अस्पताल

रांची के स्मार्ट सिटी एडीबी एरिया में चेन्नई के अपोलो ग्रुप का मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोला जायेगा। 2.75 एकड़ जमीन पर 250 बेड का अस्पताल बनाया जायेगा। पहले चरण में यहां ओपीडी की शुरूआत होगी। अस्पताल में इमरजेंसी सेवा, रेडियोलॉजी, पैथोलॉजी, ईनटी सेवा समेत कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अस्पताल की आधारशिला भी 15 नवंबर को जायेगी।

### आपकी सरकार आपके द्वार

15 नवंबर को आपकी सरकार आपके द्वार अभियान के तीसरे चरण की भी शुरूआत की जायेगी। इसके तहत पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन करके लोगों के बीच सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को रखा रखा जायेगा। इसमें कोशिश की जायेगी कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इन शिविरों में मौजूद रहें।

### अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय

अजीम प्रेमजी फाउंडेशन झारखंड में अपना विश्वविद्यालय खोलेगा। यूनिवर्सिटी में झारखंड के छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी। अजीम प्रेमजी विवि एक ही कैंपस में तकनीकी और मेडिकल सुविधाएं भी छात्रों को उपलब्ध करायेगा। इसकी आधारशिला राज्य के स्थापना दिवस के दिन ही रखी जा सकती है।

### एक रुपये किलो दाल

झारखंड सरकार ने खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े राज्य के 65 लाख लाभुकों को प्रति परिवार एक रुपये की दर से प्रतिमाह प्रति व्यक्ति एक किलो दाल उपलब्ध कराने की योजना बनायी है। बजट में इसके लिए 55 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह स्कीम भी 15 नवंबर से शुरू की जानी है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में अंडा

सरकार अपने वादे के मुताबिक राज्य के स्थापना दिवस के मौके पर आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए सप्ताह में पांच दिन अंडा स्कीम की घोषणा भी कर सकती है। संभावना है कि नवंबर या दिसंबर महीने से आंगनबाड़ी में पढ़नेवाले बच्चों को अंडा मिलने लगे।

# पुलिस ने अपराधी बिट्टू पांडे समेत तीन को सड़क पर पैदल घुमाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पंडरा ओपी क्षेत्र अंतर्गत एलएन मिश्रा कॉलोनी के पास बीते 28 सितंबर को वर्चस्व और दहशत फैलाने के उद्देश्य से मनीष कुमार को गोली मारी गयी थी। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए इस घटना के मुख्य आरोपी बिट्टू पांडे, अतुल चंद्र और विवेक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने एक देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, सात जिंदा गोली और मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस ने बुधवार को तीनों आरोपियों को मेन रोड में सड़क पर पैदल घुमाया। इससे पहले पुलिस 30 सितंबर को इस घटना में शामिल छह आरोपियों की गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इनमें आकाश कुमार सोनी, कुमार अनुराग, मनीष कुमार झा, विपिन कुमार सिंह, वरुण देव और आशीष आनंद शामिल थे।

**तीनों अपराधी पंडरा ओपी क्षेत्र के रहनेवाले :** पुलिस ने गिरफ्तार अपराधी बिट्टू पांडे, अतुल चंद्र और विवेक को बुधवार को मेन रोड में पैदल घुमाया। आरोप है कि बिट्टू पांडे उर्फ सुजीत उपाध्याय ने अपना वर्चस्व और क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए मनीष नाम के युवक को गोली मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इसके बाद से वह फरार चल रहा था। गिरफ्तार हुए तीनों अपराधी पंडरा ओपी क्षेत्र के रहनेवाले हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिश्रम से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा। शत्रुओं का शमन। समस्याओं का समाधान।

**वृष** सामयिक कार्यों में सफलता। नौकरी में उल्लास। काम पूरे होंगे। सुख-सुविधाएं बढ़ेंगी।

**मिथुन** भौतिक संपन्नता। रुके हुए काम पूरे होंगे। आर्थिक स्थिति सुदृढ़। निर्माण कार्य में प्रगति।

**कर्क** धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग लेंगे। नये लोगों से संपर्क। शुभ समाचार मिलेगा।

**सिंह** जमीन-जायदाद संबंधी कार्यों में सफलता। विपरीत स्थितियों में सुधार। शत्रुओं पर विजय मिलेगी।

**कन्या** धनागम के अवसर बढ़ेंगे। अवसरों का फायदा उठावें। मांगलिक कार्य होगा।

**तुला** परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा। आर्थिक परेशानी। तनाव-विवाद से कष्ट।

**वृश्चिक** नवीन व्यापारिक योजना सफल। आर्थिक लाभ होगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु** विद्यार्थियों को अध्ययन का सुपरिणाम मिलेगा। निराशा दूर होगी। बिगड़े काम बनेंगे।

**मकर** धन एवं सुख की प्राप्ति होगी। अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे। वाहन सुख। यात्रा सुखद।

**कुंभ** शारीरिक कष्ट। वाहन दुर्घटना भय। खर्च अधिक होगा। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वंद्विता।

**मीन** आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा। मानसिक चिंता बढ़ेगी। शत्रुओं पर विजय।

# भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य समेत चार बड़े नक्सलियों से एनआइए कर रही पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाकपा माओवादी संगठन को पुनर्जीवित करने के मामले में एनआइए चार बड़े नक्सलियों से पूछताछ कर रही है। इनमें भाकपा माओवादी के पोलित ब्यूरो सदस्य प्रमोद मिश्रा, अनिल यादव, प्रमोद यादव और रोहित राय शामिल हैं। एनआइए जांच से संकेत मिले हैं कि कई फ्रंटल संगठनों और छात्र विंगों को भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से कैडरों को प्रेरित करने, भर्ती करने और माओवादी की विचारधारा का प्रचार करने का काम सौंपा गया था। वे इस एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए आतंक और हिंसा की साजिश रच रहे थे। जांच से यह भी पता चला है कि प्रमोद मिश्रा भाकपा माओवादी संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयासों में माओवादी के कैडरों और समर्थकों, ओवर ग्राउंड वर्कर्स का नेतृत्व कर रहा था।

**झारखंड-बिहार बॉर्डर पर माओवादियों को कर रहा था मजबूत:** प्रमोद मिश्रा मूल रूप से बिहार के औरंगाबाद जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के कासमा गांव का रहनेवाला है। उसका लंबे समय तक सारंडा कार्यक्षेत्र रहा। गिरफ्तारी से पहले वह झारखंड-बिहार सीमा पर छकरबंधा में माओवादियों को मजबूत करने में जुटा था। प्रमोद मिश्रा को नक्सली संगठन में वर्ष 2004 में केंद्रीय समिति सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। वर्ष 2007 में पोलित ब्यूरो सदस्य बनाया गया था। वह 11 मई, 2008 को धनबाद जिला के विनोद नगर से गिरफ्तार हुआ था। उसे न्यायालय ने सबूत के अभाव में वर्ष 2017 में रिहा कर दिया था। इसके बाद से ही वह क्षेत्र में फिर सक्रिय हो गया था। उसे पुलिस पर हमले और कई नरसंहार का मास्टरमाइंड माना जाता है।

## आरएस फाउंडेशन ने उपहार भेंट किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** नवरात्रि के अवसर पर आर एस फाउंडेशन ने बुकरु ग्राम में कन्याओं को भोजन कराया एवं उपहार स्वरूप उन्हें शिक्षण सामग्री (कॉपी, किताब, पेंसिल बॉक्स, टिफिन, वाटर बोतल आदि) भेंट किया। उपहार पाकर कन्याएं बहुत खुश हुई। हिंदू धर्म के सभी त्योहारों में जीवन जीने के आदर्शों का सार मिलता है एवं पूजा करने से मां दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है। उनको आशीर्वाद से कार्य सफल होते हैं। इस मौके पर आर एस फाउंडेशन के सदस्य पंकज बंका, बजरंग गुप्ता, संतोष कुमार, प्रशान्त कुमार आदि मौजूद थे।

# 27 अक्टूबर को सोशल मीडिया पर विशेष अभियान #प्राउड ऑफ माय बीएलओ

**नागरिकों से अपील : मतदान केंद्र पर जाकर अपने बीएलओ के साथ सेल्फी/ फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर बीएलओ का करें उत्साहवर्धन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार की पहल और निर्देश पर फेसबुक, ट्विटर आदि पर 1 घंटे का विशेष हैश टैग अभियान 27 अक्टूबर को सुबह 11:00 से 12:00 बजे के बीच चलाया जाना निर्धारित है। मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है की थीम पर उक्त एक घंटे का अनूठा कार्यक्रम पहली बार आयोजित किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कुमार ने कहा कि पूरी निर्वाचन प्रणाली में हमारे बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके कार्य को समुचित सम्मान देने व उनका उत्साहवर्धन करने के लिए आगामी 27 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11:00 बजे से 12:00 बजे के बीच 1 घंटे तक सोशल मीडिया पर हैशटैग अभियान # प्राउड ऑफ माय बीएलओ चलाया जाना है। बताया कि 27 अक्टूबर को सभी बूथों के बीएलओ अपने-अपने बूथ पर मौजूद रहेंगे। ऐसे में राज्य के अधिकारियों, कर्मचारियों, मतदाताओं, विभिन्न वर्गों के सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं, छात्र-छात्राओं से अपील की जा रही है कि वे अपने बूथ पर मौजूद अपने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के साथ सेल्फी लेकर सुबह 11 से 12 बजे के बीच अपने-अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उपरोक्त हैशटैग के साथ पोस्ट करें। उन्होंने कहा कि उक्त अभियान सभी बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) के मनोबल को बढ़ाने वाला भी होगा। उन्होंने सभी जिलों में सक्रिय सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर युवाओं से भी अपील की है कि वे इस अभियान को सफल बनाने हेतु अपने स्तर से भी यथासंभव स्वैच्छिक सहयोग प्रदान करें।

# दुष्कर्म के विचाराधीन कैदी ने धारदार हथियार से काटा अपना गला, बाल सुधार गृह से जेल भेजने की थी तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के चाइबासा में पोक्सो एक्ट के विचाराधीन बंदी ने धारदार हथियार से अपना गला काट कर हत्या करने की कोशिश की। बंदी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विचाराधीन बंदी खूंटपानी के लोहरदा निवासी बिक्रम बारला की उम्र 18 वर्ष से ज्यादा हो जाने के कारण उसे बाल सुधार गृह से मंडल कारा भेजे जाने की तैयारी चल रही थी। इस दौरान बाल सुधार गृह में ही गला काट लिया। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। जल्दबाजी में जख्मी युवक को सदर अस्पताल लाकर दाखिल कराया गया। सूचना मिलने पर न्यायिक अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और बेहतर इलाज के लिए आवश्यक निर्देश दिये। ऑपरेशन के बाद उसे पुरुष वार्ड में दाखिल किया गया है। मामले की तहकीकात की जा रही है कि बंदी के पास धारदार हथियार कैसे पहुंचा। इस मामले में रिमांड होम के अधिकारी लापरवाही बरतने के मामले में संदेह के घेरे में आते नजर आ रहे हैं। कुछ दिन पूर्व रिमांड होम में नशीले पदार्थ के सेवन की शिकायत पर औचक निरीक्षण किया गया था।

## 37वां राष्ट्रीय खेल जिम्नास्टिक में झारखंड से एक मात्र विकास कुमार गोप का चयन




**रांची (आजाद सिपाही)।** खेलगांव स्थित एरोबिक्स जिम्नास्टिक का 7 अक्टूबर को ट्रायल से रांची जिले के विकास कुमार गोप का 37वां राष्ट्रीय खेल में चयन हुआ। विकास कुमार गोप एक मात्र ऐसे जिम्नास्टिक है, जिनका झारखंड राज्य से चयन हुआ है। यह राष्ट्रीय खेल गोवा में 26 अक्टूबर से आयोजित होना है। विकास कुमार गोप की इस उपलब्धि के लिए झारखंड जिम्नास्टिक एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री निशिकांत पाठक और जेजीए सदस्य राजीव रंजन, तूलिका श्रीवास और दीपक गुप्ता ने उन्हें बधाई दी।

# श्री श्याम मंदिर में आश्विन शुक्ल पापकुंशा एकादशी उत्सव मना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** क्यों गरीबों का साथी बना, बन गया है तो निभाना पड़ेगा भजनों की लय पर भक्तगण भाव विभोर हुए। अवसर था अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को को आश्विन शुक्ल पापकुंशा एकादशी उत्सव अत्यंत भक्तिभाव व श्रद्धा के साथ मनाया गया। विजयदशमी का उल्लास लिए भक्तगण प्रातः काल से ही श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। प्रातकाल में श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहना कर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत कर विभिन्न प्रकार के फूलों जैसे गुलाब, जूही, बेल, मोगरा, गैंदा एवं तुलसी दल से मनभावन श्रृंगार किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान शिव परिवार और



बजरंगबली का भी इस अवसर पर विषश श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे श्री श्याम देव के जयकारों के बीच ज्योत प्रज्ज्वलित कर भक्तगण कतारब्रध होकर ज्योत में आहुति प्रदान कर मंगलमय जीवन की कामना कर रहे थे। श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ कर भजनों की अमृतवर्षा की गयी। श्याम नाम मुख से बोल भाई काम आवेगो... अलबेली इनकी सरकार रटेजा श्याम प्यारे... श्याम तेरा साथ हमको दो जहाँ से प्यारा है... हम तुम्हारे थे प्रभु जी तुम हमारे हो... इत्यादि भजनों की लय पर देर रात तक भक्तगण श्री श्याम प्रभु को रिझाते रहे। इस अवसर पर श्री श्याम प्रभु को विभिन्न प्रकार के मिष्ठान - फल - मेवा का भोग अर्पित किया गया। रात्रि 12 बजे महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनियां, विकाश पाडिया, ज्ञानप्रकाश बगला, सुदर्शन चितलंगिया, अजय साबू, अरुण धानुका, जीतेश और श्याम सुंदर पोद्दार का विशेष सहयोग रहा।

# झारखंड में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्यों के चयन में धांधली

**जेल की सजा काटे व्यक्ति को बनाया साहिबगंज जिला बाल कल्याण समिति का अध्यक्ष**

**केंद्रीय रेलवे रेल यात्री संघ के अध्यक्ष और आरटीआई कार्यकर्ता ने सरकार को भेजी शिकायत**

**अध्यक्ष और सदस्यों का नोटिफिकेशन रोकने की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़।** झारखंड सरकार के समाज कल्याण विभाग अंतर्गत महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा द्वारा जिलों में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष और सदस्यों के चयन में धांधली की बात उजागर हुई है। बताया जा रहा है कि साहिबगंज जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष के रूप में ऐसे व्यक्ति का चयन किया गया है, जो जेल की सजा काट चुका है। इसके साथ ही यह भी जानकारी मिल रही है कि अभी अध्यक्ष और सदस्यों की चयन सूची सरकार के द्वारा प्रकाशित नहीं की गयी, मगर सदस्यों की सूची सोशल मीडिया पर वायरल हो गयी।

इस संबंध में केंद्रीय रेलवे रेल यात्री संघ, भागलपुर के अध्यक्ष विष्णु खेतान ने मुख्यमंत्री, राज्यपाल, झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश समेत राज्य के आला अधिकारियों को शिकायत भेजी है।

शिकायत में कहा गया है कि राज्य भर में जिला बाल कल्याण समिति के कुल छह अध्यक्ष और 12 सदस्यों का चयन किया गया है, जिसमें साहिबगंज जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष के रूप में जी अब्दुल सुभान के चयन किये जाने की सूचना है। वह चिट फंड कंपनी के संचालक के रूप में सैकड़ों लोगों के पैसे गबन करने के आरोप में जेल जा चुका है।

शिकायत पत्र के साथ अब्दुल सुभान के जेल में रहने के दौरान का प्रमाण भी भेजा गया है और बताया गया है कि साहिबगंज नगर थाने में जालसाजी और गबन के मामले में केस दर्ज होने के बाद बाद कोर्ट ने पहले अब्दुल सुभान को साहिबगंज जेल भेजा, उसके बाद 6 सितंबर 1993 को उसे भागलपुर जेल में ट्रांसफर कर दिया गया।

शिकायत में कहा गया है कि अध्यक्ष और सदस्य का पद न्यायिक पद है, जिसके उम्मीदवारों को यह शपथ पत्र दायर करना पड़ता है कि उनके खिलाफ कभी कोई केस नहीं चला।

शिकायत के मुताबिक अन्य कई जिलों में अध्यक्ष और सदस्यों के चयन में धांधली की गयी है। योग्य और अनुभवी लोगों को दरकिनार कर पैरवी और पैसे के आधार पर कई अयोग्य लोगों का चयन कर लिया गया है। हालांकि अभी तक चयन सूची सरकार की ओर से जारी नहीं की गयी है, मगर अध्यक्ष और सदस्यों की चयन सूची सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

### गुपचुप इंटरव्यू कराये जाने की शिकायत

इंटरव्यू के दौरान ही धांधली किये जाने की शिकायत केंद्रीय रेलवे रेल यात्री संघ के अध्यक्ष विष्णु खेतान ने सरकार से की थी। उस समय शिकायत में कहा गया था कि गोपनीय रूप से खास लोगों को बुला कर इंटरव्यू कराया जा रहा है, जबकि जितने लोगों ने आवेदन दिया था, उनके नाम विभाग की वेबसाइट पर पहले प्रकाशित किये गये थे और कहा गया था कि सबको इंटरव्यू के लिए बुलाया जायेगा, लेकिन बाद में टेलीफोन के जरिए कुछ ही लोगों को बुला कर आनंद-फानन में इंटरव्यू कराये जाने लगा, लेकिन जब विष्णु खेतान की शिकायत सरकार तक पहुंची तो वरीय अधिकारियों का हस्ताक्षेप हुआ और अन्य आवेदकों को भी इंटरव्यू के लिए बुलाया गया। विष्णु खेतान ने सरकार को यह शिकायत की है कि उस समय बी राजेश्वरी के साथ पदस्थापित एक अधिकारी अरशद जमाल ने योजनाबद्ध तरीके से पिक एंड चूस के जरिए अध्यक्ष और सदस्यों का चयन करवाया है। फिलहाल अरशद जमाल स्थानांतरित होकर दूसरे विभाग में पदस्थापित हैं। यह भी जानकारी है कि साहिबगंज से अध्यक्ष के लिए चुने गये अब्दुल सुभान अरशद जमाल के संबंधी हैं।

सूची के नीचे सरकार के अवर सचिव विक्रम राम का हस्ताक्षर है।

यहां बता दें कि महिला और बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से विज्ञापन संख्या 1644 दिनांक 15 जुलाई 2022 के तहत राज्य के एक दर्जन से अधिक जिलों के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति हेतु आवेदन मांगे गये थे और इंटरव्यू लिया गया था। राज्य बाल कल्याण संरक्षण संस्था की निदेशक बी राजेश्वरी ने इंटरव्यू को कोऑर्डिनेट किया था। हालांकि इंटरव्यू में अध्यक्ष और कुछ अन्य सदस्य भी थे।

# 14 वर्षीय लड़के का एड्रिनल ग्लैंड फटा पारस अस्पताल के डॉक्टरों ने बचायी जान

**किसी भी बीमारी के इलाज के बाद सभी लोगों को स्वस्थ जीवन शैली और पौष्टिक और नियंत्रित खान-पान की आदतों को अपनाना चाहिए**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गंभीर अवस्था में 14 वर्षीय किशोर पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया। छत से गिरकर वह घायल हुआ था और पेट में तेज दर्द की शिकायत थी। पारस के डॉक्टर मेजर रमेश दास तुरंत उसकी जरूरी जांच करायी, जिसमें किशोर का एड्रिनल ग्लैंड फटने की बात सामने आयी। मरीज की स्थिति गंभीर थी इसलिए डॉक्टरों ने तत्परता दिखाते हुए उसकी एक्सप्लोरेटिव लैपरोटॉमी की. मरीज जबतक पूरी तरह ठीन नहीं हो गया तबतक डॉ ओमप्रकाश, डॉ एमटीएस और वैष्णवी ने उसकी देखरेख की पारस एचईसी अस्पताल के डॉ (मेजर) रमेश दास ने बीमारी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया की एड्रिनल (अधिवृक्क) ग्लैंड का फटना एक दुर्लभ स्थिति है। जिसमें एड्रिनल ग्रंथियों में रक्तस्त्राव होता है। हेमेटोमा जैसे कई कारण हैं जो इस रक्तस्त्राव को बढ़ा सकते हैं। इससे मरीज की जान को खतरा हो सकता है। पारस एचईसी अस्पताल के डॉ (मेजर) रमेश दास ने बीमारी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया की एड्रिनल (अधिवृक्क) ग्लैंड का फटना एक दुर्लभ स्थिति है। जिसमें एड्रिनल ग्रंथियों में रक्तस्त्राव होता है। हेमेटोमा जैसे कई कारण हैं जो इस रक्तस्त्राव को बढ़ा सकते हैं। इससे मरीज की जान को खतरा हो सकता है।

वहीं अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने कहा कि सामान्य स्वास्थ्य और बीमारी की रोकथाम के लिए स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाना जरूरी है। खान-पान की आदतों में सुधार लाकर नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए। किसी भी बीमारी के इलाज के बाद सभी लोगों को स्वस्थ जीवन शैली और पौष्टिक और नियंत्रित खान-पान की आदतों को अपनाना चाहिए।

# मां दुर्गे की प्रतिमा का विसर्जन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नौ दिनों तक चले दुर्गोत्सव के बाद राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड से मां की विदाई हो गयी। हालांकि कई जगहों पर मंगलवार को प्रतिमा विसर्जन किया गया है। रांची के मेन रोड स्थित दुगार्बाड़ी में मां दुर्गे को विदाई दी गयी। इस दौरान सुहागिनों ने सिंदूर खेला किया। सिंदूर खेला में महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाए। मां दुर्गे से अपने सुहाग के लंबी उम्र की कामना की। सुहागिनों ने जम कर सिंदूर खेला किया और मां से आशीर्वाद मांगे।

**महाशक्ति दुर्गा पूजा समिति बूटी ने सिंदूर खेला का आयोजन किया :** महाशक्ति दुर्गा पूजा समिति बूटी मोड़ की उपाध्यक्ष पायल सोनी की नेतृत्व में विजयदशमी के शुभ अवसर पर सिंदूर खेला का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं में काफी उत्साह दिखा सभी ने एक दूसरे को सिंदूर लगा कर बधाई दी। इस आयोजन में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री डॉ आशा लकड़ा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। सिंदूर खेला आयोजन में क्रांति कुमारी, प्रीति चौधरी, प्रीति सिंह, नवनीत कुमारी, मुन देवी, बेबी गाड़ी, चंदा तिवारी, अंजू देवी, बबली देवी, सरिता देवी, सुनीता देवी, अनीता देवी आदि सभी महिलाओं ने सिंदूर खेला खेला।

## विधि-विधान से किया गया विसर्जन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डोरंडा स्थित छप्पन सेट, कुसाई कॉलोनी, भवानीपुर, एजी कॉलोनी,मेकान सहित डोरंडा के सभी मां दुर्गे की प्रतिमा का विसर्जन बटन तालाब डोरंडा में पूरे विधि विधान के साथ संपन्न हो गया। रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे के नेतृत्व में छप्पन सेट मंदिर परिसर से विसर्जन शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा छप्पन सेट, गोरखा चौक, राजेंद्र चौक होते हुए बटन तलाब में पहुंचकर मां की आरती की गयी एवं नम आंखों से माता को विदायी दी गयी। इसके पूर्व मंदिर परिसर में मां दुर्गे की वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना एवं आरती की गयी एवं सभी महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदुर एवं अबीर लगाया। आलोक दूबे ने सभी माता बहनों को मां की चुनरी भेंट किया तत्पश्चात उत्साह और उल्लास के साथ डोरंडा छप्पन सेट के महिला एवं पुरुष भक्ति गीतों पर



नाचते गाते बटन तालाब पहुंचे एवं परंपरा का निर्वहन करते हुए मां को विदाई दी।मां दुर्गा से अमन ,शांति, समृद्धि, खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा एवं अगले वर्ष फिर आने का माता से आह्वान किया। मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दूबे ने राजधानी वासियों को दुर्गा पूजा के सफल आयोजन के लिए राज्य सरकार, दुर्गा पूजा समिति, विभिन्न धार्मिक संगठनों,जिला एवं पुलिस प्रशासन, मीडिया एवं लाखों श्रद्धालु भक्तों को बधाई दी है। पूजा को सफल बनाने में दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गौतम दूबे गोपी, कपिलदेव सिंह, अमोल कुमार, विजय गुप्ता, मनोज तिवारी, अभय सिंह, शशिकांत, मेंहुल दूबे कपिलदेव सिंह, सचिव विजय गुप्ता, गोपाल तिवारी, पंकज तिवारी, कमलेश कुमार, पान सिंह, दीपक ठाकुर, शशि कुमार, विवेक सिंह, अजय थापा, मनोज सिंह, जेडी गुरुंग, नितिन कुमार, कमलेश झा, दिलीप कुमार, नीरज कुमार, अश्वनी कुमार, बबलू विजयवर्गीय, विवेक छेत्री, रोहित छेत्री, राकेश वर्मा, महेंद्र प्रसाद शोभायात्रा जुलूस में शामिल थे।

## श्री जीण माता के मंदिर में 101 किलो केसरिया खीर का महाभोग लगाया गया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महानवमी के अवसर पर सोमवार को श्री जीण माता परिवार रांची के द्वारा पहाड़ी रोड स्थित श्री जीण माता के मंदिर में 101 किलो केसरिया खीर का महाभोग लगाया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी सीतानंद झा ने माता की आरती की एवं सबके सुख समृद्धि की कामना की। महाभोग लगाने के पश्चात उसे श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष दिलीप पटवारी उपाध्यक्ष विक्रम खेतावत, सुभाष अग्रवाल, प्रदीप सिंघानिया, विकास शिवरामका, नेहा पटवारी, मुकेश भारतीया, संजय मोदी, संदीप डीडवानिया, मनीष पालड़ीवाल, विजय केडिया और नीलम केडिया इत्यादि मौजूद थे।

## दुर्गापूजा महोत्सव को संपन्न कराने में युवा दस्ता ने अहम भूमिका निभायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने दुगार्पूजा महोत्सव को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन, दुगार्पूजा आयोजन समिति एवं युवा दस्ता के सभी पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय प्रभारी एवं सदस्यों एवं मां भवानी के भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री मिश्रा ने बताया कि दुगार्पूजा महोत्सव को संपन्न कराने में युवा दस्ता ने अहम भूमिका निभायी। बुधवार को युवा दस्ता के सदस्य राजधानी रांची के बड़ा तालाब सहित अन्य तालाबो में मां भवानी के विषर्जन यात्रा में सेवा कार्य के लिए तैनात थे । श्री मिश्रा ने बताया कि युवा दस्ता के सभी पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय प्रभारी एवं सदस्यों ने




लगातार 19 अक्टूबर से लेकर 25 अक्टूबर तक सेवा कार्य किया एवं विभिन्न क्षेत्रो में जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर मां भवानी का दर्शन करने आये सभी दर्शनार्थियों के बीच कड़ी का काम किया । श्री मिश्रा ने बताया कि युवा दस्ता के 367 पदाधिकारियो एव सदस्यो ने सेवा दी एव 187 बिछड़े हुए बच्चो एव बुजुर्गों को अपने परिवार से मिलाने का काम किया । श्री मिश्रा ने बताया बड़ा तालाब में विषर्जन करने आये सभी पूजा समितियों का युवा दस्ता के द्वारा स्वागत माला पहनाकर एवं चुनड़ी ओढ़कर किया गया । श्री मिश्रा ने कहा कि युवा दस्ता के द्वारा रांची झील में विद्युत व्यवस्था एवं तैराक की भी व्यवस्था की गयी थी ताकि पूजा समितियों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। कार्यक्रम में राजेश गुप्ता छोटू, लंकेश सिंह, राहुल सिन्हा चंकी, गोपाल पारीक, पीयूष आनंद, राकेश सिंह, मंटू दुबे, शाहिल कुमार, टिंकू महतो, नवनीत पांडेय, ज्योति शंकर साहू, अभिनव पासवान(बीरू), ओम प्रकाश शर्मा, सोनू भारद्वाज, मनीष साहू, आयुष सिंह, सुमित साहू, सोनू पटवा, राजेश राम, सागर कुमार सहित दर्जनों सदस्य विषर्जन कराने में सक्रिय रहे।

## सुहागिनों ने 'सिंदूर खेला' की रस्म निभायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शारदीय नवरात्र, यानी दुगार्पूजा उत्सव के अंतिम दिन मंगलवार को मां दुर्गा को विदाई दी गयी। इससे पहले बंग समुदाय की सुहागिनों ने 'सिंदूर खेला' की पारंपरिक रस्म निभायी। रांची के दुर्गा बाड़ी, देशप्रिय क्लब और अन्य पूजा पंडालों में सुबह से ही महिलाएं 'सिंदूर खेला' यानी सिंदूर से खेली जाने वाली होली को लेकर जमा रहीं। उन्होंने पहले मां दुर्गा को और फिर एक-दूसरे को सिंदूर लगा कर इस परंपरा को निभाया। विजयादशमी को दुर्गा पूजा पंडालों में मनाये जानेवाले इस रस्म को सौभाग्य का प्रतीक भी माना जाता है। इसके अलावा मान्यता यह भी है कि सिंदूर खेला से पति की आयु भी बढ़ती है। बंग समाज से लोग माता की विदाई से पहले वे सभी रस्में निभाते हैं, जो बेटी की विदाई के वक्त मायके में निभाया जाता है।

## सदान विकास पार्टी की रातू प्रखंड कमेटी गठित

### प्रखंड अध्यक्ष सोनू कुमार साहू बने

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सदान विकास पार्टी की एक बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद साहू की अध्यक्षता में हुई। बुधवार को आयोजित बैठक काठी टांड रातू में रातू प्रखंड कमेटी गठन को लेकर की गयी। डॉ राजेंद्र प्रसाद साहू ने सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन कर नामों की घोषणा की। रातू प्रखंड कमेटी में प्रखंड अध्यक्ष सोनू कुमार साहू, उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार प्रजापति, सचिव राजन कुमार उर्फ राधे, कोषाध्यक्ष दीपक महतो, संगठन मंत्री नमन कुमार, उप संगठन मंत्री उमेश साहू, कार्य कारणी के सात सदस्य के नामों की भी घोषणा की गयी। इसमें दीपक महतो, पंकज कुमार प्रजापति, नारायण कुमार झा, अजीत लकड़ा, विजय तिग्गा, विजय कुमार प्रजापति, रोहित साहू का नाम शामिल है। बैठक में उपस्थित कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों में अरविंद प्रसाद, नंदलाल साहू, मंजूर अंसारी, अमर साहू, विनोद कुमार, डॉ अनुपम कुमार, डॉ दिलीप कुमार, डॉ प्रदीप कुमार, शिवनाथ भट्टाचार्य, भुनेश्वर साहू, नंदन कुमार, मो जुबेर, अमीत राज, सुनील कुमार भगत, सुदेश साहू ने रातू प्रखंड कमेटी के पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## रांची में मुंडा सम्मेलन 19 नवंबर को होगा

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुंडा सभा कार्यालय डिबडीह में एक दिवसीय मुंडा सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित की गयी। अध्यक्षता करते हुए मुंडा सभा के अध्यक्ष नवीन मुंडू ने कहा कि 19 नवंबर को अरगोड़ा फुटबॉल मैदान में मुंडा महासम्मलेन आयोजित किया जायेगा। महासचिव बिलकॉन डांग ने जमन जारु पर चर्चा की और कहा राज्य भर में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम में राज्यभर के मुंडा समाज के लोग शामिल होंगे। बैठक में नवीन मुंडू , बिलकन डांग, प्रभु सहाय सांगा, रेव्ह जोन कन्डुलना, फिलिप सोय, ज्योति कंडीर, सोमरा होरो, येसय्या बारला, पावल तोपनो, कृपा तोपनो, डॉ रॉयल डांग, सैमसन बारला, मुनसन तोपनो, असीयन सुरीन, अभिषेक समद समेत अन्य शामिल हुए।

## डांस झारखंड की टीम ने मचायी धूम

**रांची (आजाद सिपाही)।** त्रिकोण हवन कुंड सुभाष चौक रांची यूनिवर्सिटी मैं षष्ठी, सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी को बनारस की तर्ज पर मा गंगा आरती 11 ब्राह्मण पंडित के द्वारा की गयी, साथ ही साथ डांस झारखंड की टीम ने बंगाल के उपरांत नृत्य की प्रस्तुति एवं मां दुर्गा के नौ रूप, काली एक्टर, दुर्गा एक्ट, गणेश वंदना, साथी साथ मेरे भारत का बच्चा-बच्चा जय श्री राम बोलेगा नारी शक्ति के द्वारा अद्भुत शानदार नृत्य प्रस्तुत की गयी। त्रिकोण हवन कुंड के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया हर साल की भांति इस बार भी और आनेवाला हर साल इससे भव्य आयोजन त्रिकोण हवन कुंड के द्वारा की जायेगा। 24 अक्तूबर को ऐतिहासिक मोराबादी में दशहरा में डांस झारखंड के कलाकारों ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में अपनी झांकी का प्रदर्शन किया। इसकी जानकारी डांस झारखंड के संचालक श्रीराम ने दिया।

## ओड़िशा के राज्यपाल के रूप में 31 अक्टूबर को शपथ लेंगे रघुवर दास



**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास 31 अक्टूबर को ओड़िशा के 26वें राज्यपाल के रूप में शपथ लेंगे। ओड़िशा के मुख्य न्यायाधीश भुवनेश्वर स्थित राजभवन में रघुवर दास को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। श्री दास 30 अक्टूबर को सोनारी हवाई अड्डा से भुवनेश्वर के लिए उड़ान भरेंगे। तय कार्यक्रम के अनुरूफ ओड़िशा सरकार का चार्टर प्लेन उन्हें लेने के लिए सोनारी हवाई अड्डा पहुंचेगा। ओड़िशा पहुंच कर वे सबसे पहले भगवान जगन्नाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए जायेंगे। इसके बाद भुवनेश्वर के लिंगराज मंदिर जायेंगे। बुधवार की शाम वे रांची के लिए रवाना होंगे, जहां वे पार्टी कार्यालय में पार्टी के पदाधिकारियों व अपने आवास पर झारखंड के पार्टी कार्यकताओं से मिलेंगे। श्री दास गुरुवार को दिल्ली रवाना होंगे। सबसे पहले वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलकर अपना इस्तीफा सौंपेंगे। इसके बाद वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व अन्य केंद्रीय नेताओं व पार्टी के वरीय पदाधिकारियों से मिलेंगे। दो दिनों के दिल्ली प्रवास के बाद वे 28 को जमशेदपुर लौट आयेंगे।

## 28 अक्टूबर मध्य रात्रि को खंडग्रास चंद्रग्रहण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** खंडग्रास चंद्रग्रहण आश्विन शरद पूर्णिमा को 28 एवं 29 अक्टूबर की मध्यगत रात्रि को संपूर्ण भारत में खंडग्रास के रूप में दिखायी देगा। **पंडित रामदेव पांडेय** ने बताया कि यह चंद्र ग्रहण आश्विन पूर्णिमा को घटित हो रहा है, इसीलिए जहां आश्विन पूर्णिमा के स्नान का महत्व और भी विशेष हो जाता है। शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से परिपूर्ण रहता है, ऐसे में इस दिन ग्रहण लगना बेहद महत्वपूर्ण रहने वाला है। इस खंडग्रास चंद्रग्रहण के विषय मे - यह ग्रहण साल 2023 का आखिरी चंद्र ग्रहण 28 अक्टूबर की मध्य रात्रि लगेगा। भारत के समय अनुसार यह चंद्र ग्रहण 28/29 अक्टूबर की मध्य रात्रि 1 बजकर 5 मिनट (25-05) पर शुरू होगा और देर रात 02 बजकर 24 (26-24) मिनट पर समाप्त होगा। यह ग्रहण भारत में सर्वत्र दिखायी देगा। यानी यह ग्रहण की कुल अवधि 1 घंटा 18 मिनट की रहेगी। शनिवार 28 अक्टूबर को शाम में 4 बजकर 6 मिनट पर चंद्रोदय हो जायेगा। भारतीय समय अनुसार,चंद्रग्रहण का सूतक 28 अक्तूबर शनिवार शाम में 4 बजकर 5 मिनट पर आरंभ हो जायेगा। इस ग्रहण में चंद्रबिंब दक्षिण की तरफ से ग्रस्त होगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार यह चंद्रग्रहण अश्विनी नक्षत्र और मेष राशि में घटित होगा। इसलिए इस राशि एवं नक्षत्र में जन्मे लोगों को चंद्र राहु और मंगल का जप और दान करना चाहिए।

### राशियों पर ऐसा पड़ेगा प्रभाव

**मेष राशि : दुर्घटना हो सकती है, स्वस्थ खराब हो सकता है और किसी से शत्रुता हो सकती है।**
**वृष : धन की हानि होगी और चिंता होगी।**
**मिथुन : धन का लाभ और उन्नति होगी।**
**कर्क : रोग, कष्ट और भय ।**
**सिंह : संतान के प्रति चिंता होगी।**
**कन्या : साधारण लाभ होगा और शत्रु का भय भी होगा।**
**तुला : पति/ स्त्री के सम्बन्धी कष्ट।**
**वृश्चिक : रोग, मेहनत करनी होगी, गुप्त चिन्ता होगी।**
**धनु : कार्यों में देरी होगी और धन अधिक खर्च होगा।**
**मकर : लाभ होगा और कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।**
**कुंभ : धन का लाभ होगा और उन्नति होगी।**
**मीन : धन की हानि होगी और फालतू खर्च अधिक होगा।**

## इंडियन साइकेट्रिक सोसाइटी ने डॉ बासुदेव दास को हटा कर सीआइपी में नये निदेशक की नियुक्ति का किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ बासुदेव दास को केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान (सीआइपी) के निदेशक के पद से हटाकर उनकी जगह डॉ तरुण कुमार को डायरेक्टर की जिम्मेदारी सौंपे जाने का इंडियन साइकेट्रिक सोसाइटी ने विरोध किया है। सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ विनय कुमार तथा महासचिव डॉ अरविंद ब्रह्मा ने अलग-अलग चिट्ठी लिखकर स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया से कहा है कि विभाग ने जल्दबाजी में यह कदम उठाया है। साथ ही यह भी कहा है कि डॉ बासुदेव दास को अपना पक्ष रखने का मौका तक नहीं दिया गया। यहां तक कि इसकी कोई वजह भी नहीं बतायी गयी है। सोसाइटी के दोनों पदाधिकारियों ने कहा है कि इस कार्रवाई से सोसाइटी के सदस्यों के साथ-साथ चिकित्सकों और सीआईपी के कर्मियों में रोष है। इन्होंने कहा है कि डॉ दास के नेतृत्व में सीआइपी लगातार प्रगति कर रहा था। डॉ तरुण कुमार, जिन्हें सीआइपी का नया निदेशक नियुक्त किया गया है, वे गैर-विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी हैं। सोसाइटी की ओर से यह भी कहा गया है कि झारखंड की राजधानी रांची के कांके स्थित सीआइपी देश का पहला संस्थान है, जहां मनोचिकित्सा प्रशिक्षण और अनुसंधान दोनों होते हैं। ऐसे में इस महत्वपूर्ण पद पर किसी गैर-विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी, जिसकी मनोचिकित्सा में कोई विशेषज्ञता नहीं है, को इस पद पर नियुक्त किया जाना सही नहीं है। सोसाइटी ने मंत्री और स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक से यह भी आग्रह किया है कि इस महत्वपूर्ण संस्थान की बागडोर किसी विशेषज्ञ मनोचिकित्सक को ही सौंपी जानी चाहिए।

**डॉ बासुदेव दास ने ओपीडी में देखे एक लाख से अधिक मरीज :** सोसाइटी के पदाधिकारियों ने कहा है कि प्रोफेसर डॉ बासुदेव दास ने समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ सीआईपी में काम किया है। इस दौरान मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनकी कई उपलब्धियां भी हैं। उन्होंने एक लाख ओपीडी और 8,000 आंतरिक रोगियों का उपचार प्रदान किया है, जो विशेषज्ञता को दर्शाता है। साथ ही यह भी बताता है कि रोगियों को उन पर कितना विश्वास है।

**डॉ दास को फिर से बहाल करने की मांग :** इंडियन साइकेट्रिक सोसाइटी ने कहा है कि डॉ दास के दृष्टिकोण और नेतृत्व ने हमारे क्षेत्र में मानसिक स्वास्थ्य को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। उन्हें अचानक और बिना किसी स्पष्टीकरण के हटाए जाने से संगठन चिंतित है। ऐसा लगता है कि इस बारे में निर्णय लेने में न तो पारदर्शिता बरती गयी है, न निष्पक्षता का ख्याल रखा गया है और न ही उचित प्रक्रिया का पालन किया गया है। सोसाइटी ने स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक से आग्रह किया है कि वे इस निर्णय पर पुनर्विचार करें। डॉ दास को सीआईपी कांके रांची के निदेशक के रूप में फिर से बहाल करें।

## रोटरी रांची ने प्ले कार्ड लेकर मानव शृंखला बनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूरे विश्व में पोलियो दिवस पोलियो की दो बूंद दवा के जनक डॉ जोनास साल्क के जन्मदिन के अवसर पर 24 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस पोलियो दिवस के अवसर पर रांची फिरायालाल के सामने रोटरी रांची ने हाथों में प्ले कार्ड ले मानव श्रृंखला बनायी एवं जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक भी किया। नुक्कड़ नाटक में अध्यक्ष विनय ढानढनिया, पूर्व अध्यक्ष प्रवीण राजगढ़िया, सचिव ललित त्रिपाठी, अजय वाधवा, गौरव बागरोय, फर्स्ट लेडी सुधा ढानढनिया, एवं अमित अग्रवाल कि भूमिका की काफी सराहना हुई। मौके पर अध्यक्ष विनय ढानढनिया ने कहा की पिछले दस वर्षो से भारत में पोलियो का एक भी केस सामने नहीं आया है। आज समय है जश्न का और उस सपने को साकार करने का जो जोनास साल्क ने देखा, जो रोटरी ने देखा, जो हमने आपने देखा। दोस्तों मै महसूस कर रहा हूं, जब से भारत पोलियो मुक्त हुआ। हम जश्न तो मना रहे है, लेकिन पोलियो ड्राप पिलाने में शिथिलता आ गयी है, जबकि अब भी अफगानिस्तान एवं पाकिस्तान में पोलियो के वायरस बचे है। हमे अब भी पोलियो की खुराक अपने बच्चो को देनी ही होगी । हमें पुरे जोश के साथ लगना होगा, ताकि हमारी कामयाबी कायम रहे।




सचिव ललित त्रिपाठी ने कहा रोटरी रांची ने जागरूकता हेतु दुर्गा पूजा के पंडालों और प्रमुख चौक चौराहों पर दो बुंद जिंदगी के नारे के साथ विश्व पोलियो दिवस के बैनर लगवाये।

**क्यों मनाया जाता है पोलियो डे:** कई सालों से हम सुनते आ रहे हैं, दो बुंद जिंदगी की और ये पूरी दुनिया में साबित हो गया है कि मानव स्वास्थ को खतरनाक बीमारियों से बचाने के लिए पोलियो की दवा कितनी महत्वपूर्ण है। 24 अक्टूबर को हर साल वर्ल्ड पोलियो डे मनाने के पीछे का उद्देश्य इस खतरनाक बीमारी के खिलाफ लोगों को जागरूक करना है। करीब एक दशक पूर्व हमारा देश पोलियो मुक्त घोषित हुआ। जिसके लिए लंबी लड़ाई लड़ी गयी। यह दिन पोलियो टीका की खोज करने वाले महान वैज्ञानिक जोनास साल्क को समर्पित है। उनका जन्म 24 अक्टूबर को हुआ था। उन्होंने 1955 में पोलियो टीका की खोज की थी। इस दिन का मुख्य उद्देश्य लोगों को पोलियो के प्रति जागरुक करना है. साथ ही लोगों को अपने बच्चों को टीका दिलाने के लिए भी प्रोत्साहित करना है।

# टिकट बंटवारे का सवाल

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों में टिकट वितरण को लेकर बीजेपी और कांग्रेस दोनों पार्टियों में असंतुष्टों के विरोध प्रदर्शन की खबरें नेतृत्व के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। लेकिन यह किसी खास राज्य या चुनाव तक सीमित समस्या नहीं है। हाल ही में मध्य प्रदेश कांग्रेस की ही एक बैठक के दौरान दो पूर्व मुख्यमंत्रियों कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच हुई एक मजाकिया नोकझोंक का विडियो वायरल हुआ था, जिसमें दोनों इस बात पर बहस कर रहे थे कि टिकट बंटवारे से नाराज कार्यकताओं को किसके कपड़े फाड़ने चाहिए। इस विडियो को कांग्रेस नेताओं के बीच आपसी सद्भाव के सबूत के रूप में पेश किया गया था, लेकिन वह इस बात का भी प्रमाण था कि भारतीय राजनीति में टिकट बंटवारे से पार्टी में उपजने वाले असंतोष को कितना सहज और सामान्य मान लिया गया है। वैसे देखा जाए तो एक स्तर पर यह तमाम दलों में बढ़ते अति केंद्रीकरण का भी सबूत है। राष्ट्रीय ही नहीं, तमाम क्षेत्रीय दलों में भी यह प्रवृत्ति दिखती है, जिसे नेतृत्व की मजबूती के रूप में पेश किया जाता है। हालांकि कई विशेषज्ञ इसे राजनीतिक दलों में नेताओं और कार्यकताओं की बदलती निष्ठा की समस्या से जोड़कर देखते हैं और नेतृत्व की ओर से किए जाने वाले रिस्क घटाने के प्रयासों का हिस्सा मानते हैं। पार्टी की ओर से आर्थिक और अन्य फायदों का केंद्रीकृत बंटवारा भी इसमें शामिल है। आखिरकार इन सबका मकसद पार्टी पर किसी खास नेता या गुट या परिवार का नियंत्रण बनाए रखना ही होता है। इसीलिए यह प्रवृत्ति न केवल पार्टी के दूरगामी हितों के खिलाफ है बल्कि लोकतंत्र की सेहत के लिए भी नुकसानदेह साबित होती है। इसके बचाव में दलीलें चाहे जो भी दी जाएं इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि यह पार्टी नेतृत्व और स्थानीय पार्टी काडर के बीच बढ़ती खाई का संकेत है। ध्यान रहे, किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में कार्यपालिका और आम नागरिकों के बीच पुल का काम यह स्थानीय पार्टी काडर ही करता है। जाहिर है, इसका पार्टी नेतृत्व से जुड़ाव कम होना या टूटना लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की जनता के प्रति जवाबदेही को कमजोर करता है। यही वजह है कि अन्य देशों में लोकल पार्टी कार्यकताओं की भूमिका बढ़ाने के प्रयास हो रहे हैं। उदाहरण के लिए, ब्रिटेन में कंजर्वेटिव पार्टी पिछले दो दशकों से प्राइमरीज के जरिए प्रत्याशियों का चयन करने पर जोर दे रही है, जिसमें वोटर भी शामिल होते हैं। 2019 के चुनाव में तो उसने प्रत्याशियों की सूची अंतिम मंजूरी के लिए लोकल यूनिटों के पास भेज दी थी। अन्य देशों में ऐसे और भी प्रयोग गौर करने लायक हैं। हालांकि इन तमाम प्रयोगों के अपने फायदे और नुकसान हैं। इसलिए इन्हें ज्यों का त्यों अपना लेने की वकालत नहीं की जा सकती, लेकिन इसमें संदेह नहीं कि अति केंद्रीकरण की प्रवृत्ति से बचने का सचेत प्रयास अपने देश में भी होना चाहिए।

**हाल ही में मध्य प्रदेश कांग्रेस की ही एक बैठक के दौरान दो पूर्व मुख्यमंत्रियों कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के बीच हुई एक मजाकिया नोकझोंक का विडियो वायरल हुआ था, जिसमें दोनों इस बात पर बहस कर रहे थे कि टिकट बंटवारे से नाराज कार्यकताओं को किसके कपड़े फाड़ने चाहिए।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**हर साल आरएसएस विजयदशमी के मौके पर शक्ति की उपासना करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना जनजागरण और एकजुटता के लिए की गयी थी। किसी संगठन या व्यक्ति की पहचान उभारने के लिए नहीं। यही वजह है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने पहले ही कह दिया था कि हम आम संगठनों जैसे नहीं हैं, जो सिर्फ अपने स्थापना दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन करे।**

# राष्ट्र और समाज के उत्थान के लिए ही है आरएसएस

सुखदेव वशिष्ठ



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज भले ही स्वयंसेवकों की संख्या और शाखाओं की दृष्टि से दुनिया का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है, लेकिन आज तक इस संगठन से अपना स्थापना दिवस समारोह तक नहीं मनाया, बल्कि हर साल आरएसएस विजयदशमी के मौके पर शक्ति की उपासना करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना जनजागरण और एकजुटता के लिए की गयी थी। किसी संगठन या व्यक्ति की पहचान उभारने के लिए नहीं। यही वजह है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने पहले ही कह दिया था कि हम आम संगठनों जैसे नहीं हैं, जो सिर्फ अपने स्थापना दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन करे। बल्कि राष्ट्र और समाज के उत्थान में योगदान के लिए ही कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। किसी भी उद्घोषित लक्ष्य की पूर्ति का सतत, सक्षम एवं सुव्यवस्थित प्रयत्न उस को प्राप्त करने हेतु आवश्यक है। किसी आदर्श को साकार करने हेतु एक विशिष्ट प्रक्रिया की आवश्यकता होती है। 'शाखा' संघ के सभी कार्यो का अधिष्ठान है क्योंकि प्रत्येक कार्य के लिए आवश्यक योग्य, समर्पित व ध्येय निष्ठ कार्यकर्ताओं का निर्माण इस पद्दति से ही सिद्ध हुआ है। आद्य सरसंघचालक पूज्य डॉ हेडगेवार ने संघ स्थापना के समय गंभीर चिंतन के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि लोगों की मानसिक अवस्था में क्रांति ही समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। परम वैभव के लक्ष्य हेतु मातृभूमि के लिए सर्वस्व-समर्पण की तीव्र भावना, बंधुत्व-भाव, राष्ट्र-कार्य में अपना योग देने की भावना, राष्ट्रीय आदर्शों के प्रति सम्मान का उत्कट भाव, अनुशासन, पराक्रम, पौरुष और अन्य उदात्त सद्गुणों के प्रति गहरी श्रद्धा का भाव जागृत करना आवश्यक है। राष्ट्र के प्रति समर्पण की यह भावना, वर्षानुवर्ष और दिन-प्रतिदिन स्थिर ज्योति के समान जलती रहे, इसलिए एक ऐसा वातावरण, जो सभी में इन गुणों के विकास में सहायक हो सके, हेतु लोगों का नियमित और प्रतिदिन एकत्रित होना आवश्यक है। इसी बात का अनुभव लेते हुए संघ संस्थापक प.पू डॉ हेडगेवारजी ने संगठन के ढांचे को विकसित किया। संघ शाखा के संपर्क में आये बिना कार्य की वास्तविक भावना समझ में आनी मुश्किल है। आज संपूर्ण भारतवर्ष में केवल नगरों और कसबों में ही नहीं, अपितु दूर-दूर तक फैले हुए ग्रामों, पहाड़ियों तथा घाटियों में भी शाखा के प्रेरक दृश्य और आत्मा को आंदोलित करने वाले गीत सूर्योदय, सूर्यास्त अथवा रात्रि में प्रतिदिन नियमित रूप से मिलते हैं। सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के शब्दों में, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिना किसी भेदभाव के अपने कार्यों के विस्तार के साथ ही समाज में नागरिक बोध जगाने का काम करता है, जिससे देश में अनुशासन, कर्मनिष्ठा, सार्वजनिक स्वच्छता, पर्यावरण आदि विषयों में जाग्रति आये।अपनी सांस्कृतिक परंपरा के अनूरूप संघ ने भगवा ध्वज को परम सम्मान के अधिकार-स्थान पर अपने सामने रखा है।

**सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले के शब्दों में, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिना किसी भेदभाव के अपने कार्यों के विस्तार के साथ ही समाज में नागरिक बोध जगाने का काम करता है।**

संघ शाखा में आने से नेतृत्व के गुण पहले से ही विकसित होने लगते हैं। संघ शाखा में गट नायक, गण शिक्षक, मुख्य शिक्षक का दायित्व संभालते संभालते स्वयंसेवक में अनुशासन का भाव और नेतृत्व के गुण उभरने लगते हैं, जिससे उनका विकास होता रहता है। स्वयंसेवकों में कई नये गुण विकसित होते रहते हैं, जैसे शाखा में हर रोज गीत होता है, जिससे जो बच्चा जिसका स्वर अच्छा होता है, उसको गाने का मौका मिलता रहता है। शाखा में हर रोज कहानी, समाचार समीक्षा आदि के कार्यक्रम में स्वयंसेवकों का बौद्धिक स्तर भी निखरता है। शाखा में जाकर सभी को एक बड़ा परिवार मिलता है। अपने से बड़ों से मार्गदर्शन और स्नेह, छोटों की देखभाल और साथियों से सामंजस्य आदि के गुण मिलते हैं।

संघ द्वारा बच्चों और युवाओं के मानसिक शारीरिक विकास के लिए वर्ष में बाल शिविर, प्राथमिक शिक्षा वर्ग, संघ शिक्षा वर्ग, गीत प्रतियोगता, कहानी, खेल प्रतियोगिता, घोष आदि आयोजित करता रहता है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय त्योहारों को मनाने की परंपरा जो संघ ने विकसित की है, वास्तविक राष्ट्र जीवन के प्रति भाव जगाने की दृष्टि से एक प्रभावी माध्यम है। भारतीयों के नव वर्ष का सनातन समय से प्रथम दिन, वर्ष प्रतिपदा हमारे युगप्रवर्तकों की अमर उपलब्धियों का स्मरण करवाता है। हिंदू साम्राज्य दिनोत्सव (ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी) उत्पीड़नकारी मुस्लिम शासकों पर शिवाजी के पराक्रमी नेतृत्व में सन 1674 में हिंदुत्व की पुनरुत्थानशील शक्ति के विजय का सूचक है, संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न राष्ट्रीय सिंहासन की स्थापना का दिन है। गुरु पूजा एक परंपरागत दिन है।

संघ ने इसे राष्ट्रीय स्वरूप दिया है। इस स्वयंसेवक सनातन धर्म और राष्ट्रत्व के प्रतीक अपने गुरू ध्वज की पूजा करते हैं। रक्षाबंधन बंधुत्व का प्रतीक है और इस बात का स्मरण करवाता है कि हम सब एक मातृभूमि के पुत्र हैं। विजयादशमी दुष्ट शक्तियों पर हमारे विजय की गौरवमयी परंपराओं का स्मरण कराती हैं।मकर संक्रांति जो प्रकृति के अंधकार से प्रकाश की ओर होने वाले संक्रमण का स्मरण करवाती है और यह संदेश भी देती है कि हम स्वार्थ रूपी अंधकार से राष्ट्रीय चेतना रूपी प्रकाश की ओर चलें। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय के शब्दों में, आज राष्ट्र जीवन के केंद्र बिंदु पर संघ है। संघ व्यक्ति निर्माण और समाज निर्माण का कार्य करता रहेगा। संघ के एक लाख सेवा कार्य चलते हैं। संघ जनरेटर की तरह काम करता है। संघ एक जीवनपद्धति है। संघ एक कार्यपद्धति और जीवनशैली है।

भैया जी जोशी के शब्दों में शाखा के क्षेत्र में प्रत्येक परिवार किस प्रकार आदर्श परिवार बन सके। उसके सभी सदस्य संस्कारवान व देशभक्त हों। समाज में सामाजिक कार्य करने वालों की संख्या बढ़नी चाहिए। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला में स्वयंसेवकों की प्रेरणा से शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले संगठन विद्या भारती के लगभग 38 विद्यालयों को स्वयंसेवकों द्वारा खड़ा कर राष्ट्रीय और संस्कार मय शिक्षा दी जा रही है।

इसी तरह संघ से प्रेरणा ले कर बनवासी कल्याण आश्रम, हिंदू सेवा प्रतिष्ठान, सेवा भारती आदि अनेक संगठनों में स्वयंसेवकों द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। इन संगठनों द्वारा वैश्विक महामारी कोरोना में किये जा रहे सहायता कार्य सर्वविदित है। जिन गांव में शाखा लगती है, वहां शाखा के प्रारंभ होने के बाद से गांव के ज्यादातर झगड़े पंचायत में बैठ कर आपस में ही निपटा लिये जाते हैं। शराब की खपत भी न के बराबर है। पूर्ण साक्षरता की तरफ यह गांव तीव्रता से बढ़ रहे हैं। इसी तरह विद्या भारती के 350 संस्कार केंद्र पंजाब में चल रहे हैं। विद्या भारती द्वारा 350 संस्कार केंद्र चलाया जाना उसकी उपलब्धि नहीं है। उपलब्धि है, इन संस्कार केंद्रों के माध्यम से होने वाला सामाजिक परिवर्तन। स्लम बस्तियों में जाने पर स्वयंसेवकों ने देखा कि देश का भविष्य बालक सबसे उपेक्षित वर्ग है। जब सभी बालकों ने अपने-अपने घर जाकर सुबह उठते ही माता-पिता के चरण स्पर्श किये तो वह सुखद अनुभूति से भर गये। उन के पूछने पर उन्होंने बताया कि इस के लिए उन्हें संस्कार केंद्र के शिक्षक ने प्रेरणा दी है और यह भी सिखाया है कि माता-पिता ही उनके पहले भगवान हैं। इस के बाद तो घर का माहौल बदलने लगा। अब उनके पिताजी ने भी घर में शराब पीना बंद कर दिया, ताकि उन के बालकों में उन की भगवान की छवि खंडित न हो जाये। इसी प्रकार प्रार्थना में गायत्री मंत्र सिखाने पर सभी में हर्ष की लहर दौड़ गयी, क्यूंकि अब तक सभी को यही गलत कल्पना थी कि इस मंत्र पर केवल ब्राह्मणों का ही अधिकार है। इस प्रकार इन बस्तियों में समरसता का वातावरण और एक नयी ऊर्जा पैदा हुई।

इस प्रकार शाखा के दैनिक कार्यक्रमों से उत्साह, पराक्रम, निर्भयता अनुशासन सूत्रबद्धता, विजय वृति, अखंड रूप से कार्य करने का अभ्यास, परस्पर सहयोग आत्मविश्वास सामाजिक व राष्ट्रीय भाव आदि गुणों का विकास निरंतर होता रहता है। शाखा सज्जनों की सुरक्षा का भी बिना बोले अभिवचन है। स्वयंसेवकों का अनुशासन पथसंचलन के समय बखूबी दिखायी देता है। इस के अतिरिक्त बड़े से बड़े कार्यक्रम में थोड़े से स्वयंसेवकों की उपस्थिति भी व्यवस्था में गहरी छाप छोड़ देती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत के शब्दों में, भारत के हर गांव में संघ की शाखा होनी चाहिए और उसके हर सदस्य को देश की प्रगति के लिए प्रयास करना चाहिए।

संघ के आत्माभिव्यक्तिपूर्ण प्रतिमान ने समाज को अनेक अतुलनीय अत्याचारों और आक्रमणों के बावजूद अपनी एकता की भावना जीवित रखने में मदद दी है।

## जमशेदपुर की खबरें

# रावण दहन और प्रतिमा विसर्जन की रही धूम

## बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में जीत अच्छाई की ही होती है : काले

आजाद सिपाही संवाददाता





**जमशेदपुर।** दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। दशहरा के दिन ही भगवान राम ने रावण पर विजय प्राप्त की थी। उस समय से यह संदेश गया बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो,अंत में जीत अच्छाई की ही होती है। यही उद्देश्य के साथ प्रत्येक वर्ष बागुनहातु फुटबॉल मैदान में श्री श्री सार्वजनिक रावण दहन समिति और गोबिंदपुर श्री श्री सार्वजनिक रावण दहन समिति के द्वारा भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर गोबिंदपुर में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के धर्मपत्नी मीरा मुंडा और विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रबकता सह समाज सेवी अमरप्रीत सिंह काले शामिल हुए। अथितियों के द्वारा संजुक्त रूप से रॉकेट में आग लगाकर रावण दहन कार्यक्रम को सफल बनायें। बागुनहातु फुटबॉल मैदान में श्री श्री सार्वजनिक रावण दहन समिति के संरक्षक एस बी राणा के नेतृत में आयोजित रावण दहन में मुख्य अथिति भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी विकास सिंह शामिल हुए। अथितियों के द्वारा रावण दहन किया गया। मौके पर हजारों हजार की संख्या में लोग शामिल रहे। मुख्य अतिथि श्री काले ने कहा विजयदशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक है। उन्होंने कहा रावण दहन हम सभी को ईमानदारी,सहिष्णुता,सेवा व करुणा शाश्वत जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। श्री काले ने कहा कामना करते है यह त्यौहार आप सभी के जीवन में सुख, शांति व सौभाग्य लेकर आए। सबके जीवन में साहस,संयम व एक नई ऊर्जा का संचार करें। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा इस त्यौहार सभी आपसी प्रेम,भाईचारा व सद्भावना के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाएं। ताकि हमारे गौरवपूर्ण सांस्कृतिक परंपरा समृद्ध हो सके। वही काले ने इससे पूर्व मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान शिव मंदिर बमार्माइंस, दूर्गा पूजा कमेटी, श्री कृष्ण मंदिर रिफ्यूजी कालोनी, दूर्गा पूजा कमेटी, इवनिंग क्लब टिनप्लेट दूर्गा पूजा कमेटी,टेल्को कालोनी आउटर रोड उत्कल समाज, दूर्गा पूजा कमेटी,टेल्को कालोनी सी व डी रोड़ ग्रांउड के पूर्वांचल पूजा कमिटी,टेल्को, ट्रक पार्क के श्री श्री सार्वजनिक दूर्गा पूजा कमेटी,काली पूजा कमेटी हिल टॉप स्कूल एरिया,टेल्को सहित अन्य कमेटियों के साथ शामिल हुए। मौके पर उन्होंने सभी कमेटियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

### ब्रह्मानंद शास्त्री जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मना



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** कदमा ब्रह्मलोकधाम में परम पूज्य गुरुदेव ब्रह्मानंद शास्त्री के शुभ जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। ब्रह्ममुहुर्त में सामुहिक आरती के साथ कार्यक्रम का आरंभ किया गया। मौके पर शहर और आसपास क्षेत्र से लगभग 1000 से ज्यादा शिष्यों शामिल हुए। सुबह से देर शाम तक ब्रह्मलोकधाम में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर 100 नर नारायण के बीच कंबल और भोग का वितरण किया गया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहा ब्रह्मानंद शिक्षायतन के द्वारा रंगारंग नित्य प्रस्तुत की गयी। साथ ही शुभाशीष भादुड़ी की टीम के द्वारा योगा नर्तय प्रस्तुत की गयी। ब्रह्मानंद सेवा सदन के मैनेजिंग ट्रस्टी मनोबिंदु भट्टाचार्य के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन किया गया। शिविर में लगभग 245 से ज्यादा जरूरतमंदों का निशुल्क ब्लड शुगर,ब्लड प्रेशर,वजन व नेत्र जांच की गई। शिविर में सीनियर फिजिशियन डॉ एम एल अली, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ मुकेश कुमार, सीनियर ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ वरुण चंद्रा , यूरोलॉजिस्ट डॉ अजय अग्रवाल , नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ सुजीत कुमार एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पूनम कुमारी ने मरीजों की जांच की। मौके पर सभी मरीजों को निशुल्क दवा दिया गया। साथ ही चयनित 100 नेत्र रोगियों की निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन पूर्णिमा नेत्रालय में किया जायेगा। वही शिविर में चयनित 10 हृदय रोगियों की निशुल्क एंजियोग्राफी और एक मरीज की एंजियोप्लास्टी की जायेगी।

# सतबहनी में 'द सफायर' का उद्घाटन 29 को

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** मेसर्स समय होम्स ग्रुप के माइलस्टोन प्रोजेक्ट 'द सफायर' का शुभारंभ आगामी 29 अक्टूबर को आदित्यपुर के सतबहनी में होगा। इसकी जानकारी बुधवार को ग्रुप की निदेशक भारती सिंह ने दी। उन्होंने बताया कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिये मुंबई से फिल्मस्टार अक्षरा सिंह, लिपिका सामंता और उनकी टीम शिरकत करेगी। प्रोजेक्ट टाटा- कांड्रा मेन रोड स्थित रिलायंस ट्रेन्ड,अपोजिट वेबको टोयोटा से आधा किलोमीटर की दूरी पर सतबहनी में होगा। प्रोजेक्ट के प्रथम चरण में एक बेडरूम, दो बेडरूम, तीन बेडरूम व चार बेडरूम के लग्जरी फ्लैट का निर्माण होगा। इसके अलावा कुछ चार बेडरूम के बंगलो व डुप्लेक्स का भी निर्माण किया जा रहा। ग्रुप के निदेशक राजेश सिंह ने बताया प्रोजेक्ट को सर्किल ऑफिस, नगर निगम, रेरा, एवियेशन, फायर के साथ- साथ इनवायर्नमेंटल व पॉलूशन क्लियरेन्स मिलने के बाद ही निर्माण कार्य आरंभ किया गया। मेसर्स समय होम्स ग्रुप के निदेशक मंडल में तकनीकी विशेषज्ञ होने के कारण ग्राहकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।साथ ही एक एक सक्यायर इंच का पूर्ण उपयोग,ताकि कोई जगह बेकार न हो। निर्माण में डेड लोड, लाईव लोड के अलावा विंड प्रेशर, भूकंपरोधी तकनीक के साथ अत्याधुनिक तरीके से शेयरवाल युक्त स्टक्चर का निर्माण किया जा रहा। ताकि ग्राहकों को अपनी गाढी मेहनत की कमाई का संपूर्ण लाभ मिल सके। प्रोजेक्ट में ग्राहकों की सुरक्षा के साथ- साथ लागत का भरपूर उपयोग भी हो पाएगा। यहां के निवासी अपने घरों में शुकून की जिन्दगी व्यतीत कर सकेंगे। श्री सिंह ने बताया शुभारंभ के पूर्व ही सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मौके पर मेसर्स समय होम्स की ओर से निदेशक भारती सिंह, कंपनी के एडवाइजर डॉ एमएस सिंह 'मानस', मनमोहन सिंह, कंपनी के मैनेजर मिथुन बनर्जी और चरणजीत सिंह शामिल रहे।

# रघुवर ने सपरिवार किया 121 कन्याओं का पूजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर ओडिशा के नवमनोनीत राज्यपाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शहर के भालूबासा शीतला माता मंदिर में सपरिवार कन्या पूजन किया। उन्होंने धर्मपत्नी रुक्मणि देवी, सुपुत्र ललित दास,पुत्रवधू पूर्णिमा ललित दास, दामाद व परिवार के अन्य सदस्यों के संग मंदिर प्रांगण में हवन करने के उपरांत मां दुर्गा की आरती कर शक्तिस्वरूपा 121 कन्याओं का पूजन किया। इस दौरान राज्यपाल रघुवर दास ने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की प्रतीक नौ कन्याओं के पांव पखारे, श्रृंगार कर चुनरी ओढाई, घंटी बजाकर व आरती उतारकर पूरे विधि-विधान से पूजन कर आशीर्वाद लिया। मौके पर उन्होंने भैरव बाबा की भी पूजा अर्चना की। साथ ही 121 छोटी कन्याओं को मंदिर प्रांगण में अपने हाथों से हलूवा, पूरी-सब्जी, खीर, चटनी, मिठाई के रूप में भोजन परोसा। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कन्या पूजन के पश्चात कन्याओं को दक्षिणा भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व्यक्त की। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यपाल रघुवर दास ने महानवमी के पावन अवसर पर शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए झारखंड के समस्त परिवार के संग ओडिशावासियों और देशवासियों के सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की। ओडिशा के राज्यपाल व पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा प्राचीन पौराणिक कथा के अनुसार नवरात्रि के अष्टमी और नवमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे परिवार के साथ शीतला माता मंदिर में कन्या पूजन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने दशहरा की शुभकामनाएं देते हुए कहा बुराई पर अच्छाई के जीत के प्रतीक है दशहरा पर्व। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री ओडिशा के नवमनोनीत राज्यपाल और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने महानवमी के दिन शहर के पूर्वांचल पूजा कमेटी, टेल्को, उत्कल पूजा कमेटी, बमार्माइंस, देवस्थान मंदिर,बमार्माइंस, ट्यूब बारीडीह पूजा कमेटी, बारीडीह, हरिजन स्कूल मैदान, भालूबासा, सबुज कल्याण संघ, बंगो क्रिस्टी पूजा कमेटी, टेल्को समेत साकची व अन्य क्षेत्र के पूजा पंडालों में शक्ति की अधिष्ठात्री देवी माँ दुर्गा की पूजा-आराधना कर सभी के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 26 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


# भक्तों ने दी मां दुर्गा को भावभीनी विदाई

**हजारों की संख्या में महिला पुरुष और बच्चे मूर्ति विसर्जन में हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** दुर्गा पूजा हर्षोउल्लास के साथ संपन्न हो गया गढ़वा में नौ दिनों तक मां दुर्गा की उपासना का वातावरण भक्तिमय बना रहा शहर के ऐतिहासिक मां गढ़देवी मंदिर में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन निर्धारित तिथि दसवीं के दिन किया गया। शहर के लोग एकत्रित होकर मां दुर्गा की प्रतिमा को कंधे पर लेकर नग्न पांव विसर्जन स्थल सोनपुरवा मोहल्ला स्थित रामबाण तालाब तक ले जाकर माता की प्रतिमा का विसर्जन किया। जहां माता की मूर्ति का विसर्जन पूरे विधि विधान के साथ की गयी। शहर के अन्य पूजा पंडालो में स्थापित दुर्गा मां की प्रतिमाओं का विसर्जन बुधवार को किया गया।

**मूर्ति विसर्जन के दौरान कई पूजा समिति:** अपने-अपने पूजा पंडालो से वाहन पर प्रतिमा को रखकर सजावट के साथ सोनपुरवा मोहल्ला स्थित रामबांध तालाब में विसर्जन किया दशहरा का पर्व शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा भी पूजा पंडालो के विभिन्न चौक चौराहा सहित विसर्जन स्थल पर दंडा अधिकारी के साथ साथ पुलिस बल के जवान तैनात किये गये थे। जिसमे जय मां शेरावाली संघ भगलपुर, जय भवानी संघ संगत मोहल्ला, जय माता दी सोनपुरवा, व्यवसाई संघ बाजार समिति, मां दुर्गा पूजा समिति बिशुनपुर सहित अन्य पूजा समितियां के द्वारा बनाया गया। पूजा पंडाल व प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बना रहा। वहीं दशहरा के अवसर पर लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर स्वादिष्ट पकवान का भरपूर आनंद लिया।

**रात से ही शुरू हुई माता के दर्शन का सिलसिला**

शारदीय नवरात्र के महानवमी पर पूजा पंडालो में श्रद्धालुओं की भीड़ उम्र पड़ी श्रद्धालुओं में नवमी पूजन के विधान पूर्ण हुए । रात भर जगकर लोगों ने पंडालो में माता के दर्शन किये सोमवार को सार्वजनिक पूजा पंडालो मे हवन और पुष्पांजलि तो घरों में कन्या पूजन कर नवरात्र की पूणार्हुति हुई। पंडालो में हवन और पुष्पांजलि के बाद पूरे दिन भोग प्रसाद ग्रहण करने का सिलसिला जारी रहा जगह-जगह पर भंडारे का भी आयोजन लोगों ने किया, जहां श्रद्धालुओं का भीड़ प्रसाद ग्रहण के लिए उमड पड़ा।

# प्रतिमा विसर्जन में दिखी हिंदू-मुस्लिम एकता

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** गढ़वा मुस्लिम समाज के तत्वावधान में मंगलवार को मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन में शामिल श्रद्धालुओं के बीच मिष्ठान व शीतल पेयजल का वितरण किया गया। इसके अलावे सभी श्रद्धालुओं के ऊपर फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं श्रद्धालुओं के बीच गुलाब का फूल भी प्रदान किया गया। शहर के मझिआंव मोड़ पर आयोजित उक्त कार्यक्रम का नेतृत्व युवा समाजसेवी मासूम खान ने की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि गढ़वा जिला संप्रदायिक एकता के लिए पूरे देश मे प्रचलित है। यहां के सभी लोग कोई भी पर्व-त्योहार आपस मे मिलजुल कर मनाते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य आपसी भाईचारा को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम त्योहार में हिन्दू भाई के द्वारा इसी तरह का कार्यक्रम आयोजित कर अकीदतमंदों को सुविधा प्रदान करते हैं। वहीं हिंदू भाई के त्योहार में मुस्लिम भाई के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गढ़वा जिला के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ यासीन अंसारी ने कहा कि हम सभी हिन्दू, मुसलमान और ईसाई भारत देश के निवासी हैं। शताब्दियों से हम इसी देश में रहते आ रहे हैं। भारत देश हमारी फुलवाड़ी है। उन्होंने कहा कि संसार के प्रत्येक धर्म में अच्छाइयां विद्यमान हैं। प्रत्येक सम्प्रदाय में समान रूप से कल्याण की भावनाएं हैं। प्रत्येक धर्म या सम्प्रदाय प्रेम, देश भक्ति, साहस, वीरता, बलिदान, सत्य, त्याग, मानव-मानव की एकता में एक ही ईश्वर की उपस्थिति और अहिंसा का पाठ पढ़ाता है। मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर यासीन अंसारी, आजाद समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव सिराज खान, समाजसेवी सह प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ असजद अंसारी, गढ़वा जिला अंजुमन सदर मदनी खान, जेएमएम जिला अध्यक्ष तनवीर खान, वक्फ बोर्ड के शौकत कुरैशी, विधायक प्रतिनिधि नीलू खान, सनाउल्लाह खान, करीब, शफीक, अरमान, साबिर, फैजान आदि उपस्थित थे।

## दशहरा का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ संपन्न



रंका (आजाद सिपाही)। दैवी शक्तियों का आसुरी शक्ति पर विजय का त्यौहार मां दुर्गा पूजा दशहरा का त्यौहार रंका अनुमंडल मुख्यालय सहित संपूर्ण थाना क्षेत्र में धुमधाम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर थाना मोड़ दुर्गा पूजा कमेटी के द्वारा दश दिनों तक श्री राम लीला आयोजन किया गया जिसका आनंद श्रद्धालुओं ने उठाया। माँ जगदंबे पूजा कमेटी सलेया के द्वारा दश दिनों तक रामायण सिरियल दिखलाया गया। इस मौके पर पूजा कमेटियों के द्वारा भंडारा का भी आयोजन किया गया। मूर्ति विसर्जन के अवसर पर रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम, अंचल पदाधिकारी शिव पूजन तिवारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार, थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा, मां काली युवा संघ के अध्यक्ष रंजीत शौंडिक, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, रंका कला मुखिया प्रतिनिधि राजेश मद्धेशिया सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## दुर्गा मंदिर के प्रतिमा विषर्जन के दौरान उमड़ा जनसैलाब



रमना (आजाद सिपाही)। रमना मुख्यालय सहित आस पास के क्षेत्रों में विजयादशमी का त्योहार हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर माँ दुर्गा की प्रतिमा को गाजे-बाजे के साथ अपने-अपने स्थानीय क्षेत्रों के तालाबों, नदी में माँ दुर्गा का प्रतीमा का विसर्जन किया गया। वही कई जगहों पर बुधवार को दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा। जिसमे मुख्य रूप से बाजार स्थित जय भावनी संघ के द्वारा आयोजित मंगलवार को प्रतिमा का विसर्जन में हजारों श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। पिछले 75 वर्षों से अपने परंपरा के अनुसार श्रद्धालुओं ने माँ दुर्गा के विसर्जन अपने कंधे के सहारे तीन किलो मीटर दूर सुखड़ा नदी में विसर्जन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष अनुज कुमार,राजू कुमार संदीप कुमार,डब्लू गुप्ता,अनुज कुमार सहित अन्य लोगो का सराहनीय योगदान रहा। इस दौरान थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में पूजा के दौरान चौकसी देखी गयी।

## दसवीं कक्षा के छात्र का पेड़ से लटका शव बरामद



बरडीहा(आजाद सिपाही)। बरडीहा थाना क्षेत्र के लावा चंपा गांव निवासी राजेश रजवार के लगभग 17 वर्षीय पुत्र वर्ग दस का छात्र अक्षय कुमार उर्फ टैबरा का शव जंगल के पेड़ से झूलता हुआ पुलिस ने बरामद किया है। जिसे पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को बरामद कर थाना लाई एवं मंगल वार को गढ़वा पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतका की मां सरिता देवी ने रोते हुए बताया कि उसके पुत्र को चाकू से हत्या किया गया है तथा शरीर के की जगहों पर चाकू से मारा हुआ निशान हैं तथा उसका हाइड्रोसील भी मला हुआ था,तथा खुन भी बहने का निशान भी ग्रामीणों के द्वारा देखा गया। हालांकि थाना प्रभारी संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि वह लड़का आत्म हत्या किया है और चाकु से मारकर हत्या से इंकार करते हुए बताया कि पेड़ पर चढ़ने के क्रम में खरोंच लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि अमृता के परिजनों के द्वारा दिये गये आवेदन के आलोक में आगे की कार्रवाई की जायेगी। इधर मृतक दो भाई एक बहन होते हैं, जिसमें 13 वर्ष की बहन और 11 वर्ष का एक भाई है।

# प्रतिमा विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा का हुआ समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** दस दिनों तक चलने वाला दुगार्पूजा महोत्सव प्रखंड भर में हर्षोल्लास के साथ मूर्ति विसर्जन के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। प्रखंड मुख्यालय में बाजार टोला, छवआना टोला, पूवार्रा टोला बड़का खलिहान, भुइया टोला, तेली टोला, दिलबोध टोला, मुडल टोला, हॉस्पिटल चौक, बस स्टैंड तथा मकुना टोला के मूर्ति के साथ भव्य जुलूस निकाला गया जिसका मिलनी थाना चौक पर हुआ। जहां से विशाल जुलूस बस स्टैंड पुरानी बाजार होते हुए प्राचीन शिवाला मंदिर के पास पहुंचा जहां श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की आरती उतारी तथा अंतिम दर्शन पूजन के पश्चात नम आंखों से बारी बारी सभी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। जुलूस का नेतृत्व सभी पूजा पंडालों के प्रतिनिधियों के साथ सीओ यशवंत नायक, थाना प्रभारी नीतीश कुमार अपने कनीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ करते देखे गये। बता दें कि प्रखंड भर में 82 स्थानों पर मां दुर्गा दरबार की प्रतिमा स्थापित की गयी थी। 9 दिनों तक सभी जगह मां के दर्शन तथा आयोजित कार्यक्रम रामलीला, ड्रामा तथा पर्दे पर सीरियल देखने के लिए देर रात्रि तक श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही थी। प्रखंड मुख्यालय में सबसे अधिक 11 सार्वजनिक स्थानों पर मां दुर्गा दरबार की प्रतिमा स्थापित की गई। जिसमें सबसे प्राचीन स्थल मेराल बाजार जहां 1958 से मां दुर्गा दरबार की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जाती रही है। इस वर्ष भी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर बड़े ही धूमधाम से पूजा अर्चना की गई तथा लगातार नौ दिनों तक अयोध्या से आये कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया गया। इसके अलावा बस स्टैंड पर जय भवानी संघ के द्वारा विजयादशमी को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी तरह छवआना टोला, पूवार्रा टोला सहित सभी पंचायतों के पूजा पंडालों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# दो बाइक दुर्घटना में दो युवकों की मौत, तीन गंभीर


आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दशहरा पर्व के दिन दो अलग अलग जगहों पर हुई बाईक दुर्घटना में दो युवको की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतकों में बाजार निवासी रवि कुमार चंद्रवंशी 22 वर्ष पिता उपेंद्र चंद्रवंशी व विकास रजक 24 वर्ष पिता अशोक बैठा का नाम शामिल है। वहीं घायलों में सिंघिताली निवासी संजीव कुमार चौबे कि पुत्री खुशी कुमारी, रिया कुमारी तथा राकेश राम का नाम शामिल है। पहली घटना भवनाथपुर श्रीबंशीधर नगर मुख्य पथ पर राजकुमार राउत के घर सामने मोड़ पर घटी। इस घटना में बाजार निवासी विकास रजक व रवि कुमार चंद्रवंशी बाईक पर सवार होकर पेट्रॉल पंप से बाजार की तरफ आ रहे थे, तभी विपरीत दिशा की ओर से आ रही एक अज्ञात बोलेरो की चपेट आने से रवि कुमार चंद्रवंशी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। गंभीर रूप से घायल विकास रजक को स्थानीय युवको ने ईलाज हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, यहाँ उसका प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक स्थित को देखते हुए गढ़वा रेफर कर दिया गया वहां से रांची रेफर किये जाने के बाद उसे ईलाज हेतु ले जाने के दौरान कुडू में उसकी मौत हो गयी।

इधर जैसे ही दोनों युवको की मौत की सूचना मिलते ही पुरे भवनाथपुर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। उनके निधन से दशहरा की पर्व मातम में तब्दील हो गयी। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार दल बल के साथ अस्पताल पहुंचे तथा परिजनों से घटना की जानकारी लेने के बाद शव का पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजवाया। दोनों युवकों का दाह संस्कार राजदहवा नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया। वहीं दूसरी घटना सिंघिताली गांव के समीप घटी यहां संजीव कुमार चौबे की दोनों पुत्री खुशी कुमारी व रिया कुमारी दशहरा के संध्या गाँव के ही मंदिर मे पूजा करने ल जा रहीं थी, तभी शराब के नशे में धूत सिंघिताली निवासी बाईक चालक राकेश कुमार ने दोनों बच्चियों को धक्का मार दिया जबकि अनियंत्रित होकर बाईक पलटने से राकेश राम भी घायल हो गए। उक्त तीनो को ईलाज हेतु स्थानीय सीएचसी लाया गया यहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद खुशी कुमारी को बेहतर ईलाज हेतु बाहर रेफर कर दिया गया।

## शक्तिपुंज एक्सप्रेस का रमना में होगा ठहराव: सांसद



गढ़वा(आजाद सिपाही)। सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों के फलस्वरुप शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 11447/11448 का रमना रेलवे स्टेशन पर ठहराव किया जायेगा। विदित है कि उक्त ट्रेन के ठहराव के लिए सांसद ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से व्यक्तिगत मुलाकात कर मांग किया गया था। आज उक्त ट्रेन के ठहराव के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। बहुत जल्द तिथि निर्धारित कर जिले के रमना रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम आयोजित कर शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन का विधिवत ठहराव का शुभारंभ किया जायेगा। जानकारी के अनुसार उक्त ट्रेन के ठहराव की मांग श्री बंशीधर नगर अनुमंडल और गढ़वा की जनता द्वारा लगातार की जा रही थी। रमना रेलवे स्टेशन पर ठहराव होने से यात्रियों को आवागमन में सहूलियत होगी। इसके लिए सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू संसदीय क्षेत्र की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं अभार प्रकट किया है।

## लेखा सहायक के पिता के निधन पर कालेज कर्मियों ने जताया शोक

गढ़वा(आजाद सिपाही)। एसपीडी कॉलेज गढ़वा के लेखा सहायक सचिन कुमार चौबे के पिता गोरखनाथ चौबे 78 वर्ष का इलाज के दौरान कल वाराणसी में निधन हो गया। उनके निधन पर आज बुधवार को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर निकलेश कुमार चौबे की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित किया गया। शोकसभा में महाविद्यालय के लेखा सहायक के पिता गोरखनाथ चौबे के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की गई। महाविद्यालय कर्मियों ने 2 मिनट मौन रखकर मृतक श्री चौबे की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया तथा कामना किया कि ईश्वर शोक की इस घड़ी में परिजनों को दुख सहने का साहस दें। महाविद्यालय कर्मियों ने कहा कि शोक की इस घड़ी में कॉलेज परिवार उनके साथ खड़ा है। शोकसभा में प्रोफेसर अरुण कुमार तिवारी, प्रोफेसर दिवाकर चतुवेर्दी, प्रोफेसर अर्जुन प्रसाद मेहता, प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार पांडेय, प्रोफेसर विनोद कुमार द्विवेदी, प्रोफेसर हिमांशु भूषण जरुहार, प्रोफेसर उमेश सहाय, प्रधान सहायक सुरेंद्र कुमार दुबे, लेखपाल अखिलेश कुमार तिवारी, सुधीर पाठक, मनोहर राम आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ की मौत

रमना (आजाद सिपाही)। मंगलवार को रमना थाना क्षेत्र से होकर गुजरी एनएच 75 सड़क पर घटी सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ की मौत हो गयी। जबकि दुसरा घायल है। जानकारी के मुताबिक बुधवार के रात्री राम विद्यालय सिलीदाग एक के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक अधेड़ की इलाज के दौरान सदर अस्पताल गढ़वा में मौत हो गयी। फिलहाल मृतक की पहचान नही हो सकी है। मृतक काला रंग का लोअर और लाल, काला, उजला पट्टी का टीसर्ट में है। वहीं दुसरी घटना सर्वेश्वरी चौक के समीप शाम को घटी, जिसमें लातेहार के डोकी गांव निवासी 35 वर्षीय अरविंद उरांव सड़क से गुजर रहें युवक को बचाने में मोटर साईकिल से गिर कर घायल हो गया। घटना के समय मौके पर मौजूद थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा ने स्वंय घायल को सड़क से उठाकर आँट से लेकर रमना सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुंचे जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया

# कलश यात्रा के साथ पाल्हे-जतपुरा में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्रीबंशीधर नगर।** ऐतिहासिक कलश यात्रा के साथ पाल्हे-जतपुरा में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ शुरू हो गया। महान संत जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में यज्ञ का आयोजन हो रहा है। कलश यात्रा में लाखों श्रद्धालु शामिल हुए। पूरा क्षेत्र कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के जयघोष से गुंजयमान हो गया। कलश यात्रा घोड़े ऊंट व गाजे-बाजे के साथ 10 किमी से भी लंबी निकली। इस दौरान हेलीकॉप्टर से कलश यात्रा में शामिल लोगों पर पर पुष्प वर्षा की जा रही थी। कलश यात्रा में वैदिक परंपरा के अनुसार सबसे आगे अश्व, गज, ऊंट के साथ करीब एक लाख श्रद्धालु लाल-पीला व केसरिया रंग की पगड़ी बांधे श्रद्धा और उत्साह के साथ शामिल हुए। उसके बाद 10 रथों पर सवार देश के महान संत चल रहे थे। इस दौरान श्रद्धा, आस्था और भक्ति का उफान जोरों पर रहा व वातावरण में आस्था के नारे गूंजते रहे। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से शुरू हुआ। जो मेन रोड होते हुए बंशीधर मंदिर तक गया। वापस अधौरा होते हुए श्रद्धालु बांकी नदी से जल भर कर यज्ञ स्थल पर पहुंचे। इस यात्रा में कलश लिए शामिल महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला का एक बार परिक्रमा कर कलश की स्थापना की।

**विधि व्यवस्था को लेकर किये गये थे कई प्रबंध**

कलश यात्रा में संभावित भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन द्वारा पहले से ही काफी तैयारी की गई थी। महदेइया जेल से लेकर रमना थाना मोड़ तक वाहनों का प्रवेश कर दिया गया था। एसडीओ आलोक कुमार, एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीतीश सिंह सहित अन्य पदाधिकारी सैकड़ो सुरक्षा कर्मियों के साथ विधि व्यवस्था को लेकर तैनात थे।

**कलश यात्रा में एक लाख से अधिक लोग हुए शामिल**

कलश यात्रा को लेकर सुबह से ही शहर में उत्साह का माहौल था। केशरिया, पिला और भगवा वस्त्र धारण कर सुबह से ही यज्ञ स्थल पर पहुंच रहे थे। यज्ञ समिति के सदस्य भीड़ को नियंत्रित करने में लगे रहे। झारखंड के अलावे उत्तर प्रदेश, बिहार, छतीसगढ़, मध्यप्रदेश से भी श्रद्धालु पहुंचे थे। कलश यात्रा में विधायक भानू प्रताप शाही, पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, वरिष्ठ भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, दीपक प्रताप देव, मुक्तेश्वर पांडेय, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय, रघुराज पांडेय, सहित हजारों लोग शामिल हुए।

## दशहरा पर्व शांतिपूर्वक संपन्न



विशुनपुरा (आजाद सिपाही)। प्रखंड में मां दुर्गा के प्रतिमा विसर्जन के साथ ही हर्षोल्लास के साथ दशहरा पर्व शांति पूर्ण संपन्न हो गया। श्रद्धालुओं ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर मां को अंतिम विदाई दी। खासकर महिलाओं ने मां को बेटी की तरह खोइछा भरकर विदाई दी। प्रखंड के विभिन्न नदी व तालाबों में प्रतिमा का विसर्जन किया गया। मूर्ति विसर्जन जुलूस को लेकर थाना प्रभारी संजय कुशवाहा के द्वारा शांति पूर्ण विसर्जन को लेकर चौक चौराहों सहित जगह जगह पुलिस जवान की तैनाती की गयी थी।

JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology

**TENDER CANCELLATION NOTICE**
**(Ref. No. – JAPIT/VC/Court/01/2023)**

(An Autonomous body under Department of Information Technology, Govt of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401067 e-mail: japit_doit@rediffmail.com

The tender for "Selection of Service Provider for Installation of Video Conferencing System at District and Sub Divisional Court of Jharkhand" (Ref. No. JAPIT/VC/Court/01/2023) has been cancelled.
**(Ref PR no. 304766)**

Sd/-
Officer on Special Duty
JAP-IT

PR 309856 Information Technology(23-24)D

**कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, हजारीबाग (जिला निर्वाचन शाखा)**

जाएं, वोट डालने जाएं। अपना वोट काम में लाएं।।

एक वोट से होती जीत-हार। वोट न हो कोई बेकार।।

**-: आम सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत् 21-बरही विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 02 एवं 24-माण्डू विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत 10 मतदान केन्द्रों के विलय की स्वीकृति भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक-64/पूर्व0 अनु0-1/झार/2023, दिनांक 10.10.2023 द्वारा प्रदान की गई है। आयोग के सहमति के उपरांत मतदान केन्द्रों की सूची के प्रकाशन का नोटिस अनुलग्नक IV में प्रकाशित किया गया है। मतदान केन्द्रों की सूची का अवलोकन संबंधित विधान सभा क्षेत्र के अंचल/प्रखण्ड कार्यालय, अनुमण्डल कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय, हजारीबाग में किया जा सकता है। साथ ही हजारीबाग के वेबसाईट (www.hazaribag.nic.in) पर भी देखा जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-उपायुक्त, हजारीबाग

PR309867 (Election)23-24*D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 26 अक्टूबर, 2023
www.azadsipahi.in


## खलारी-पिपरवार कोयलांचल में धूमधाम से दुर्गापूजा संपन्न, मेले में उमड़ी भारी भीड़

# नम आंखों से दी गयी मां दुर्गा को अंतिम विदाई

### विजयीदशमी पर बचरा दुगार्पूजा पंडाल मे उमड़ी लोगों की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** कोयलांचल व आसपास के ग्रामीण इलाकों में दुगार्पूजा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। क्षेत्र के बचरा, राय, चुरी, बहेरा, बेंती, राय कोलियरी, पुरानीराय सहित अन्य जगहों पर महानवमी और विजयदशमी के दिन श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। सभी जगहों पर श्रद्धालु मां दुर्गा की पूजा की और क्षेत्र में सुख-शांति की कामना की। पूरा कोयलांचल मां दुर्गा की भक्ति में लीन रहा। इधर, दुर्गा पूजा को लेकर क्षेत्र के सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गये थे। पिपरवार पुलिस द्वारा पूजा पंडालों में सुरक्षा बल के जवानों को तैनात किया गया था। बीडीओ देवलाल उरांव, इंस्पेक्टर रंजीत रौशन और पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ले रहे थे।

### दुर्गापूजा मेला में उमड़ी लोगों की भीड़


विजय दशमी पर प्रतिमा-पंडाल दर्शन को उमड़ी भीड़।


नगर भ्रमण के दौरान महिलाएं।

बचरा दुगार्पूजा पंडाल के पास आयोजित मेले में विजयदशमी को काफी भीड़ देखी गई। मेला में लगाई गई सभी दुकानों में लोगों का तांता लगा रहा। बच्चो ने झूला में खूब मस्ती की। इसके अलावे चाउमिन चार्ट और आईस्क्रीम की दुकानों में महिलाओं की भीड़ लगी रही। मेला मे टावर झुला, नाव झुला,ड्रेगन,ब्रेक डांस और जम्पीगं में भी भीड़ दिखी। इससे पूर्व महानवमी को करीब 10 हजार और विजयीदशमी को करीब 30 हजार से अधिक लोग मेला देखने पहुंचे थे। मेला में राय, डकरा, खलारी, चुरी, पुरानीराय, मैक्लुस्कीगंज, धमधमिया, लपरा, बुड़मू, ठाकुरगांव, बहेरा, किचटों, कारो, कल्याणपूर, बुंडू, हफुआ, चिरैयांटांड़, बिलारी, टंडवा, केरेडारी आदि कई गांवों के हजारों लोग शामिल हुए। वहीं, पूरे मेला की निगरानी सीसीटीवी कैमरा से की गई, जबकि पिपरवार पुलिस द्वारा मेला परिसर में जवानों और महिला होमगार्ड को तैनात किया गया था। बीडीओ देवलाल उरांव, इंस्पेक्टर रंजीत रौशन और पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार लगातार पूजा पंडाल और मेला का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते रहे।

## खलारी में दुर्गापूजा शांतिपूर्ण व हर्षोल्लास संपन्न



**खलारी (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्रों में मां दुर्गा की प्रतिमा का नगर भ्रमण कराने के बाद नम आंखों से विदाई दी गयी। इसके साथ ही दुर्गापूजा शांतिपूर्वक व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। क्षेत्र के सभी पूजा स्थलों से मां दुर्गा की प्रतिमा को ढोल बाजे के साथ नगर भ्रमण कराया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां के जयकारे के साथ नगर भ्रमण किया। इससे पूर्व श्रीजानकी रमण मंदिर, करकट्टा, धमधमियां, खलारी बाजारटांड़, चामा चौक, लपरा, हेसालोंग, नावाडीह सुभाषनगर, मोहननगर, चुरी, केडीएच, डकरा पीओ ऑफिस, डकरा बी-टाइप सहित अन्य जगहों पर सोमवार को महानवमी पूजा, पुष्पांजलि, शाम में आरती और मंगलवार को महादशमी व अपराजिता पूजा हुई। जबकि दशमी का पूजन कर ढांक बाजे के साथ नवपत्रिका का विसर्जन धूमधाम से हुआ। इसके साथ ही महिलाओं ने मां दुर्गा का वरण पूजन किया। साथ ही सिंदूर खेलकर रश्म पूरी की। बंगाली समुदाय की महिलाओं के साथ अन्य महिलाओं ने भी जमकर सिंदूर खेला और मां को विदा किया। श्रीजानकी रमण मंदिर से दोपहर दो बजे से नगर भ्रमण के बाद खलारी जीटाईप स्थित तालाब में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन कर दिया गया। श्रीजानकी रमण मंदिर में मंगलवार की शाम में विजय मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शांति पाठ के बाद लोग एक-दूसरे से गले मिलकर दशहरा की बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा समिति अध्यक्ष रंजन सिंह बिटटू, सचिव अवधेश यादव, संरक्षक राजन सिंह राजा, सत्येंद्र सिंह, अमरभूषण सिंह, मुख्य संयोजक अरविंद सिंह, मिथिलेश सिंह, दिनेश पांडेय घंटू, धीरेंद्र प्रसाद, अरूण चौरसिया के अलावे समिति के शशि सिंह, गिरधर तिवारी, अजित सिंह, सोनू सिंह, बंटी सिंह, विक्की सिंह, संजय कामत, बबलू, पवनराज सिंह, कृष्णा नायक, समर सेन, शिवप्रसाद साहू, संतोष सिंह, रवि कुमार, गुड्डू सिंह, अजय वर्मा, कन्हैया झा आदि का सराहनीय योगदान रहा है।

## डकरा में वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा का अनावरण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा में वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा का अनावरण मंगलवार विजय दशमी को किया गया। काफी लंबे समय के इंजतार के बाद डकरा सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति से जुड़े लोग मंगलवार को डकरा वीर कुंवर सिंह चौक पर एकत्रित हुए जिसके बाद विधिवत पूजन के बाद पूजा समिति के लोगों द्वारा क्षेत्र के अन्य गणमान्य लोगों के साथ संयुक्त रूप से वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा के चेहरे पर बंधा कपड़ा को हटाया गया। मालूम हो कि 25 अप्रैल को वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा को स्थापित किया गया था। जिसके बाद से प्रतिमा के अनावरण को लेकर कई तिथि भी तय की गयी थी, लेकिन अनावरण नहीं हो सका था। डकरा सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति से जुड़े लोग सामने आए और लोगों को आमंत्रित कर अनावरण कार्यक्रम पूरा कर दिया। इस मौके पर बिगन सिंह भोगता, रामलखन गंझू, विकास दुबे, कार्तिक पांडेय, हरेंद्र सिंह, मनोज सिंह, इंदिरा देवी, मारुति देवी, बिट्टू सिंह, सैयद गोल्डी, धर्मेंद्र सिंह, बिनोद सिंह, गुंजन सिंह, नंदकिशोर चंदेल, संतोष सिंह आदि मौजूद थे।

## दुर्गापूजा पर बचरा में आयोजित कार्यक्रम में झूमे लोग



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** पिपरवार क्षेत्र के बचरा बाजारटांड़ में दुगार्पूजा के अवसर पर भक्ति जागरण और आरकेस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार रविवार महाअष्टमी की रात भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार ने किया। इसमें बाहर से आये कलाकारों ने कई भक्ति गीत और झांकी पेश की। जिस पर दर्शक झूमने पर मजबूर हुए। कार्यक्रम में मां दुर्गा द्वारा राक्षस का वध करते दिखाये गये झांकी को लोगो ने खूब पंसद किया। वहीं विजयीदशमी की रात आरकेस्ट्रा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन टंडवा बीडीओ देवलाल उरांव और सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत रोशन ने किया। कार्यक्रम में बाहर से आये कलाकारो ने हिंदी, नागपूरी, भोजपूरी भाषाओ में गीत और नृत्य पेश कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## मनुष्य के अंदर की बुराइयां ही रावण है, उसे खत्म करना बेहद जरूरी : बीके प्रीति बहन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला की नियमित प्रीति बहन ने क्षेत्र के नगरवासियों को विजयादशमी की बधाई देते हुए विजयादशमी आध्यात्मिक रहस्य बताया। उन्होंने कहा कि मनुष्य के अंदर की बुराइयां ही रावण है, उसे खत्म करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि हम सबको अपने अंदर के विषय विकार और व्यसन रूपी रावण को हमेशा के लिए दहन करना होगा। यह पर्व असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की एवं बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व है। इसलिए हम सभी को मिलकर इस संसार में व्याप्त बुराई रूपी रावण को मिटा कर संसार को सुखमय संसार बनाने में योगदान देना होगा। रावण के पुतले का दहन करने से बुराइयों का अंत नहीं होगा बल्कि मानव आत्माओं के मन में व्याप्त व्यसन एवं बुराइयों को देवी मां के सामने शक्ति प्राप्त करके सदा के लिए दहन करना होगा तभी यह संसार सही मायने में स्वर्णिम्प संसार बन पायेगा।

## केडी, डकरा और करकट्टा स्टेडियम में हुआ रावण दहन


केडी नेहरू स्टेडियम में धू-धू कर जलता रावण।

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** झारखंड यूथ क्लब और रावण दहन संचालन समिति केडी की ओर से खलारी नेहरू स्टेडियम में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह द्वारा रावण के पुतले को आग लगाया गया। सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में जमकर आतिशबाजी की गई जिसके बाद पुतला दहन हुआ। रावण दहन कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सरक्षक राजन यिंह राजा, राजेष सिंह मिंटु, संयोजक रंजन सिंह बिट्टु, झारखंड यूथ क्लब अध्यक्ष विक्की सिंह, प्रिंस सिंह, रवि सिंह, सुशांत सिंह, सतेंदर सिंह, मिक्की पासवान, सोनू निषाद, अरुण यादव, विवेक पंडित, दीपू सिंह, मोनू सिंह, बबलू सिंह, संजय कामत, रामकांत पासवान, अभिषेक सिंह, सुनील गंझू आदि की भूमिका सरहानीय रही। वहीं, डकरा स्टेडियम में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा रोकेट चलकर रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी भी की गई। रावण दहन देखने के लिए स्टेडियम मे हजारों लोगों की भीड़ जुटी रही। रावण दहन के मौके पर मुख्य अतिथि अनिल कुमार सिंह ने कहा कि बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयदशमी पर्व है। इस मौके पर खान प्रबंधक लोकनाथ राणा, शैलेश कुमार, रमेश विष्वकर्मा, इंदिरा देवी, कमलेश प्रसाद, धर्मेंद्र सिंह, तूफान सिंह, कार्तिक पांडे, सुनील सिंह, आरके सिंह, संतोष सिंह, शत्रुंजय सिंह सहित कई लोग मौजूद थे। इधर करकट्टा में भी रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। तुमांग पंचायत मुखिया संतोश कुमार महली ने रावण के पुतले को आग लगाया। इस मौके रावण दहन देखने के लिए सैंकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ रही।

## मैकलुस्कीगंज के हेसालौंग गांव में भूत मेले का आयोजन


मेला का उद्घाटन करते अतिथिगण,।


मेले में उमड़ी भीड़।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** मैकलुस्कीगंज के हेसालौंग गांव में बुधवार को एकादशी के अवसर पर एतिहासिक भूत मेले का आयोजन किया गया। मेले की शुरूआत स्थानीय पाहनों द्वारा पारंपरिक रुप से पूजन करने के बाद किया गया। इसके बाद आजसू के कांके विधानसभा प्रभारी जोगिंद्र उरांव, जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, लपरा मुखिया पुतुल देवी की ओर से संयुक्त रुप से किया गया। अपने संबोधन में जोगेंद्र उरांव ने कहा कि वर्षा ऋतु में जब अच्छी बारिश होती थी तो किसानों में एक अलग सा उमंग होता है। उत्साह का माहौल रहता है और तब इस तरह के जतरा मेले की अहमियत बढ़ जाती है। बरसात के बाद आप देखेंगे कि पूरे छोटानागपुर क्षेत्र में जतरा मेला का आयोजन होता है। पूर्वज बतातें है कि इस तरह का आयोजन करने के पीछे भी एक बड़ा कारण रहा है। मेला के नाम पर प्रत्येक घर में मेहमान का आगमन होता है। एक-दूसरे का हाल चाल से लेकर सामाजिक सरोकार का मसला, समस्या और उसके निदान पर बहस होती है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस जतरा के आयोजन में आदिवासी एवं मूलवासी दोनों की आपसी भाईचारगी सहभागिता और मिलन का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से विजय गुप्ता, शिवपूजन साहु, एसआई सुमित भगत, लखन प्रसाद, सुरेश साहु, पवन सहित अन्य लोग उपस्थित थे। मेले में लातेहार, लोहरदगा, चतरा, हजारीबाग, रामगढ चंदवा. सहित अन्य जगहों से आये लोगों ने कृषि उपकरण खिलौने, मिठाई, श्रृंगार सहित ईख की खरिदारी की। मेला में हर बार की तरह मेला का आकर्षण ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले तंत्र मंत्र की साधना करने वाले साधक रहे, जो अपने गुरु के साथ भूत की तरह वेश बनाकर आते हैं और बारी-बारी से अपनी कला का प्रदर्शन करते हैं। वहीं आसपास के खोड़हा टीम मेला के आकर्षण का केंद्र रहा। मेले में पारंपरिक मिठाईयां, श्रृंगार, खिलौने सहित कई जरूरत के समान की काफी बिक्री हुई है। मेला को सफल बनाने में कुलदीप साहु, अजय कुमार, मनोज साहु, राहुल कुमार, कृष्णा साहु, संदीप, राजेश साहु, रविन्द्र साहु, गुप्तेश्वर कुमार, रुपेश कुमार, प्रह्लाद कुमार आदि की भूमिका सराहनीय ररही है।

## प्रमुख रीना कुमारी के कल्याणपुर आवास में सरना प्रार्थना सभा का आयोजन

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** कल्याणपूर में टंडवा प्रमुख रीना कुमारी के आवास में बुधवार को सरना प्रार्थना सभा का आयोजन कर घर का शुद्धिकरण किया गया। इस मौके पर धरम अगुवा ने ईष्ट देवता की पूजा-अर्चना की। सभा में भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत किये गये पारंपरिक गीतों से पूरा इलाका गूंज उठा। प्रार्थना सभा में आए समाज के लोगों द्वारा धर्म परिवर्तन पर गहरी चिंता जताते हुए सामाजिक और धार्मिक एकता पर जोर देकर अपनी संस्कृति को बचाने की अपील की गई। साथ ही सामाजिक समस्याओं पर चर्चा करते हुए सभी को एकजुट होने की अपील की गई। मौके पर ललित कुमारी, अरुण उरांव, राजी पहाड़ा प्रार्थना सभा लरंगा के छोटू उरांव, किशोर उरांव, राजकूमार उरांव, सरिता कुमारी, कौशीला देवी, मांडर राजी पहाड़ा से पुन्ना उंराव, वरुण उरांव आदि मौजूद थे।



## परंपरा : बचरा स्टेडियम में 60 फीट ऊंचे रावण का हुआ दहन

# असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है रावण दहन : संजय कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा स्थित स्वाधीनता स्वर्ण जयंती स्टेडियम में इस वर्ष भी रावण दहन का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार के अलावा टंडवा के बीडीओ देवलाल उरांव, सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत रौशन, पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार, एसओसी सुमन कुमार ने संयुक्त रूप से रॉकेट से रावण के सीने पर वार कर उसे जलाया। बचरा दुगार्पूजा समिति द्वारा इस बार करीब 60 फीट उंचे विशाल रावण का पुतला बनाया गया था। रावण दहन से पूर्व जमकर आतिशबाजी की गई। वहीं, रावण दहन कार्यक्रम देखने के लिए पूरे स्टेडियम में लोगों की खचाखच भीड़ देखी गई। अपने संबोधन में पीओ संजय कुमार ने कहा कि विजयीदशमी के दिन असत्य पर सत्य की जीत, अधर्म पर धर्म की जीत और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है रावण दहन। आज के दिन हमारे अंदर छिपे रावण को भी मिटाने की जरूरत है। इस मौके पर पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष विद्यापति सिंह, कार्यकारी सचिव राजेंद्र गुप्ता, मुखिया गुंजन सिंह, रीना देवी, अभय सिंह, धीरेंद्र शर्मा, रविंद्रनाथ सिंह, भीम सिंह यादव, भीम प्रसाद मेहता, अजय सिंह, राजेश सिहं, रविंद्र सिंह, अनिल सोनी, मंगल सिंह, सुभाष साव, अर्जुन महतो, पिंकी सिंह, प्रमोद प्रसाद, उमेश सिंह, प्रकाश राणा, लक्ष्मण मंडल और पप्पू सोनी आदि मौजूद थे।


बचरा स्टेडियम में रावण दहन का दृष्य।

## जय माता दी ग्रुप ने महानवमी को खिचड़ी महाभोग का किया वितरण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** श्रीजानकी रमण मंदिर में महानवमी को जय माता दी ग्रुप खलारी की ओर से लोगों के बीच खिचड़ी महाभोग का वितरण किया गया। खिचड़ी महाभोग प्रसाद का वितरण देर शाम तक चलता रहा। मौके पर खलारी कोयलांचल क्षेत्र से मंदिर आने वाले हजारों की संख्या में की श्रद्धालुओं ने खिचड़ी प्रसाद को ग्रहण किया। खिचड़ी प्रसाद वितरण को सफल बनाने में अमरदीप राय, वर्षा रानी, सिन्नी समाड, मुन्ना देवी मारुति, प्रिंयका ओझा, रेणुका सिंह, अमित विश्वास, संजय कुमार सिंह, प्रधान मुंडा, मंटू ठाकुर, अनुराग ठाकुर, अभिषेक ठाकुर, निशांत कुमार, मनोज ठाकुर, धरदेव मुंडा, प्रदीप उराव, तुषार कुमार, दीपक पात्रा, श्यामल पात्रा, दीपक प्रसाद, रामसूरत यादव , रोशन लाल, अजय वर्मा, राजेंद्र प्रसाद, दिलीप साव, गौरव कुमार, शिव कुमार बारा, सुशील मुंडा, अजित सिंह, रामलखन गंझू, जितेंद्र यादव, आरके मयादव, बलबीर सिंह, पातु उंराव, नकुल ठाकुर, राजशेखर सिंह, उमेश महतो, सोनू पाठक, राजू रंजन, अनिकेत उपाध्याय, ओमप्रकाश गुप्ता, ओमप्रकाश उपाध्याय, टुनटुन उपाध्याय, विकाश कुमार, मनोज बनर्जी, संजय विश्वकर्मा, जीतन गंझू, शंकर दास आदि शामिल थे।

## असहाय वृद्धा को इलाज के लिए पहुंचाया अस्पताल

**खलारी (आजाद सिपाही)।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अंबेडकर के जिला संगठन सचिव श्याम जी महतो ने अपने सहयोगी के साथ 75 वर्षीय असहाय वृद्ध महिला चदरा धौडा निवासी रतनी भूईयां का हाथ टूट जाने पर डकरा रिजनल हास्पीटल ले जाकर प्राथमिक इलाज करवाया। इलाज के दौरान अस्पताल के डॉक्टरों ने बताया कि रतनी भूईयां का हाथ टूट गया है जिसका आपरेशन करना अनिवार्य है। जिसके लिए रांची के रिम्स अस्पताल ले जाने की आवश्यकता है। वहीं अस्पताल में रतनी का कच्चा प्लास्टर कर दिया गया। श्याम जी महतो ने क्षेत्र के सभी जन प्रतिनिधियों, रैयत विस्थापित और सामाजिक प्रतिनिधियो से अपील की है कि डीएमएफटी मद से सीसीएल रिजनल हास्पीटल की व्यवस्था को और बेहतर किया जाए ताकि यहां के रैयतो, विस्थापितों, गरीब असहाय लोगों का इलाज खलारी में ही की जाए, क्योंकि मानवता की सेवा में ही ईश्वर की सेवा है। उन्होंने कहा कि जब डीएमएफटी फंड अपना है तो हम असहाय क्यों है। डकरा रिजनल अस्पताल में सभी तरह की सुविधा हो उपलब्ध होना अति आवश्यक है। रतनी के इलाज में सहयोग करने वालों में अजय महतो, पवन उरांव, अनिता एक्का, मनोज भुइयां, शम्भुनाथ गंझू, बीरेंद्र नायक, जगदीश गंझू, विनोद निषाद आदि थे।

## बुकबुका पंचायत भवन में ग्राम सभा आज

**खलारी (आजाद सिपाही)।** बुकबुका पंचायत सचिवालय भवन में गुरुवार की सुबह 11 बजे ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इस जानकारी देते हुए बुकबुका पंचायत मुखिया पारसनाथ उरांव ने बताया कि ग्राम सभा शौचालय एवं स्वच्छता को लेकर किया जाएगा। जिसमें सीसीएल अधिकारी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने पंचायत के सभी के वार्ड व ग्रामीणों से निवेदन किया है कि ग्राम सभा मे उपस्थित होना अनिवार्य है।

## ऐतिहासिक राजकिले की दशहरा पूजा में उमड़ा आस्था का सैलाब

# भक्तों ने मां दुर्गा को भावभीनी विदाई दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** ऐतिहासिक राजकिले में शारदीय नवरात्र पर अनूठा माहौल रहा। सोमवार को महानवमी पूजा में यहां भैसा व दर्जनों बकरे की बलि दी गयी। मंगलवार की शाम हजारों श्रद्धालुओं ने माता दुर्गे को भावपूर्ण विदायी दी। राजकिले की ऐतिहासिक तलाब में विसर्जन किया गया। पूजा अनुष्ठान बंगाल के पुरुलिया से आये राजपुरोहित व अन्य पुजारियों के द्वारा किया गया। किले की दशहरा पूजा में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। किला मैदान में लगे मेले में लाखो लोगो का हुजूम उमड़ पड़ा। मेलार्थियों ने मिठाई व केतारी की जमकर खरीदारी की। ठेला खोमचा व चाउमिन वालों की चांदी रही।



### गुमसुदा केंद्र और नियंत्रण कक्ष किये गये थे स्थापित

किला प्रबंधन की ओर से पेयजल, गुमसुदा केंद्र व नियंत्रण कक्ष स्थापित किये गये थे। वहीं सीएचसी ने चिकित्सा शिविर लगाय गया था। जिसमे मलेरिया डेंगू, फ्लेरिया की जांच व निशुल्क दवा का वितरण किया गय। वही झखराटांड, तिलता, पाली, कटहलमोड़, झिरी, महादेव टंगरा, मखमन्द्रो, चटकपुर, सुंडील, गोविंदनगर व आनंदमयी नगर में बनाये गये पूजा पंडालो में भी भक्तों की भीड़ उमड़ी। पिर्रा में भी पंडाल बना मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी। पूजा व मेले में सुरक्षा के कड़े प्रबंध थे। डीएसपी प्रवीण कुमार सिंह व थानेदार सपन कुमार महथा ने सुरक्षा की कमान संभाली। बुधवार की शाम ऐतिहासिक रातू तालाब में प्रतिमाओं का विसर्जन के साथ ही दुर्गा पूजनोत्सव शांति पूर्वक समाप्त हो गया। पूजा व मेले की सुरक्षा के लिये गढ़ की ओर से युवा दस्ता बनाया गया था निगरानी में दस्तों को अलग-अलग जगह पर तैनाती की गई थी।

### रावण दहन में उमड़ी भीड़

बिजुलिया स्थित महादेव टंगरा,कटहल मोड़ व झखराटांड में मंगलवार की शाम रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यहां कुंभ व मेघनाथ को भी जलाया गया। इसे देखने के लिये इलाके के लोगों की भीड़ उमडी। इसमें महिला व बच्चों की संख्या अधिक थी। इस दौरान पटाखे व आतिशबाजी से वातावरण गूंजा उठा। झखराटांड शिव व बजरंग बली मंदिर परिसर में नवरात्र में दुर्गा पाठ के बाद दशमी की शाम महाभंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

## मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ भव्य शोभायात्रा सह विसर्जन जुलूस

**पिस्कानगड़ी(आजाद सिपाही)।** नगड़ी सहित आसपास के क्षेत्र नारो पिस्का स्टेशन, नयासराय, लालगुटवा कटहल मोड़, दलादिली में नव दिवसीय और एड़चोरो में नौ दिवसीय दुर्गा पूजा का सोमवार को मां दुर्गा का प्रतिमा के साथ भव्य शोभायात्रा सह विसर्जन जुलूस लेकर पराम्परागत मार्गों से हो स्थानीय जलाशयों में भक्तिभाव और आरती कर विर्सजन कर दिया गया। वहीं मंगलवार को नारो बाजार टांड़ में असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक रावण दहन का कार्यक्रम हुआ नगड़ी के श्री राम युवा मंडल के द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में 55 फिट का विशालकाय रावण की मूर्ति बनाया गया था.विजयदशमी को साढ़े छह बजे आकर्षक आतिशबाजी के बीच कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के हटिया विधानसभा प्रभारी भरत कांशी, विशिष्ट अतिथि जिप सदस्य पूनम देवी, नगड़ी बीडीओ दीपाली भगत,नगड़ी थाना के प्रभारी रोहित कुमार ने रावण के पुतला को आग के हवाले कर रावण दहन को अंजाम दिया गया। रावण दहन कार्यक्रम में नगड़ी सहित आसपास के हजारों लोग उपस्थित हुए।



## महत्वपूर्ण न्यूज

### कमांडेंट ने किया बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** एसएसबी 26वीं वाहिनी रांची द्वारा कमांडेंट एसडी शेरखाने के मार्गदर्शन में तथा द्वितीय कमान अधिकारी सचिन कुमार के नेतृत्व में इंटर सेक्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन बुधवार को एसएसबी 16वीं वाहिनी के कमांडेंट मनीष कुमार की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। यह प्रतियोगिता 25 से 26 अक्टूबर तक ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम खेलगांव में खेला जायेगा। इस प्रतियोगिता में पांच क्षेत्रक मुख्यालय की टीमें भाग ले रही हैं। जिसमें पुर्णिया, मुजफ्फरपुर, बेतीया, गया, भिलाई, आरटीसी सुपौल एवं सीएच भतनाहा की टीमें शामिल है। इसका फाइनल मैच 26 अक्टूबर को खेला जाएगा। मौके पर पशु चिकित्सा कमांडेंट डॉ जेके शर्मा, चिकित्सा कमांडेंट डॉ ब्रजेश कुमार, उपकमांडेंट सुनील कुमार, सहायक कमांडेंट संजीव कुमार सहित अन्य बलकर्मी व खिलाड़ी मौजूद थे।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक घायल



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पावर ग्रिड के समीप प्रखंड के खुखर गांव निवासी लगभग 35 वर्षीय राम भजन सिंह पिता उदित सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सोमवार की रात लगभग 10 :00 बजे की है। इधर घटना के बाद मौके पर पहुंचे पीसीआर 5 के पुलिस ने सड़क दुर्घटना में घायल हुए युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने घायल युवक का प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार बताया राम भजन सिंह अपने ग्लैमर बाइक नंबर जेएच01सीवी 8299 से रांची से अपने गांव खुखरा जा रहा था। इसी दौरान वे पावर ग्रिड के समय सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये।

### हमारी सांस्कृतिक विरासत है जतरा मेला: बुधराम



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ईंटा चिल्द्री में दशहरा मेला सह खोड़हा सम्मेलन का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन पंचायत की मुखिया अनिता बाड़ा व पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा प्रधान ने फीता काटकर किया। मौके पर बुधराम बाड़ा ने कहा कि जतरा मेला उनकी सांस्कृतिक विरासत है। इस विरासत को बचाए रखना हम सबों का दायित्व है। इस दौरान ईटा चिल्द्री, केना भीठा,चरीमा,बंजारा गांवो के खोड़हा दल शामिल हुए। इस आयोजन को सफल बनाने में दुर्गा पूजा समिति के सदस्य लाल कमलेश कुमार,सूरज यादव, लाल विष्णु, पंकज यादव, लाल अखिलेश, लाल नवल कीशोर,लाल सुमन, सोमरा तिर्की, कलिंद्र सिंह,अंजन यादव, लाल विश्वनाथ, मनी साहू, सहित ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया।

### महिलाओं ने मां की प्रतिमा का किया विसर्जन





**लापुंग (आजाद सिपाही)।** लापुंग में माता दुर्गा कि पूजा शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। माता दुर्गा को महिलाएं नम आंखों से विदाई किया। मूर्ति का विषर्जन विजय दशमी को ककरिया तालाब में किया गया व दानेकेरा का तालाब में विषर्जन किया गया देर शाम 25 अक्टूबर को लापुंग का भंगी नदी, दोलैचा का बांध में विषर्जन किया गया। लापुंग पुलिस शांति व्यवस्था के लिए पूजा पंडालो में थे। ककरिया में बंग समुदाय की महिलाएं माता दुर्गा की मूर्ति विषर्जन के दिन सिंदूर खेला का आयोजन करती है। इसमे सभी सुहागिन महिलाएं एक दूसरे को सिंदूर डालती है व बड़ो को पैर छू कर आशीर्वाद लेती है व छोटे को आशीर्वाद देती है। मूर्ति विषर्जन लापुंग थाना प्रभारी सकुमार हेमरोम व एस आई अनुभव सिन्हा और पुलिस के जवान द्वारा कड़ी सुरक्षा के बीच किया गया।

### प्रतिमा स्थापित कर नवरात्र का महापर्व मनाया



**इटकी (आजाद सिपाही)।** हवन पूजन के बाद प्रतिमा विसर्जन के साथ ही नौ दिवशीय शक्ति आराधना का महापर्व मंगलवार को शारदीय नवरात्र पूर्ण हो गया। प्रखंड में चार स्थानों पर प्रतिमा स्थापित कर नवरात्र का महापर्व किया गया। जिसमें इटकी के जमींदार के वंशज लाल रामेश्वर नाथ शाहदेव के आवासीय परिसर में प्रतिमा स्थापित की गई साथ ही सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति बनिया टोला, दुर्गा मंदिर पूजा समिति इटकी मोड, व गड़गांव में प्रतिमा स्थापित कर पूजन किया गया। सभी पूजा समिति अपने पूर्व निर्धारित स्थान व समय पर विसर्जित किया गया। इटकी में प्रतिमा विसर्जन के बाद संकड़ी उच्च विद्यालय मैदान में रावण दहन का कार्यक्रम किया गया। जिसके लिए रावण दहन कमेटी के द्वारा 40 फीट ऊंची रावण की प्रतिमा स्थापित किया गया। रावण दहन को देखने के लिए हजारों राम भक्त मैदान में जमा हुए। इस सभा को पूर्व भाजपा विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा नेता शनि टोप्पो, पूर्व जीपसं माडर सुनील उरांव, इटकी जिपस रीना देवी व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लाल गौरव नाथ शाहदेव ने संबोधित किया। लाल गोरव नाथ शाहदेव व गंगोत्री कुजूर वी सनी टोप्पो द्वारा संयुक्त रूप से रावण को आग की हवाले किया। इससे पूर्व हजारों की संख्या में उपस्थित सभी दर्शकों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

### प्रतिमा विसर्जन के साथ ही दुर्गा पूजा सोल्लास संपन्न



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** दस दिनों से चली आ रही दुर्गा पूजा प्रतिमा विसर्जन के साथ ही सोल्लास संपन्न हो गया। प्रखंड के लगभग सभी पूजा पंडाल की मूर्तियां मंगलवार और बुधवार को विसर्जित कर दी गयी। विजयादशमी के दिन प्रखंड के ओरमांझी, शास्त्री क्लब दड़दाग में रावण दहन का आयोजन किया गया था। बतौर अतिथि राज्य सभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू व पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने भाग लिया। दुर्गा पूजा समिति ओरमांझी के द्वारा मंगलवार को जागरण का आयोजन किया गया था। विसर्जन में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया ।

### देवी मंडप पूजा मेला समिति साहेदा मोड़ का समापन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** हरातु पंचायत के सहेदा मोड़ में देवी मंडप पूजा के अवसर पर आज बुधवार के दिन भव्य देवी मंडप पूजा मेला का आयोजन किया गया। मेला में बतौर मुख्य अतिथि श्री सत्यानन्द भोगता माननीय मंत्री झारखंड सरकार, एवं विशिष्ट अतिथि कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा, हरातु मुखिया राजेन्द्र बेदिया आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री भोगता ने अपने संम्बोधन में कहा कि इस तरह के मेले का आयोजन से हमारे धरोहर के रूप में चली आ रही झारखंडी परंपरा का संरक्षण किया जा सकता है। इस वर्ष देवी मंडप पूजा मेला का 16वॉं वर्ष है मैं आयोजन समिति के सदस्यों को धन्यवाद देता हूं जो इस तरह का आयोजन कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन शिवधर रजवार के द्वारा किया गया।

## बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा धूमधाम से मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में विजयदशमी का त्योहार शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। मंगलवार को महापर्व दशहरा परंपरागत तरीके से रावण दहन के साथ मनाया गया। श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति के द्वारा महादानी मैदान में बुराई पर अच्छाई की जीत और असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक के साथ रावण दहन किया गया। इसके पूर्व कलश विसर्जन व महिलाओं ने सिंदूर लगाकर विजयदशमी पर्व मनाया गया। इस वर्ष का आकर्षण का केंद्र रहे रावण का पुतला 50 फीट का बनाया गया था। महासमिति द्वारा जमकर आतिशबाजी के बीच बीडीओ सह सीओ सुमंत तिर्की सांसद प्रतिनिधि राकेश भगत धनंजय कुमार राय समेत पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से रावण के पुतले को आग के हवाले कर दिया गया। जिससे वह धू-धू जलकर समाप्त हो गया। वहीं प्रशासन के द्वारा कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था की गई थी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी तैनात था। इस दौरान हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इधर प्रखंड के दुर्गा पूजा समिति तुको,खत्री खटंगा, घाघरा, मुरतो, ईटा चिल्द्री, पाकल मेड़ी व दिघिया में स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा को मंगलवार को भव्य विसर्जन जुलूस के साथ कई जलाशयों में विसर्जित कर दी गयी।

वहीं बुधवार को दुर्गा मंदिर परिसर बेड़ो से भव्य विसर्जन जुलूस शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाई और मां का आशीर्वाद लिया।





## हमें 'मैं' से निकलकर हमारे समाज के साथ चलना होगा, तभी अहंकार खत्म होगा : राजेश कच्छप

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति सह रावण दहन समिति के द्वारा आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने रावण, विशिष्ट अतिथि नामकुम बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार तिवारी ने मेघनाथ एवं मुखिया लक्ष्मी कुमारी, भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा, कांग्रेस प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी, जिप सदस्य बिपिन टोप्पो, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती कुजूर, आजसू नेता प्रकाश लकड़ा ने संयुक्त रूप से कुंभकर्ण के पूतले का दहन किया। समिति के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया और एक घंटे तक आकर्षक आतिशबाजी की गयी। रावण दहन कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि हमें अंदर के अहंकार को समाप्त करना होगा तभी विजयदशमी मनाने का उद्देश्य पूरा होगा। हमें मैं से निकलकर हमारे समाज के साथ चलना होगा तभी अहंकार खत्म होगा। अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार रखे। मौके पर रावण दहन समिति के अध्यक्ष अशोक नायक, दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बालकेश्वर सिंह, श्याम सुंदर राम, ग्राम प्रधान मोगो भगत, शत्रुघ्न बड़ाईक, पूर्व मुखिया दिलीप मुंडा, मीडिया प्रभारी राजेश वर्मा, हेमंत लोहरा, दिनेश सिंह, प्रभाष झा, आर्यन मुंडा, राजा सिंह, सुनील साहू, राजकिशोर सिंह, अंजलि लकड़ा, राजू लकड़ा, रजनीश, दिनेश साहू आदि उपस्थित थे।



## विधायक ने किया नागपुरी ऑर्केस्ट्रा मंच का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** श्री श्री दुर्गा पूजा समिति लापुंग में विजय दशमी के दिन मेला व नागपुरी आरकरेस्टा का आयोजन सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक किया गया। नागपुरी आरकरेस्टा मंच का उद्घाटन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व विशिष्ट अतिथि अनमोल बड़ाईक के द्वारा फीता काटकर किया गया। विधायक ने कही की बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार दशहरा इसी की याद में मनाया जाता है। भगवान राम ने आज ही के दिन रावण को मार कर लंका में विजय हासिल किया । नागपुरी कला मंच के माध्यम से कलाकार आज क्षेत्रीय भाषा को बचा कर रखे है। मेला में जलेबी, ईख व बच्चे के खिलौने खूब बिके। शिल्पी नेहा तिर्की को चुनरी भेट किया गया साथ ही मुख्य बक्ता डॉ परमेश्वर भगत, अनमोल बड़ाईक, कर्मनाथ सिंह, श्यामा प्रसाद सिंह, योगेश्वर साहू, पंचायत समिति सदस्य राखी देवी व पत्रकारों को अंग वस्त्र भेट किया गया। मुख्य कलाकार चंदन दास, सुहाना देवी, रूपेश बड़ाईक, अंजली देवी, सरिता बड़ाईक, अजित महली, सरस्वती गुलकर, डांसर काजल, काव्या, दीपिका, मांदर सम्राट हुलास महतो, मंच संचालक प्रताप साहू, स्टार म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा प्रोग्राम प्रस्तुत किया गया । मेला की सफलता पर दुगार्पूजा कमिटी अध्यक्ष अशोक साहू,सचिव विशेश्वर, कोषाध्यक्ष श्यामा प्रसाद सिंह, जसपाल के अलावे सभी कार्यकर्ता ने धन्यबाद दिया। मेला में शांति व्यवस्था के लिए लापुंग थाना प्रभारी ने बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया था।



### बच्चों ने रावण दहन कार्यक्रम की शुरुआत की

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** विजयादशमी के शुभ अवसर पर गोंदलीपोखर के छह बच्चे अर्पित केशरी, अंश वर्मा, शिवम मुण्डा, यश महतो, नमन केशरी एवं शिवांस केशरी ने रावण दहन कार्यक्रम की शुरूआत कर लोगों को आश्चर्य में डाल दिया। यहां दुर्गा पूजा सदियों से होती आ रही है परंतु इस वर्ष उक्त बच्चों नें यहां रावण दहन कार्यक्रम की शुरूआत अपने जुगाड़ से शुरू किया।



### रातू फुटकलटोली में पैगाम-ए-इस्लाम कॉन्फ्रेंस आयोजित

## अलकमर एजुकेशन और वेलफेयर ट्रस्ट का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** फुटकलटोली के अहले सुन्नत जामिया हज्जन समीरनलील बनात के प्रांगण में सोमवार को पैगाम ए इस्लाम कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कमरुल हक रिजवी की अध्यक्षता में आयोजित कॉन्फ्रेंस में एदारा ए शरिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष हजरत मौलाना गुलाम रसूल बलयाबी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुये। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा,उर्दू स्कूलों की अस्तित्व की रक्षा, अकलियत गर्ल्स व बॉय हॉस्टल खोलने,रोजगार व सत्ता में हिस्सेदारी व सामाजिक सुधार की बात कही।उन्होंने कहा कि देश का मुसलमान इस समय विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा है। मॉब लिंचिंग अक्सर होती रहती हैं। इसके लिए सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। आज मुसलमान हर क्षेत्र में पिछड़े हैं। इस बड़े वर्ग की उपेक्षा की जा रही है हमारे समाज में छोटी-छोटी बातों पर लंबे विवाद और मुकदमे चलते रहते हैं। झारखंड में मुस्लिम अल्पसंख्यकों की समस्याएं गंभीर हैं। कॉन्फ्रेंस को एदारा ए शरिया रांची झारखंड के हजरत मौलाना कुतबुद्दीन रिजवी, सैयद खुर्शीद अख्तर, मजहर सिद्दीकी, डॉ तावजुद्दीन, मौलाना साबिर, दिलदार हुसैन, मिस्वाही के अलावा दर्जनों लोगो संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान एजुकेशन एंड ट्रस्ट के अध्यक्ष कमरुल हक को मौलाना गुलाम रसुल बलयाबी ने पगड़ी पहनाकर ताजपोशी की।

प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदस्यों को शॉल व बुके देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरान्त श्री बलयावी ने फीता काट कर अलकमर एजुकेशन एन्ड वेलफेयर ट्रस्ट का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रखंड अंजुमन कमेटी के सदर अताउल्लाह अंसारी, अजमुल खान, का योगदान रहा। कार्यक्रम मे बड़ी से संख्या में लोग शामिल हुये।



### ग्रामीणों की मूलभूत सुविधाओं को पूरा करना ही आजसू पार्टी का लक्ष्य: राजेंद्र शाही मुंडा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रस्तावित प्रखण्ड जोन्हा के गुड़ीडीह पंचायत अंतर्गत हापतबेड़ा गांव में बुधवार को नए बिजली ट्रांसफॉर्मर का उदघाटन जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा एवं मुखिया विजय उरांव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मालुम हो कि सिल्ली विधायक सुदेश महतो के निर्देश पर यहां 25 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर आवंटित किया गया था। मौके पर राजेन्द्र शाही मुण्डा ने कहा कि लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना हीं आजसू पार्टी का लक्ष्य है। पार्टी इस दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। जरूरतमंदों को घर तक सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रति पार्टी प्रतिबद्ध है। मौके पर शंकर बेदिया, दिलीप बेदिया, रामसिंह मुण्डा, सोमरा बेदिया सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## अभिषेक साहू की पुण्यतिथि मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**चान्हो।** शहीद अभिषेक कुमार साहु की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन मंगलवार को प्रखंड के चोरेया स्थित शहिद चौंक में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उनके प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर उपस्थित विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा ये समय गर्व करने का है। शहीद मरते नहीं बल्कि अमर हो जाते हैं। खुशकिस्मत हैं वो मां जिनके कोख से शहीद जन्म लेता है। आज हमें शहीद के शहादत से सीख लेने की जरूरत है। और उनको उचित सम्मान देने की जरूरत है। चोरेया गांव को शहीद के गांव के रूप में पहचान दिलाने की मेरी कोशिश रहेगी। और मैं हर संभव प्रयास करूंगी की चोरेया को विकास की राह पर आगे ले जाऊं। वहीं समाजसेवी बिंदुभूषण दुबे ने कहा कि मैं शहीद अभिषेक के नाम पर रोड और स्कूल का नामकरण किया जाए। साथ ही उन्होंने चोरेया के सड़क की बदहाली पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अगर एक महीना तक सड़क नही बनता है तो मैं आपके साथ सड़क पर बैठूंगा। मुझे चुनाव नही लड़ना है। कार्यक्रम में उपस्थित युवा नेता सन्नी टोप्पो ने अपने सम्बोधन में कहा कि शहीद की श्रद्धांजलि में उपस्थित होना मेरे लिए गर्व की बात है। ऐसे बहुत कम मां को अवसर मिलता है जिनके पुत्र देश के लिए अपने प्राण निछावर किया है। अफसोस है ऐसे वीर शहीदों के ऐतिहासिक गांव में मूलभूत सुविधाओ का अभाव है है। इस पुण्यतिथि को राज्य स्तरीय रूप से मनाना होगा, जिसकी खर्च सरकार करे। जिला परिषद सदस्य अशुतोष तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज यहां अभिषेक कुमार साहू के लिए बैठे हैं। हर एक नौजवान को शहीद से प्रेरणा लेना चाहिए।



## दशहरा पर कई पूजा पंडालों में मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन

# नम आंखों से दी मां दुर्गा को विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर आंचलिक व नगर परिषद क्षेत्र में विजयदशमी पर मां दुर्गा को नम आंखों के साथ इस साल के लिए विदाई दी गयी। इसके साथ ही दुर्गा उत्सव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। दशहरा पर क्षेत्र में कई जगह प्रवचन, रामलीला, नाटक, रावण दहन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा कई पूजा पंडालों द्वारा दशहरा मिलन सह सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। विश्रामपुर सार्वजनिक दुर्गा मंडप पूज पंडाल द्वारा आयोजित मिलन सह सम्मान समारोह में दोनों समुदाय के लोगों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता पूजा समिति के अध्यक्ष राकेश केशरी व संचालन समजसेवी विजय कुमार रवि ने किया। इसमें स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी, सीओ सह बीडीओ बिक्रम आनंद, थाना प्रभारी शशि रंजन, विधायक



सम्मान समारोह को संबोधित करते अतिथिगण।

के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, समाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, वरीय समजसेवी मुंशी प्रसाद गुप्ता, इदरीश हवारी, मनीष कुमार, सतेंद्र यादव, रजनीश कुमार चंद्रवंशी, उखमजी यादव, बृजनंदन राम, हरिशंकर सिंह, कन्हाई चंद्रवंशी, हरे कृष्णा सिंह, श्रवण चंद्रवंशी, दुःख नंदन चंद्रवंशी, यदुनि राम आगि को कमेटी द्वारा पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। इधर, सोरडीहा आर्दश कला केंद्र पूजा कमेटी व बरसईता के न्यू बजरंग युवा क्लब पूजा समिति की ओर से दोनों समुदाय के वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कई पूजा पंडालों द्वारा बुधवार को भी प्रतिमा का विषर्जन किया गया। रेहला के डंडिला खुर्द नव युवक संघ, ग्रासिम क्लब पूजा पंडाल व रेल परिवार दुर्गा-काली समिति पूजा पंडाल के प्रतिमा का विषर्जन मंगलवार को किया गया। जबकि रेहला व्यापार संघ, जय मां भवानी संघ, बी मोड़ जय मां शेरावाली क्लब, गोदरमा विश्रामपुर सार्वजनिक दुर्गा मंडप, बाजार मुहल्ला, नव युवक संघ, सोरडीहा आदर्श कला केंद्र, नवाडीह नव युवक समिति, पचघारा मुस्कान युवा क्लब, बरसईता न्यू बजरंग युवा क्लब, झगरुआ, कविलाशी, बघमनवा, चोरटिया, बरवाहि, उरसुला, नवडीहवा, पांडेपुरा, सिगसिगी, गुरहा कला, केतात, भंडार, लालगढ़, तोलरा आदि स्थानों की प्रतिमाओं का विषर्जन बुधवार को किया गया।

## हुसैनाबाद में नवरात्र-दशहरा शांतिपूर्ण संपन्न



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहरी और आसपास के इलाकों में नवरात्र एवं दशहरा का त्योहार धूमधाम से संपन्न हो गया। विजयादशमी को प्रखंड क्षेत्र के स्टेशन रोड, महाबीर जी भवन, पटेल चौक, चार धाम, दुर्गा बाड़ी, मोहम्दाबाद, दंगवार, पथरा, चनकार कस्तूरी, कुडवा कला, अलीनगर, झरगड़ा, महुदंड समेत कई अन्य स्थानों पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा को नम आंखों के साथ विसर्जित किया गया। शहर स्थापित मां दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा मुख्य बाजार का भ्रमण करते हुए देवरी सोननदी तट पहुंची, जहां मां की प्रतिमा को नम आंखों से भक्तों ने विसर्जन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मातारानी से सुख, शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की। सभी ने अगले बरस तू जल्दी आना मां का जयकारा लगाया। इस मौके पर पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव, विनोद कुमार सिंह, सूर्या सोनल सोनल सिंह, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, धनंजय तिवारी, कृष्णा बैठा, अजय प्रसाद गुप्ता, रामराज मेहता, दिनेश कश्यप, मिंटू अग्रवाल, आलोक केशरी, राजेंद्र पाल, राजकुमार राज, अजय सिंह, राजेश्वर सिंह, रामलाल साव, रवि यादव आदि मौजूद थे।

# बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है रावण दहन : अरुणा

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रावण वध कार्यक्रम में शामिल होते हुए कहा कि असत्य पर सत्य एवं बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतिक ही रावण दहन है। रावण खुद एक प्रकांड विद्वान थे, जिन्होंने भगवान श्रीराम को भी लंका दहन से पहले खुद पूजा कराई थी और मरने से पूर्व लक्ष्मण ने भी आशीर्वाद लिया था। आज भी बुराई पर अच्छाई एवं असत्य पर सत्य की जीत के रूप में रावण दहन कर इस त्योहार को मानते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक, झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र उर्फ गुड्डू सिन्हा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, भाजपा प्रदेश मंत्री मनोज सिंह, वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर, मंगल सिंह और अविनाश वर्मा ने दीप प्रज्वलित करते हुए सभा को संबोधित किया। इस विशाल रावण वध कार्यक्रम की शुरूआत 1991में चंद्रशेखर आजाद क्लब का गठन कर प्रथम अध्यक्ष उमेश रजक के नेतृत्व में शुरू किया गया, जो 91 से 94 तक अध्यक्ष रहे। फिर साल 1995 में सोमनाथ जी ने अध्यक्षता की और 1996 से आज तक झूलन राम द्वारा अध्यक्षता कर कार्यक्रम को सफल



बनाया जा रहा है। शुरु में काफी परेशानी आती थी। पर कार्यक्रम को सफल बनाने में चंद्रशेखर आजाद क्लब के सदस्यों ने चेंबर अध्यक्ष एवं समाज के हर सांस्कृतिक कार्यक्रम को बढ़ावा देने वाले आनंद शंकर से 1995 में जाकर मिलते हुए शहर के इस ऐतिहासिक कार्यक्रम को बरकरार रखने का अनुरोध किया। तब से आज तक 28 साल की अवधि में आनंद शंकर द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में हर तरह का सहयोग किया जाने लगा। इस दौरान संस्था के सदस्यों को चेंबर परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। जिसमें उमेश रजक (प्रथम अध्यक्ष), सोमनाथ जी (द्वितीय अध्यक्ष), झूलन राम (तृतीय अध्यक्ष अब तक), दीपक वर्मा, शंभू पासवान, लड्डू पासवान, विकास मालाकार, रंजन सोनी और रावण बनाने वाले सुनील जी को प्रथम महापौर ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

प्रथम महापौर ने दो ऐसी शख्सियत को सम्मानित किया जिन्होंने कोरोना कॉल में जब झारखंड के कई घाटों में 10-20 हजार रुपए तक लेकर दाह संस्कार किया जा रहा था लोग लावारिस शव छोड़कर भाग रहे थे। उस समय पलामू चेंबर परिवार ने महापौर अरुण शंकर के अनुरोध पर राजा हरिश्चंद्र घाट का कमान अपने हाथों में लेते हुए दाह संस्कार का दर लकड़ी के फर्नेस से 2100 रुपये और 3500 रुपये हिंदू संस्कृति से डोम राजा और सफाई युक्त लेकर प्रारंभ कराया जो आज तक इस परंपरा का निर्वाह होता आ रहा है। जिसके लिए आधे दाम पर लकड़ी उपलब्ध कराने वाले रिंकू दूबे एवं चेंबर के कोषाध्यक्ष अनवर जिन्होंने निजी खर्च से सैकड़ों लावारिस शवों का अंतिम संस्कार करवाने वाले अनवर भाई को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विजय ओझा ने किया।

## वाहन की चपेट में आने से एक की मौत



**सतबरवा/पलामू ( आजाद सिपाही)।** दशहरा की खुशी मातम में बदल गयी। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से 23 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। उसकी पहचान गणेश सिंह के रूप में हुई है। वह मटखानी का रहने वाला था। जबकि इसी हादसे में राजन सिंह (24) नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बुधवार की सुबह नौ बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सतबरवा प्रखंड के दुलसुलमा पंचायत अंतर्गत मटखानी गांव में काली पूजा हुई थी। जिसे लेकर दशहरा का जुलूस घूमने के लिए राजन सिंह और गणेश सिंह बाइक से लातेहार साउंड बुक करने जा रहे थे। तभी तुंबागड़ा मलय डेम मोड़ से 100 मीटर की दूरी पर उनकी बाइक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गई, जिससे गणेश सिंह की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, जबकि राजन सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से राजन को नवजीवन अस्पताल तुम बागड़ा में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक गणेश सिंह पूजा समिति का हेड था। पूजा व्यवस्था की सारी जिम्मेवारी उसी पर थी। पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। वह घर का एकलौता पुत्र था। उधर, खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंच कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# नवरात्र में सुख-शांति के लिए पूजा के साथ पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा के लिए करें पौधरोपण : कौशल

## नवरात्र में कन्याओं को भोजन कराने एवं त्योहारों पर पौधरोपण का अलग ही महत्व : मुखिया पूनम

**पर्यावरणविद् नवरात्र के समापन पर नौ कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन के साथ दिया पौधा एवं पानी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मेदिनीनगर बाईपास रोड आबाद गंज स्थित पर्यावरण भवन में चल रहे नवरात्र एवं प्रकृति कलश यात्रा के समापन पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, प्रो अरुण कुमार जायसवाल, कोमल जायसवाल, शिल्पा जायसवाल और जन्मभूमि छतरपुर अनुमंडल के ग्राम पंचायत डाली बाजार में सत्येंद्र प्रसाद, गीता देवी, सुचित कुमार, अल्पना देवी व पूर्णिमा कुमारी ने कन्याओं को भोजन, पूजन करने के बाद



कन्याओं को पौधा-पानी देते मुखिया, पार्षद व पर्यावरणविद कौशल किशोर।

श्रद्धालुओं के बीच पौधा-पानी का वितर किया। पर्यावरणविद कौशल किशोर ने कहा कि नवरात्र में फलहार भोजन करने का विधान है। इसलिए वे नवरात्र में लोगों के बीच फलदार पौधों का निःशुल्क वितरित किये। छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल कहा कि भारत धर्म प्रधान देश है। यहां धर्म से आया हुआ धन टिकाऊ होता है और अवैध तरीके अपनाकर कमाये हुए धन से तत्काल लाभ तो दिखता है लेकिन आने वाली पीढ़ी को उसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने धर्मों के साथ दूसरे धर्मों का भी सम्मान करना चाहिए, ताकि समाज में लोगों के बीच आपसी सद्भाव के साथ संतुलन बना रहे। वहीं, पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस प्रकार प्रतिवर्ष नवरात्र में लोग घर परिवार की सुख समृद्धि व आत्मा की शांति के लिए कन्याओं को भोजन प्रदान करते हैं। उसी प्रकार धरती और ब्रह्मांड की आत्मा की शांति के लिए पूरे नवरात्र के समय कन्याओं को पौधा पानी देना चाहिए है। प्रकृति कलश यात्रा के अंतिम दिन अपने आवास पर्यावरण भवन में कन्याओं को भोजन पानी के साथ चंदन का पौधा-पानी व द्रव्य देकर सम्मान पूर्वण विदाई की। प्रकृति कलश यात्रा में शामिल लोगों में शंभू मिश्र, सुमित जायसवाल, रॉकी कुमार, अमन कुमार, महेंद्र सिंह, रामप्रवेश, मोती यादव, पिंकी सिंह, आराध्या कुमारी, अशिविका कुमारी, आद्रिका कुमार, अनुषा कुमारी, रामू कुमार, छोटू कुमार आदि शामिल थे।

## शहर के महावीर जी भवन व स्टेशन परिसर पूजा कमेटी की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर के महावीर जी भवन व स्टेशन परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें आचार्य, ब्राह्मण पाठ और मुख्य यजमान को सम्मानित किया गया। महाबीर जी भवन के कार्यक्रम का संचालन श्रवण अग्रवाल ने किया। महायज्ञ व पूजा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल, मिंटू अग्रवाल ने संयुक्त रूप से अतिथियों पूर्व विधायक शिवपूजन मेहता, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, विनोद कुमार सिंह, रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह, सूर्या सिंह, धनंजय तिवारी, दिनेश प्रसाद कश्यप, आलोक केशरी, ओम प्रकाश अग्रवाल आदि को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं, 43 वें महायज्ञ में लगातार 25 वर्षों के योगदान पर मानस नगरी रजवरिया से पधारे आचार्य धर्मराज पांडेय



महाबीर जी भवन परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित लोग।

को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौके पर पुजारी गोपाल पाठक, दीनानाथ सोनी, संतोष गुप्ता, सूरज गुप्ता, शनि चंदेल, रवि, सचिन आनंद, रंजन सौंडिक, हर्ष, राजेश सिंह, मुरारी अग्रवाल, मनीष, पप्पू, कल्लु, भोला, पीयूष आदि मौजूद थे। इधर, स्टेशन मोड़ युवा बाल संघ की ओर से समिति के अध्यक्ष रामलाल साव की अध्यक्षता में अतिथियों को सम्मानित किया गया। मौके पर रविंद्र सिंह, धनंजय तिवारी, सचिव रवि कुमार यादव, संरक्षक राजेश्वर सिंह, स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार सिंह, प्रकाश अग्रवाल, रामराज मेहता, प्रमोद मेहता, मुख्य यजमान शंकर प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी पवन चौधरी, अरुण गुप्ता, सैनिक कुमार, सुभाष कुमार गुप्ता, सुजीत मेहता, रामलाल साव, विकास कुमार, रितिक कुमार, राजा, जिशु कुमार, छोटू शर्मा आदि मौजूद थे।

## भंडारीदह के विभिन्न क्षेत्र में दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ संपन्न


**भंडारीदह/बेरमो।** नवरात्र में मां दुर्गा की पूजा भंडारीदह, कल्याणी, तारमी कोलियरी एवं कारीपानी में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गयी। सभी स्थलों में कन्या पूजन के साथ पूजा का समापन किया गया। भंडारीदह में महिलाओं ने डांडिया नृत्य कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इसी तरह कल्याणी एवं कारीपानी में अनुष्ठान के साथ ही महिलाओं-बच्चों के लिए नृत्य व क्वीज प्रतियोगिता आयोजित हुआ। भंडारीदह में दशहरा पर मंत्री बेबी देवी व सेल रिफैक्ट्रीज यूनिट के अधिशासी निदेशक पीके रथ ने संयुक्त रूप से रावण दहन किया।

## डीजे वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** डीजे वाहन की चपेट में आने से हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के घोड़बंधा गांव निवासी कृष्णा रजवार (20) की मौत हो गयी। घटना



सोमवार की देर शाम की बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार गंभीर रूप से यायल कृष्णा रजवार को हुसैनाबाद ग्रामीणों ने अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। साथ ही मामले की जांच की जा रही है।





## 18 नवंबर को रांची में उद्घाटन मैच में इंडिया कैपिटल्स से भीलवाड़ा किंग्स की भिड़ंत

# लीजेंड्स लीग क्रिकेट सीजन 2023 के कार्यक्रम घोषित, रांची में खेले जायेंगो पांच मैच

- गौतम गंभीर और इरफान पठान की टीम होगी आमने-सामने
- 22 दिनों में होंगे कुल 19 मैच, रांची में होंगे पांच मैच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) ने 2023 सीजन के पूरे शेड्यूल और फिक्स्चर की घोषणा कर दी। आगामी 18 नवंबर से 9 दिसंबर तक भारत के पांच शहरों रांची, देहरादून, जम्मू, विजाग और सूरत में खेल होंगे। इस साल लीजेंड्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में छह टीमें खेलेंगी। लीजेंड्स लीग क्रिकेट




(एलएलसी) ने एलएलसी 2023 के लिए पेटीएम और पेटीएम इनसाइडर के एक्सक्लुसिव टिकेटिंग पार्टनर बनने की भी घोषणा की गयी है। टूर्नामेंट के टिकट जल्द ही पेटीएम और पेटीएम इनसाइडर से खरीदे जा सकेंगे। एलएलसी 2023 का उद्घाटन मैच 18 नवंबर को रांची के जेएससीए स्टेडियम में इंडिया कैपिटल्स और भीलवाड़ा किंग्स के बीच होगा। मैच शाम सात बजे से प्रारंभ होगा। 18 नवंबर को टूर्नामेंट के पहले मैच में पूर्व भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर (इंडिया कैपिटल्स) और इरफान पठान (भीलवाड़ा किंग्स) बतौर कप्तान आमने-सामने होंगे। वहीं, दूसरा मैच 20 नवंबर को मणिपाल टाइगर्स और गुजरात जायंट्स के बीच मैच खेला जायेगा।

21 नवंबर को अर्बनराइजर्स हैदराबाद और सदर्न सुपर स्टार्स के बीच मैच होगा। वहीं, 22 नवंबर को भीलवाड़ा किंग्स और गुजरात जायंट्स और 23 नवंबर को इंडिया कैपिटल्स और अर्बनराइजर्स हैदराबाद के बीच मैच खेले जायेंगे। रांची में कुल पांच मैच खेले जाने हैं। 22 दिनों में कुल 19 मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट रोमांचक होने वाला है, क्योंकि एलएलसी 2023 में एक साथ कई लीजेंड्स खेलते हुए अपना क्लास दिखाएंगे। रांची के बाद 24 नवंबर को देहरादून में एक्शन दिखेगा। यह मुकाबला भीलवाड़ा किंग्स और गुजरात जायंट्स के बीच होगा और यह सीजन का छठा मैच होगा। जम्मू में 27 नवंबर से एक दिसंबर तक चार मैच खेले जाएंगे, जबकि विशाखपत्तनम में दो दिसंबर से चार दिसंबर तक तीन मैच खेले जाएंगे। एलएलसी 2023 के नॉकआउट मैच सूरत में खेले जाएंगे, जिनमें सेमीफाइनल 5 दिसंबर और 6 दिसंबर को होंगे, जबकि 9 दिसंबर को शानदार फिनाले के साथ सीजन का समापन होगा। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के सह-संस्थापक और सीईओ रमन रहेजा ने कहा कि लीजेंड्स लीग क्रिकेट का पिछला सीजन बेहद सफल रहा और हम अधिक उत्साह से आगामी सीजन में खेल प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। मैच रांची, देहरादून, जम्मू, विशाखापत्तनम और सूरत में खेले जाएंगे। एलएलसी की नई फ्रेंचाइजी अर्बनराइजर्स हैदराबाद की कमान पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना संभालेंगे। एलएलसी ने इस सीजन एक अन्य नई फ्रेंचाइजी सदर्न सुपर स्टार्स की भी घोषणा की है। इसके कप्तान ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एरोन फिंच होंगे।

## राजद नेता के भाई का निधन, अंतिम यात्रा में शामिल हुए कामेश्वर बैठा



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** राजद के प्रदेश सचिव ओम प्रकाश गुप्ता के छोटे भाई जगनारायण प्रसाद गुप्ता उर्फ पप्पू डीलर का बुधवार की अहले सुबह निधन हो गया। वे पिछले कई महीने से बीमार चल रहे थे। इसी दिन विश्रामपुर के खुटिसोट नदी तट पर दाह संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, भाजपा नेता मनीष कुमार, उदय यादव, मुनीर, आलम, आदि शामिल हुए। इधर, उनके निधन पर राजद नेता श्याम दस सिंह यादव, सिराजूदीन अंसारी, सतेंद्र यादव, रमेश चौबे, भाजपा नेता सतिश्वर प्रसाद सिंह, समाजसेवी प्रवीन सिंह, बसपा नेता नईमुद्दीन अंसारी आदि ने शोक व्यक्त किय है।

**निर्देश : डीसी ने विभिन्न तालाबों/जलाशयों का किया निरीक्षण**

# प्रतिमाओं का समय पर विसर्जन करें सभी पूजा समितियां : डीसी

## अधिकारियों की मौके पर उपस्थित रहकर प्रतिमाओं को समय व तय तिथि पर विसर्जित करवाने का निर्देश

संबंधित पदाधिकारियों को दिया आवश्यक दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



तालाबों-जलाशयों का निरीक्षण करते डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी प्रियदर्शी आलोक व अन्य।

**बोकारो।** डीसी कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक प्रियदर्शी आलोक ने चास एवं बोकारो स्टील सिटी क्षेत्र के विभिन्न तालाबों/जलाशयों का बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान जिला स्तरीय पदाधिकारी व पुलिस आदि उपस्थित थे। डीसी ने क्रमवार सेक्टर नौ स्थित कुलिंग पांड, सेक्टर-4/एफ स्थित सूर्य मंदिर तालाब, सोलागीडहीड, गरगा नदी आदि का निरीक्षण किया। मां दुर्गा समेत अन्य देवी-देवताओं के मूर्ति विसर्जन को लेकर की गई तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने सिटी डीएसपी कुलदीप कुमार एवं चास बीडीओ मिथिलेश कुमार से बुधवार-गुरुवार व आगामी दिनों में होने वाले मूर्ति विसर्जनों की जानकारी ली। कहा कि विसर्जन के दौरान पूजा समिति सदस्य जिला प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें। कहीं किसी तरह की कोई लापरवाही नहीं हो। अनुमंडल पदाधिकारी चास/ एसडीपीओ चास/सिटी डीएसपी को सभी तालाबों/जलाशयों के आस - पास दंडाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी के अलावा अतिरिक्त पुलिस बल प्रतिनियुक्त करने को कहा। सभी स्थल पर रहकर मूर्ति विसर्जन कार्य को निर्धारित तिथि पर ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर अपर नगर आयुक्त चास सौरव कुमार भुवानिया, विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार कनिष्क, एसडीपीओ चास पुरषोत्तम कुमार, सीओ चास दिवाकर दूबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार संबंधित थानों के थाना प्रभारी आदि उपस्थित थे।

# तस्करों के गिरोह ने वाशरी के वर्कशॉप से लाखों की लौह सामग्री पर हाथ साफ किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** पश्चिमी झरिया स्थित मुरलीडीह 20/21 बीसीसीएल कोलियरी अंतर्गत वाशरी के वर्क शॉप में चोरों के एक गिरोह ने मंगलवार विजयदशमी की देर रात बीसीसीएल के करीबन 20 से 25 लाख रुपये की बेशकीमती लोह सामग्री सहित मशीनरी पर हाथ साफ कर लिया। जानकारी के अनुसार चोरी की खबर पाकर परियोजना पदाधिकारी राजेंद्र पासवान ने स्थल का मुयाना भी किया। बावजूद इसके मामले पर अपनी चुप्पी साध लीं। बीसीसीएल के किसी भी पदाधिकारियों की तरफ से पुलिस को चोरी की कोई शिकायत नहीं दर्ज करायी गयी है। घटना से संबंधित कोई शिकायत बीसीसीएल की तरफ से नहीं दिये जाने से एक ओर स्थानीय लोगों के बीच प्रबंधन के कर्मचारियों और पदाधिकारियों की मिलीभगत की बात सामने आ रही हैं, वहीं घटना को लेकर लोग के बीच तरह-तरह की बातें बाजार गर्म कर रही है। बीसीसीएल प्रबंधन के पदाधिकारियों की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह खड़े करते हैं। सूत्रों की मानें तो महुदा वाशरी के वर्क शॉप से लोह तस्कर द्वारा प्रबंधन का लाखों रुपये की संपत्ति की चोरी होने का अनुमान है। बतातें चलें कि वाशरी में हुई लौह मशीनरी की लूट पर पीओ राजेंद्र पासवान ने न केवल चुप्पी साध ली है, बल्कि घटना की सूचना न तो प्रबंधन के उच्चाधिकारियों या स्थानीय पुलिस को ही दी गयी है।


## कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, कोडरमा
## समग्र शिक्षा

आम सूचना

कोडरमा जिला अंतर्गत 01 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु आयोजित हिन्दी एवं अंग्रेजी में कम्प्यूटर टाईपिंग के साथ टैली सॉफ्टवेयर (Tally Software) की जानकारी की जाँच के निमित्त आम सूचना

विज्ञापन संख्या SSA/1289/2022 दिनांक 03.11.2022 के आलोक में कोडरमा जिला अंतर्गत 01 कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में लेखापाल–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर चयन हेतु आयोजित हिन्दी एवं अंग्रेजी में कम्प्यूटर टाईपिंग के साथ टैली सॉफ्टवेयर (Tally Software) की जानकारी की जाँच दिनांक 27.10.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय कक्ष में की जानी है, जिसकी सूची निम्नवत् है–

| Sl. No | Name of Applicant | Father's/Husband's Name | Permanent Address | Date of Birth | Category | Qualification: Matric % of Obtained Marks | Qualification: Inter % of Obtained Marks | Qualification: Graduation Persentage | Qualification: Post Graduation Persentage | Elagibility Test | Total | REMARK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| Recommended for Typing and Accounting Tally Test | | | | | | | | | | | | |
| 1 | SUSHEELA KUMARI | TULSI PRASAD YADAV | AT - NAGAR KHARA, JALWABAD, POST-KODERMA , DIST - KODERMA | 12-09-1993 | BC-II | 64 | 46.6 | 53.63 | | | | PGDCA **Criteria Fulfill** |
| 2 | PRIYANKA KUMARI | JAGDISH PD .YADAV | BHAGAT MOR (BHADAULI) VILL- BHADAULI, PO- SISAI, PS- SISAI, GUMLA | 19-11-1986 | BC-II | 63.28 | 60.33 | 67.88 | 61.31 | | | COMPUTER CERTICICATE ATTACHED **Criteria Fulfill** |
| 3 | PRIYANKA KUMARI | MAHENDRA KUMAR | VILL-BELA,POST TELAIYA DAM | 02-10-1997 | BC-I | 61.60 | 69 | 66.38 | | | | COMPUTER CERTIFICATE ATTACHED EXPERIENCE CERTIFICATE ATTACHED**Criteria Fulfill** |
| 4 | REENA KUMARI | SHIVNANDAN MEHTA | AT - DOMCHANCH, KALI MANDA,PO+PS -DOMCHANCH | 06-10-1994 | BC-II | 79.4 | 49.6 | 61.88 | 67.44 | | | COMPUTER CERTIFICATE ATTACHED **Criteria Fulfill** |
| 5 | RUCHI KUMARI | DEVENDER RAM | DOMCHANCH BAZAR ROAD, PS+PO- DOMCHANCH | 14.05.2000 | BC-I | 66.80 | 61.6 | 64.88 | 68.5 | | | 1 YEAR COMPUTER CERTIFICATE ATTACHED M.COM APPERING CANDIDATE **Criteria Fulfill** |
| 6 | PRIYANKA BHARTI | MANOJ KUMAR | VILL- KARMA, PO- KARMA,PS JHUMARI TELAIYA | 5.01.1993 | SC | 52.2 | 42.2 | 50.25 | 73.90 | | | COMPUTER CERTIFICATE ATTACHED B.ED CERTIFICATE ATTACHED EXP. CERTIFICATE ATTACHED **Criteria Fulfill** |

अतः संबंधित अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को ससमय उक्त स्थल पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। अनुपस्थित रहने की स्थिति में आपकी दावेदारी को समाप्त कर दी जाएगी।

आम सूचना को स्थगित/परिवर्तित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी सह
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा, कोडरमा।

PR.NO.309800 Jharkhand Education Project Council(23-24):D


# रघुकुल की कलश यात्रा में 15 हजार से अधिक लोगों ने की शिरकत

## पूर्णिमा सिंह ने सिर पर कलश उठा की 6.5 किलोमीटर लंबी कलश यात्रा की अगुवाई





- धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन का गवाह बना झरिया
- रास्ते में लगाये गए थे दर्जनों स्टॉल, हर्ष सिंह ने संभाला मोर्चा
- 13 वर्ष हो गए कथा सुनाते पर पहली बार झरिया की दिव्य धरती पर आया हूं, इसके लिए रघुकुल परिवार को धन्यवाद : राजन जी महाराज

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** रघुकुल परिवार की ओर जियलगोड़ा के नेहरू स्टेडियम में आयोजित संगीतमय श्री राम कथा बुधवार से शुरू हो गया। तीन दिनों तक राजन जी महाराज की ओर से सुनाई जाने वाले श्री राम कथा के पहले दिन झरिया के राजा तालाब से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जो लक्ष्मनिया मोड़, बाटा मोड़, चार नंबर टैक्सी स्टैंड, इंदिरा चौक पहुंच सिंदरी रोड होते हुए 6.5 किलोमीटर लंबा सफर तय कर वापस जियलगोड़ा स्टेडियम पहुंचा। इस दौरान बैंड व डीजे पर बज रहे भक्तिधून से पूरा शहर राममय हो गया। इससे पहले झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने राजा तालाब घाट पर कलश पूजन किया। इसके बाद एक-एक कर महिलाओं व कन्याओं के सिर पर कलश रखे गए। कलश यात्रा में लगभग 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्तिथि दर्ज करा कर इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। झरिया के पुराने लोगों की मानें इससे पहले इतना भव्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति किसी धार्मिक आयोजन में कभी नहीं देखी गयी। वहीं, यात्रा के दौरान प्रभु श्री राम का फूलों से पूरी तरह भव्य रूप से सजाया गया था। दूसरे वाहन पर प्रभु श्री राम, भैया लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान जी की वेश भूषा लिए बच्चे सब का ध्यान आकर्षित कर रहे थे। दूसरी ओर महाराष्ट्र के ठाणे से आये ढोल-तासा पार्टी के ग्रुप ने सबका ध्यान खींचा।

### हर्ष सिंह ने की अगुवाई

झरिया से लेकर जियलगोड़ा स्टेडियम तक पूरे यात्रा के दौरान हर्ष सिंह मोर्चा संभाले नजर आये। कलश उठाई महिलाओं के बीच जाकर उनका हाल भी पूछते रहे। इसके अलावे अपने समर्थकों से यात्रा के आगे की व्यवस्था की जानकारी भी लेते रहे।

### पूर्णिमा ने कहा : धन्यवाद

कलश यात्रा अपने गंतत्व जियलगोड़ा स्टेडियम पहुंच सफल हुई तो झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज की खुशी देखते ही बन रही थी। कलश उठाये विधायक 6.5 किलोमीटर का पैदल सफर तय करने के बाद भी स्टेडियम में महिलाओं और युवतियों की सेवा में जुटी रहीं। उन्होंने कहा कि भगवान राम का नाम राजनीति से जुड़ा हुआ नहीं है। प्रभु राम सबके हैं। इसी भावना के साथ मैंने सभी को आमंत्रण दिया था। इस बात की खुशी है कि जितना सोंचा था उससे कहीं ज्यादा लोगों ने शिरकत की। मौके पर औरंगाबाद (बिहार) के सांसद सुशील सिंह की पत्नी आरती सिंह, विधायक सरयू राय, राम सुमन प्रसाद, नंदलाल अग्रवाल आदि थे।


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

56वीं औपबंधिक सूची
जिला– राँची (पार्ट–04)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :– बेड़ो थाना काण्ड संख्या–90/87 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी पंचु उराँव द्वारा उक्त काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित 200 अज्ञात की संख्या के आधार पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | | |
| 117. | 1. आवेदन क्र0–560/23<br>2. आवेदक– मंगु लकड़ा , पिता–स्व0 सकरा लकड़ा<br>3. ग्राम–जरिया नहर टोली , पोस्ट–जरिया , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 118. | 1. आवेदन क्र0–561/23<br>2. आवेदक–पीटर तिर्की , पिता–स्व0 सामेल तिर्की<br>3. ग्राम–हरिहरपुर जामटोली , पोस्ट–बेडो , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 119. | 1. आवेदन क्र0–562/23<br>2. आवेदक–चमरा उराँव , पिता–स्व0 सोमे उराँव<br>3. ग्राम–मुड़ामु , पोस्ट–बेडो , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 120. | 1. आवेदन क्र0–563/23<br>2. आवेदक–पुसगी उराईन , पति–ष्याम उराँव<br>3. ग्राम–टेरो , पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–महिला , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 121. | 1. आवेदन क्र0–564/23<br>2. आवेदक–ष्याम उराँव , पिता–ऐतवा उराँव<br>3. ग्राम–टेरो , पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 122. | 1. आवेदन क्र0–565/23<br>2. आवेदक–सोमर महली , पिता–गंगा महली<br>3. ग्राम–टेरो , पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 123. | 1. आवेदन क्र0–566/23<br>2. आवेदक–रूथ टोप्पो , पति–पासकल कुजूर<br>3. ग्राम–कराँजी जराटोली , पोस्ट–कराँजी , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–महिला , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 124. | 1. आवेदन क्र0–567/23<br>2. आवेदक–राजेन्द्र महतो , पिता–स्व0 फुलचन्द महतो<br>3. ग्राम–टेरो पाकलमेड़ी , पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 125. | 1. आवेदन क्र0–568/23<br>2. आवेदक–चरिया उराईन , पति–सुकरा उराँव<br>3. ग्राम–टेरो , पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–महिला , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 126. | 1. आवेदन क्र0–569/23<br>2. आवेदक–सुको उराँव , पति–स्व0 हलदेव उराँव<br>3. ग्राम–डुमरी , पोस्ट–नेहालू , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–महिला , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 127. | 1. आवेदन क्र0–570/23<br>2. आवेदक–बाना टाना भगत , पिता–भंडारी भगत<br>3. ग्राम–खकसी टोली , पोस्ट–बेडो , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 128. | 1. आवेदन क्र0–571/23<br>2. आवेदक–भीमसेन्ट लकडा , पिता–बिरसा उराँव<br>3. ग्राम–डुमरी , पोस्ट–नेहालू , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 129. | 1. आवेदन क्र0–572/23<br>2. आवेदक–सुखदेव उराँव , पिता–बिरसा उराँव<br>3. ग्राम–डुमरी , पोस्ट–नेहालू , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 130. | 1. आवेदन क्र0–573/23<br>2. आवेदक–पियुस तिग्गा , पिता–कुजा तिग्गा<br>3. ग्राम–कुदारखो , पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 131. | 1. आवेदन क्र0–574/23<br>2. आवेदक–कन्दी उराईन , पति–स्व0 बकषी उराँव<br>3. ग्राम–कुदारखो , पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–महिला , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 132. | 1. आवेदन क्र0–575/23<br>2. आवेदक–सूमरो मिंज , पति–विष्णु मिंज<br>3. ग्राम–कुदारखो , पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 133. | 1. आवेदन क्र0–576/23<br>2. आवेदक–मंगरी उराँव , पति–विष्णु उराँव<br>3. ग्राम–कुदारखो , पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–महिला , आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 134. | 1. आवेदन क्र0–577/23<br>2. आवेदक–घिना उराईन , पति–करमा उराँव<br>3. ग्राम–कुदारखो , पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–महिला , आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 135. | 1. आवेदन क्र0–578/23<br>2. आवेदक–बितनु उराँव , पिता–स्व0 ननका उराँव<br>3. ग्राम–तुको अम्बा टोली , पोस्ट–तुको , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 136. | 1. आवेदन क्र0–579/23<br>2. आवेदक–पोटो उराँव , पिता–स्व0 ननका उराँव<br>3. ग्राम–तुको अम्बा टोली , पोस्ट–तुको , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 137. | 1. आवेदन क्र0–580/23<br>2. आवेदक–कुवर मिंज , पिता–विष्णु मिंज<br>3. ग्राम–कुदारखो , पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 138. | 1. आवेदन क्र0–581/23<br>2. आवेदक–इन्द्रदेव बाड़ा , पिता–स्व0 साधो बाड़ा<br>3. ग्राम–घाघरा नदी टोली , पोस्ट–घाघरा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 139. | 1. आवेदन क्र0–582/23<br>2. आवेदक–सुचिता बाड़ा , पिता– इन्द्रदेव बाड़ा<br>3. ग्राम–घाघरा नदी टोली , पोस्ट–घाघरा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–महिला , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 140. | 1. आवेदन क्र0–583/23<br>2. आवेदक–विजय टोप्पो , पिता–स्व0 निरंजन टोप्पो<br>3. ग्राम–घाघरा नदी टोली , पोस्ट–घाघरा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 141. | 1. आवेदन क्र0–584/23<br>2. आवेदक–जीतराम उराँव , पिता–स्व0 हुसेन उराँव<br>3. ग्राम–घाघरा नदी टोली , पोस्ट–घाघरा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 142. | 1. आवेदन क्र0–585/23<br>2. आवेदक–बिरमा मिंज , पिता–बंधना मिंज<br>3. ग्राम–घाघरा नदी टोली , पोस्ट–घाघरा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 143. | 1. आवेदन क्र0–586/23<br>2. आवेदक–मलार मुण्डा , पिता–स्व0 पशुवा मुण्डा<br>3. ग्राम–सिझुवा , पोस्ट–घाघरा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 144. | 1. आवेदन क्र0–587/23<br>2. आवेदक–षिवनारायण उराँव , पिता–स्व0 सहदेव उराँव<br>3. ग्राम–सिझुवा , पोस्ट–घाघरा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 145. | 1. आवेदन क्र0–588/23<br>2. आवेदक–मंगरा उराँव , पिता–स्व0 फुकू उराँव<br>3. ग्राम–कुकडे जोभी टोला , पोस्ट–हातु घाघरा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 146. | 1. आवेदन क्र0–589/23<br>2. आवेदक–लगना उराँव , पिता–जट्टा उराँव<br>3. ग्राम–नगड़ी टोला , पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 147. | 1. आवेदन क्र0–590/23<br>2. आवेदक–परना उराँव , पिता–बंदे उराँव<br>3. ग्राम–टेरो , पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 148. | 1. आवेदन क्र0–591/23<br>2. आवेदक–बुधराम उराँव , पिता–मंगरा उराँव<br>3. ग्राम–टेरो , पोस्ट–खत्री खटंगा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 149. | 1. आवेदन क्र0–592/23<br>2. आवेदक–सुबोध उराँव , पिता–रतनु उराँव<br>3. ग्राम–घाघरा नदी टोली , पोस्ट–घाघरा , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 150. | 1. आवेदन क्र0–593/23<br>2. आवेदक–हालु उराँव , पिता–काषी उराँव<br>3. ग्राम–कुदरखो , पोस्ट–टेरो , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 151. | 1. आवेदन क्र0–594/23<br>2. आवेदक–अरविन्द तिग्गा , पिता–स्व0 भदवा उराँव<br>3. ग्राम–टेंगरिया , पोस्ट–टेरो , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 152. | 1. आवेदन क्र0–595/23<br>2. आवेदक–सुकी उराईन , पति–स्व0 सोहराई उराँव<br>3. ग्राम–तुको , पोस्ट–तुको , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–महिला , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 153. | 1. आवेदन क्र0–596/23<br>2. आवेदक–विष्णु तिर्की , पिता–सोमरा तिर्की<br>3. ग्राम–डांड़कंडरिया , पोस्ट–टेरो , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 154. | 1. आवेदन क्र0–597/23<br>2. आवेदक–पौलिना बेक , पति–स्व0 इलियाजर खेस्स<br>3. ग्राम–इडरी , पोस्ट–टेरो , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 155. | 1. आवेदन क्र0–598/23<br>2. आवेदक–दुर्गा महली , पिता–स्व0 एतवा महली<br>3. ग्राम–टेरो , पोस्ट–टेरो , थाना–बेडो , प्रखण्ड–बेडो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाषित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवष्यक है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 309817 Home (23-24)_D

## न्यूज रील्स

### मैं लिख कर दे रहा हूं कि मोदी की सरकार नहीं आयेगी: राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 14 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का इंटरव्यू किया। इस बातचीत में राहुल ने सत्यपाल मलिक से मणिपुर में हिंसा, पुलवामा हमला, किसान आंदोलन और जातिगत जनगणना समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। मलिक ने राहुल से कहा कि चुनाव में सिर्फ छह महीने रह गये हैं। मैं लिखकर दे रहा हूं कि अब मोदी सरकार नहीं आयेगी।

### गुजरात हाइकोर्ट के एक जज ने दूसरे से माफी मांगी

**अहमदाबाद।** बीते सोमवार को गुजरात हाइकोर्ट में लाइव सुनवाई के दौरान आपस में भिड़ने के मामले में बुधवार को सीनियर जज ने जूनियर जज से माफी मांग ली है। जूनियर जस्टिस मोना भट्ट से माफी मांगते हुए सीनियर जज बीरेन वैष्णव ने कहा कि सोमवार को जो हुआ, वह नहीं होना चाहिए था। मैं गलत था और इसके लिए सॉरी बोलता हूं।

### प्रधानमंत्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में होंगे शामिल

# खुद को धन्य महसूस कर रहा, ये मेरा सौभाग्य: मोदी

- अयोध्या में 22 जनवरी-24 को कार्यक्रम होगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्यों चंपत राय, नृपेन्द्र मिश्रा और उडीपी के शंकराचार्य गोविंद गिरी महाराज ने बुधवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात करके उन्हें निमंत्रण दिया। जिसे उन्होंने ने स्वीकार कर लिया और कार्यक्रम में आने की हामी भर दी। चंपत राय ने एक्स पर वीडियो भी पोस्ट किया है। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी 2024 को दोपहर 12.30 बजे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा।



### 10 दिन चलेगा उत्सव कार्यक्रम

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा की जिम्मेदारी साधु-संत निभाएंगे। उत्सव कार्यक्रम 10 दिन चलेगा। मंदिर बनने के बाद एक से डेढ़ लाख भक्त हर दिन भगवान राम के दर्शन कर सकेंगे। हर भक्त को गर्भगृह में भगवान के दर्शन के लिए 20 से 30 सेकेंड का समय मिलेगा।

### आज का दिन भावनाओं से भरा

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि जय सियाराम! आज का दिन बहुत भावनाओं से भरा हुआ है। अभी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी मुझसे मेरे निवास स्थान पर मिलने आये थे। उन्होंने मुझे श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या आने के लिए निमंत्रित किया है। मैं खुद को बहुत धन्य महसूस कर रहा हूं। ये मेरा सौभाग्य है कि अपने जीवनकाल में, मैं इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनूंगा।**

# नवीन पटनायक के पूर्व निजी सचिव ओड़िशा सरकार में बने कैबिनेट मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के पूर्व निजी सचिव को अब उनके कैबिनेट में जगह मिल गयी है। वीआरएस मिलते ही आइएएस वीके पांडियन को ओड़िशा कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिल गया है। उन्होंने एक दिन पहले मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के निजी सचिव के रूप में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली थी। अब उनको ओडिशा कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिला है। वीके पांडियन ने अचानक से वीआरएस ले लिया और उनके इस आवेदन को केंद्र ने स्वीकार भी कर लिया था, तभी से ये अटकलें लगायी जा रही थीं कि वह राजनीति में एंट्री कर सकते हैं। अब उनको ओड़िशा कैबिनेट मंत्री का दर्जा दे दिया गया है।

**ओड़िशा के कैबिनेट मंत्री बने वीके पांडियन :** वीके पंडियन ने एक दिन पहले स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए आवेदन किया था। इसके एक दिन बाद ही उनको राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। ओड़िशा के सामान्य प्रशासन और लोक शिकायत विभाग द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि आईएएस अधिकारी को राज्य सरकार की 5टी (परिवर्तन पहल) और नवीन ओडिशा योजना का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनको कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है.न्यूज एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, सत्तारूढ़ बीजेडी के सूत्रों ने कहा था कि वीके पांडियन पार्टी में शामिल हो सकते हैं और अगले साल के विधानसभा चुनाव से पहले उन्हें बड़ी भूमिका दिए जाने की संभावना है।

### 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' समिति की हुई बैठक

# देश में एक साथ चुनाव कराने के रोडमैप पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' समिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद भी मौजूद थे। बैठक दिल्ली के जोधपुर हॉस्टल में हुई। विधि आयोग की अध्यक्ष न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी ने कुछ सदस्यों के साथ देश में एक साथ चुनाव कराने के रोडमैप पर चर्चा के लिए उच्चस्तरीय समिति से मुलाकात की। पैनल ने देश में एक साथ चुनाव कैसे कराये जा सकते हैं? इस पर विचार के लिए विधि आयोग को आमंत्रित किया था।

समिति ने हाल ही में अपनी पहली बैठक में राजनीतिक दलों के विचार जानने का फैसला किया था। अब उन्हें देश में एक साथ चुनाव कराने पर उनके विचार जानने के लिए पत्र लिखा गया है। सूत्रों के मुताबिक, पार्टियों से परस्पर सहमत तिथि पर बातचीत करने को कहा गया है। पार्टियों को अगले तीन महीनों में अपने विचार लिखित रूप में भेजने का विकल्प भी दिया गया है। सूत्रों के मुताबिकविधि आयोग कार्यकाल को बढ़ाकर या घटाकर सभी विधानसभा चुनावों को एक साथ कराने के फॉमूर्ले पर काम कर रहा है, ताकि ये चुनाव 2029 के लोकसभा चुनावों के साथ ही कराये जा सकें। आयोग लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक आम मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र भी तैयार कर रहा है, ताकि लागत और जनशक्ति के उपयोग को कम किया जा सके।

# ओड़िशा में 24 घंटों में 15 मिमी हुई बारिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव का क्षेत्र सोमवार शाम को चक्रवात में तब्दील हो गया। हालांकि, इसका भारतीय तट पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा. भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। इस चक्रवाती तूफान को ह्यहामून' नाम से जाना जायेगा जो ईरान ने दिया है। आइएमडी ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव का क्षेत्र पिछले छह घंटों के दौरान 14 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर की ओर बढ़ा और चक्रवाती तूफान में तब्दील हो गया।

आइएमडी ने बताया कि शाम 5.30 बजे, कम दबाव की यह प्रणाली ओडिशा के पारादीप तट से लगभग 230 किमी दूर, पश्चिम बंगाल के दीघा से 360 किमी दक्षिण में और बांग्लादेश में खेपुपारा से 510 किमी दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में अवस्थित थी। आइएमडी ने बताया कि अगले 12 घंटों के दौरान उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के ऊपर इसके एक तीव्र चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। इस प्रणाली के गहरे दबाव के रूप में 25 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे के आसपास खेपुपारा और चटगांव के बीच बांग्लादेश तट को पार करने की संभावना है। इस बीच, ओडिशा सरकार ने सभी जिलाधिकारियों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है। उसने भारी बारिश होने की सूरत में प्रशासन से निचले इलाकों से लोगों को निकालने को भी कहा है।

मौसम वैज्ञानिक यूएस दास ने कहा कि यह प्रणाली (चक्रवात) ओडिशा तट से करीब 200 किलोमीटर दूर समुद्र में बढ़ेगी।

# चीनी वैज्ञानिकों ने आठ नये वायरस की खोज की

- इंसानों को कर सकते हैं संक्रमित

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कई सालों तक दुनियाभर में कहर बरपाने वाले कोरोना वायरस के बारे में कहा जाता है कि वह चीन से ही फैला था। वुहान की एक लैब में भी इसके बनाये जाने की थ्योरी सामने आती रहती है। अभी पूरी तरह से कोरोना पर काबू भी नहीं पाया जा सका है, इस बीच आठ नये वायरस की खोज हुई है। चीन के वैज्ञानिकों की एक टीम ने एक द्वीप पर आठ नये वायरस ढूंढे हैं और उन्हें डर है कि वे मनुष्यों में फैल सकते हैं। महामारी को लेकर शोध कर रहे रिसर्चर्स ने चीनी द्वीप हैनान पर 700 सैम्पल्स लिये। अपनी रिसर्च के दौरान उन्हें आठ नये वायरस मिले, जिनमें से एक कोरोना वायरस के समान परिवार से था। 'मेलऑनलाइन' की रिपोर्ट के अनुसार, स्टडी में 2017 और 2021 के बीच चार साल की अवधि में द्वीप पर पकड़े गये कई अलग-अलग चूहों के गुदा और गले से 682 सैंपल्स लिये गये। फिर इन नमूनों को प्रयोगशालाओं में भेजा गया और जांच की गयी।



विश्लेषण में कई नये और कभी न देखे गये वायरस सामने आये। इनमें से एक नया कोरोना वायरस है, जिसे अब सीओवी-एचएमयू-1 नाम दिया गया है। हालांकि, कोरोनो वायरस चिंता का एकमात्र कारण नहीं है। अन्य रोगों में दो नये पेस्टी वायरस शामिल हैं, जो पीले बुखार और डेंगू से संबंधित हैं। एक एस्टो वायरस था, जो पेट में कीड़े जैसे संक्रमण का कारण बनता है, पारवो वायरस की एक जोड़ी, जो फ्लू का कारण बनती है, और अन्य दो पेपिलोमावायरस थे, जो जननांग मस्से और कैंसर का कारण बनते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, यदि रोगजनक कभी भी प्रजाति की बाधा को पार कर जाते हैं, तो उनके लोगों को संक्रमित करने की उच्च संभावना होती है। विशेषज्ञों ने यह जानने के लिए आगे के प्रयोगों का आह्वान किया है कि वे मानवता को कैसे प्रभावित कर सकते हैं। विरोलोगिका सिनिका, वह पत्रिका जिसमें निष्कर्ष प्रकाशित किये गये थे। चीन एसोसिएशन ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी से जुड़ा हुआ है। इस संगठन की देखरेख बीजिंग के नागरिक मामलों के मंत्रालय द्वारा की जाती है।


































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**